दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 256 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 09 अक्टूबर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए+st ■ पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल सरकार की सक्रियता से कई लोगों की जान बची, भीषण हादसे होते-होते बचे

**मंगलवार की रात अजमेर रोड पर हुई हादसे के बाद भजनलाल सरकार के एक्टिव रहने से पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने तुरंत संभाला मोर्चा इलाके के लोगों को किया अलर्ट**







## ट्रैफिक को रोक दिया गया, आग बुझाने के युद्ध स्तर पर तुरंत प्रयास शुरू किए गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** यह बिल्कुल पक्का था अगर मंगलवार की रात अजमेर रोड पर मोजमाबाद के पास हुए हादसे को लेकर अगर सरकार पुलिस और प्रशासन की ओर से थोड़ी सी भी लापरवाही और देरी होती तो इलाके में व्यापक तौर पर जान और माल का नुकसान हो सकता था लेकिन बीती रात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा ने इस हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद जो सक्रियता दिखाई उसकी वजह से प्रशासन और पुलिस के सभी बड़े अधिकारी तुरंत ही मौके पर पहुंचे और हाथों-हाथ कुछ ही मिनट में कई बड़े निर्णय लिए पुलिस ने तुरंत ट्रैफिक को रोक दिया तुरंत अलग-अलग स्थान से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची तुरंत ही इलाके में चारों ओर पुलिस की ओर से सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा खुद मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ मौके पर खड़ा होकर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि इलाके में रहने वाले लोगों को किसी भी तरह के जान माल और पशु का नुकसान ना हो । एक तरफ कई फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किया तो दूसरी तरफ पुलिस और प्रशासन की टीम आसपास के इलाके में सायरन बजाकर लोगों को सावधानी बरतने के अपील कर रहे थे इसके अलावा हाथों-हाथ ही दोनों तरफ का ट्रैफिक रोक दिया गया हालांकि ट्रैफिक रोकने से कई किलोमीटर तक जाम जरूर लग रहा लेकिन अगर ट्रैफिक को नहीं रोका जाता तो अग्नि की लपटों से कई वाहन जलकर राख हो सकते थे लेकिन पुलिस ने तुरंत ही ट्रैफिक को रोका जिसकी वजह से जो जहां था वहीं पर रुक गया जिसकी वजह से यह हादसा और विकराल रूप धारण नहीं कर पाया अन्यथा जिस तरह से 500 मीटर दूरी तक गैस सिलेंडर छल-उछलकर गिर रहे थे और कई किलोमीटर तक आज की लपटों को आसमान में देखा जा रहा था और आगे की लपटे गुब्बारे के रूप में आसमान में नजर आ रही थी इस तरह का विकराल नजारा देखकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के चेहरे पर भी घबराहट और चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही थी लेकिन पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने कठिन और विपरीत परिस्थितियों में मोर्चा संभाले रखा और जब तक हालात सामान्य नहीं हुई तब तक उन्होंने वहां पर खुद खड़े रहे उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा खुद मंगलवार की पूरी रात वहां रोड पर डटे रहे इलाके के लोगों का भी कहना है कि बीती रात जो मंजर उन्होंने अपनी आंखों से देखा वह मंजर देखकर उन्हें अपने जान माल और पशु की काफी चिंता होने लगी थी क्योंकि जिस ट्रक में सिलेंडर भरे हुए थे सिलेंडर से भरे हुए ट्रक में आग लगने की वजह से सिलेंडर से उठने वाली अग्नि की लपटे गुब्बारे की तरह आसमान में उड़ रही थी जिन्हें देखकर लोग घबरा रहे थे सिलेंडर भी 500 मीटर तक उछल-उछल कर गिर रहे थे जिसकी वजह से इलाके के लोग भी रात भर जागते रहे और एक दूसरे का हाल पूछते रहे प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी आसपास के इलाके के गांव और कॉलोनी में घूम फिर कर लोगों को अलर्ट रहने की हिदायत दे रहे थे और उन्हें स्थिति से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से अपने स्तर पर भी अलर्ट रहने को कहा जा रहा था इसलिए इलाके के लोग भी पहले से ही पूरी तैयारी के साथ मोर्चा संभाले रहे इन सब सजगता से ही बीती रात जो हादसा हुआ वह ज्यादा विकराल रूप नहीं ले पाया अन्यथा आसपास के इलाके में जगह-जगह जलजला देखने को मिल सकता था कई वाहनों में आज भी लग सकती थी व्यापक तौर पर नुकसान हो सकता था लेकिन सरकार की सक्रियता पुलिस और प्रशासन के तुरंत एक्टिव होने से जान माल का नुकसान होने से बच गया हालांकि हादसे में एक व्यक्ति जिंदा जल गया है और चार व्यक्तियों का अस्पताल में उपचार जारी है ।

## भारत में 1- जीबी डाटा की कीमत एक कप चाय से भी कम : नरेंद्र मोदी





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के 9वा संस्करण का उद्घाटन किया यह भव्य आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक नई दिल्ली में यशोभूमि में आयोजित किया जा रहा है यह एशिया के सबसे बड़े प्रौद्योगिकी और नवाचार आयोजनों में से एक माना जाता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में सस्ती डाटा कीमतों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां 1 जीबी डाटाकी कीमत एक कप चाय से भी कम है इस बार इन्नोवेट तू ट्रांसफॉर्म को थीम रखा गया है जो भारत की डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन और नवाचार के जरिए सोशल डेवलपमेंट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है इवेंट का फोकस टेलीकॉम और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी है कार्यक्रम में दुनिया भर से बिजनेस एक्सपर्ट, पॉलिसी मेकर्स और टेक इन्नोवेटर हिस्सा लेंगे इसमें ऑप्टिकल कम्युनिकेशन सेमी कंडक्टर क्वांटम कम्युनिकेशन 6 जी और फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होनी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि हम सिर्फ तकनीकी संस्थानों और स्टार्टअप्स के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं देश ने 2 जी की समस्याओं से लेकर अब हर कोने में 5 जी की कवरेज तक का लंबा सफर तय किया है 2014 के बाद से मोबाइल फोन निर्माण 28 गुना बढ़ोतरी हुई है और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन 6 गुना बढ़ गया है इसके अलावा मोबाइल निर्यात में 127 गुना की वृद्धि हुई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक लाख टावरों की स्थापना ने भारत की बुनियादी ढांचे की क्षमता को दुनिया भर में दिखाया है उन्होंने कहा कि भारत के स्वदेशी 4 जी के लॉन्च को तकनीकी विकास में एक बड़ा कदम बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों की प्रगति को याद करते हुए कहा कि भारत के तेजी से हो रहे डिजिटल और तकनीकी बदलाव को समर्थन देने के लिए एक आधुनिक कानूनी ढांचे का होना बहुत जरूरी है कार्यक्रम में टेलिकॉम मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जैसे आजादी से पहले चरखा स्वराजका प्रतीक था ठीक उसी तरह आज सेमीकंडक्टर चिप है हम सेल्फ रिलायंस से सेल्फ इनोवेशन की ओर बढ़ रहे हैं आत्मनिर्भर भारत से वह दिन दूर नहीं जब दुनिया कहेगी कि आज हम भारत पर निर्भर हैं उन्होंने बताया कि मोबाइल डाटा की लागत बीते कुछ सालों में 98 प्रतिशत तक कम हुई है दुनिया के करीब 20 देश भारत के डीपीआर मॉडल को अपनाने के लिए तैयार हैं ।

# प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत : भजनलाल शर्मा

**सूरत में मुख्यमंत्री ने हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार देने की घोषणा की**




## राजस्थान को जेम्स एंड ज्वैलरी हब बनाने की भी अपील की, राइजिंग राजस्थान के 7 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट धरातल पर उतरे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सूरत में प्रवासी राजस्थानियों से संवाद के दौरान कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने पूरे देश में अलग-अलग राज्यों में अपनी प्रतिभा और कार्यों की छाप छोड़कर राजस्थान का नाम ऊंचा किया है उन्होंने कहा कि देश में एक भी ऐसा राज्य नहीं है जहां पर राजस्थान के लोगों ने खुद को साबित नहीं किया हो उन्होंने कहा की राजधानियां ने साबित नहीं किया हो उन्होंने कहा की प्रवासी राजस्थानियों ने अपनी मेहनत लगन ईमानदारी से हर स्टेट में झंडा गड़ा है इसलिए प्रवासी राजस्थानियों का प्रदर्शन और उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सूरत में प्रवासी राजस्थानियों से आग्रह किया कि वह अपनी कर्मभूमि सूरत के साथ-साथ अपनी जन्मभूमि राजस्थान के लिए भी कार्य करें क्योंकि राजस्थान की माटी उन्हें पुकार रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था देश की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और राजस्थान में ऊर्जा, पानी, सड़क, परिवहन इत्यादि क्षेत्रों में जोरदार सुधार हुआ है इसके अलावा सरकार ने निवेशकों के लिए कई तरह की विशेष सुविधा और कई तरह की योजनाएं बनाई है जिनसे उन्हें राजस्थान में नया उपक्रम खोलने और निवेश करने में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से उनका हर मामले में सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में सूरत में प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान को जेम्स एंड ज्वैलरी हब बनाने राजस्थान में निवेश करने की पुरजोर अपील की और उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान सरकार हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार भी वितरित करेगी मुख्यमंत्री शर्मा ने आगामी 10 दिसंबर को जयपुर में प्रवासी राजस्थान दिवस मनाए जाने की बात भी प्रवासी राजस्थानियों से कहीं और उन्हें इसके लिए इस कार्यक्रम में आने का न्योता भी दिया।मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गुजरात और राजस्थान का संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है बल्कि दोनों राज्यों के बीच रत्न एवं आभूषण फार्मा ,वस्त्र उद्योग राज्य में प्रस्तावित पेट्रोकेमिकल कंपलेक्स जैसे क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग के साथ-साथ सांस्कृतिक सामाजिक की भी अपार संभावनाएं हैं उन्होंने कहा कि सूरत और राजस्थान उद्यमिता सृजनशीलता और धैर्य की सजा भावना से जुड़े हैं सूरत हीरे की कटाई और सिंथेटिक टेक्सटाइल के लिए विश्व प्रसिद्ध है वहीं राजस्थान रंगीन पत्रों, कुंदन मीनाकारी, वस्त्र और रतन के लिए जाना जाता है उन्होंने कहा कि हमें मिलकर राजस्थान को विश्व का जेम्स एंड ज्वैलरी हब बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए मुख्यमंत्री शर्मा ने 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस में प्रवासी राजस्थानियों को बड़ी संख्या में भाग लेने का आमंत्रण दिया उन्होंने कहा कि देश के बड़े उद्योगपतियों में प्रवासी राजस्थानी शामिल हैं जो हमारे गौरव का प्रतीक है उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा जिसके अंतर्गत विज्ञान व्यवसाय , खेल, साहित्य, सिनेमा ,संगीत और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया जाएगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में दिसंबर में पेट्रोल केमिकल रिफाइनरी की शुरुआत करने जा रही है इसके साथ ही हमारी सरकार निवेशकों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स फॉर डाटा सेंटर स्थापित करने में हर संभव सहयोग देगी उन्होंने उद्योगों को और निवेश को को आईटी फार्मा टेक्सटाइल्स जेम्स एंड ज्वेलरी ऊर्जा पेट्रोकेमिकल पर्यटन और खनन जैसे क्षेत्रों में निवेश करने का आमंत्रण दिया उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानी के साथ संबंध मजबूत करने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार किया है वर्तमान में राजस्थान फाउंडेशन के 26 चैप्टर देश और विदेश में सक्रिय हैं यह चैप्टर प्रवासी राजस्थानी समुदाय के साथ सार्थक संवाद सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित कर रहे हैं सूरत में प्रवासी राजस्थानियों से संवाद के दौरान प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि हमारी सरकार ने राजस्थान में निवेशक अनुकूल वातावरण तैयार किया है और उद्योग के लिए नए अवसर खोले हैं शोर और पवन ऊर्जा की विशाल क्षमता मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रगतिशील नीतियों के कारण राजस्थान अब भारत के बड़े स्थापित निवेश स्थलों में से एक के रूप में उभर रहा है ।

## 7 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट धरातल पर उतरे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को और सुधार करने के उद्देश्य से एक समर्पित विभाग भी स्थापित करने जा रही है इस पहल का उद्देश्य राजस्थान के वैश्विक प्रवासी समुदाय को राज्य के विकास में सहभागी बनाना है और विकसित राजस्थान 2047के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है उन्होंने कहा कि राजस्थान 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है राज्य सरकार के प्रयासों से राजस्थान देश के सबसे अधिक निवेश अनुकूल और प्रगतिशील राज्यों में शामिल हुआ है उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट के दौरान हुए 35 लाख करोड रुपए के समझौता में से 7 लाख करोड रुपए के प्रोजेक्ट धरातल पर उतर चुके हैं।

## निवेशकों को मिली 1400 करोड रुपए से अधिक की सब्सिडी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सूरत में प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि सरकार ने 20 से अधिक नई नीतियां लागू तथा संशोधित की है जिससे एक प्रगतिशील व्यापारिक व्यापारिक पारिस्थितिक तंत्र तैयार हुआ है उन्होंने कहा कि राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन 2024 के तहत पिछले डेढ़ साल में 1400 करोड रुपए से अधिक की सब्सिडी निवेश को दी गई है जिससे निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं उन्होंने कहा कि इन पहलुओं ने राजस्थान में उद्योग स्थापित करना और निवेश करना न केवल पहले से अधिक आसान बना दिया है बल्कि नवाचार आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के अनेक नए द्वार भी खोले हैं ।

## प्रवासी राजस्थानियों का हुआ सम्मान राजस्थान फाउंडेशन का ब्रोशरजारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सूरत में आयोजित प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्रवासी राजस्थानी समुदाय की सामूहिक शक्ति सेवा भावना और राजस्थान के समृद्ध विरासत का प्रतीक है साथ ही उन्होंने राजस्थान फाउंडेशन का ब्रोशर भी जारी किया जिसमें फाउंडेशन के उद्देश्य संरचना और देश-विदेश में संचालित विभिन्न चैप्टर का विवरण शामिल है यह ब्राउज़र प्रवासी राजस्थानियों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में तैयार किया गया है ताकि वह अपनी जड़ों से जुड़े रहें और राज्य के विकास में योगदान दे सकें उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से आवाहन किया कि वे राजस्थान में उपलब्ध निवेश अवसरों में भागीदारी बने और विकसित राजस्थान के निर्माण में अपना योगदान दें ।




## 10 दिसंबर को जयपुर में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह

राजधानी जयपुर में 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह मनाया जाएगा जिसका उद्देश्य अपनी वैश्विक प्रवासी समुदाय से जुड़ाव को सशक्त करना है उद्योग विभाग और राजस्थान फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाता है और राज्य सरकार के साथ सहयोग निवेश और सांस्कृतिक जुड़ाव के नए मार्ग खोलना है ।

## प्रवासी राजस्थानियों का जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय योगदान

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थानी समुदाय ने जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से राज्य सरकार की योजनाओं जैसे पंचायत समिति नंदी शाला, जन सहभागिता योजना, भामाशाह योजना, ज्ञान संकल्प पोर्टल तथा सरकारी कॉलेज, अस्पतालों और विद्यालयों के नामकरण जैसे पहलू में योगदान देने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि आपकी सक्रियता भागीदारी और सहयोग से हम राज्य के अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन ला सकते हैं और आधारभूत संरचना को सशक्त बना सकते हैं ।

## माधोगढ़ ग्राम में पेयजल आपूर्ति ठप

### ग्रामीण परेशान , ज्ञापन देने पहुँचे



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)** ग्राम पंचायत पलवा के (माधोगढ़ ) गाव में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा संचालित पेयजल टैंकर सेवा भी बंद पड़ी है और स्थानीय हैंडपंप तथा नलकूप भी खराब हो चुके हैं ग्रामीणों ने बताया कि मजबूरी में 2-3 किलोमीटर दूर से महिलाएं व बच्चे पानी लाने को विवश हैं। इस संबंध में ग्रामवासियों ने 18 जून 2025 को जिला प्रशासन को शिकायत दी थी, जिसके बाद उपखंड अधिकारी राजगढ़ ने 27 अगस्त को जांच कर जलदाय विभाग को पेयजल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करवाने और संबंधित विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## यूआईटी के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई




जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा गुरुवार को अग्रसेन चौराहा से संत निरंकारी भवन तक 160 फिट रोड के प्रमुख मार्ग व आसपास साइकिल ट्रेक सर्विस रोड पर अवैध रूप से खोखा, थडी, रेहडी, टीनशेड इत्यादि लगाकर किये गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की गई। वहीं लोगों से पुन अतिक्रमण नहीं किये जाने हेतु समझाइश भी की गई। इस दौरान यूआईटी के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## भामाशाह सुनील-लक्ष्मी शर्मा ने विद्यालय के विद्यार्थियों को नि:शुल्क बैग वितरित किए



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** देवती पीईईओ अन्तर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामसिंहपुरा में भामाशाह सुनील कुमार शर्मा व उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी शर्मा द्वारा सभी 100 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र प्रसाद तिवाड़ी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक पीईईओ किशोरीलाल कोली व व्याख्याता तोताराम गुर्जर रहे राज्य स्तरीय शिक्षक ब्रजमोहन मीना ने बताया कि भामाशाह दंपती ने पूर्व में अपने माता-पिता की स्मृति में विद्यालय में मां सरस्वती मंदिर का निर्माण कराया था। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में वाटर कूलर, मुख्य द्वार व सीसीटीवी कैमरे लगाने की घोषणा की। विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर भामाशाह दंपती का सम्मान किया।

## प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों पर ट्रैकिंग करके सीख रहे हैं टीम नेतृत्व की क्षमता

जयपुर टाइम्स

**(नि.सं.)**पंचायत समिति क्षेत्र के राजस्थान ट्रैकिंग-।।। कैंप का आयोजन एकलव्य मॉडल स्कूल मल्लाना में किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी सोनल ने बताया कि कैंप के तीसरे दिन केडेट्स को बेहतर समन्वय, अनुशासन और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अल्फा, ब्रावो, चार्ली और डेल्टा समूह



बनाएं गये है। बुधवार को ग्रुप अल्फा ने मल्लाना डैम का भ्रमण किया। इसमें ग्रुप में 146 कैडेट्स शामिल हैं। समूह का नेतृत्व में एएनओ सुमन, जितेंद्र शेखावत तथा सीटीओ सपना ने किया। इनके साथ ईएसएम सैंट्रो और ईएसएम पृथ्वी भी रहे। कैडेट्स ने जल संरक्षण के महत्व को समझा तथा डैम की संरचना और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रुप ब्रावो ने भैरवनाथ मंदिर की ट्रैकिंग की। इस दल का नेतृत्व एएनओ सरस्वती, एएनओ सोनल और एएनओ कुम्भाराम ने किया। साथ में ईएसएम राजेश और ईएसएम मुकेश थे। कैडेट्स ने पर्वतीय मार्ग की सुंदरता का आनंद लिया और मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता को जाना। ग्रुप चार्ली में 101 कैडेट्स शामिल हुए। ग्रुप ने नीलकंठ महादेव मंदिर की यात्रा की। इस समूह का नेतृत्व एएनओ अमित, एएनओ शेर सिंह और सीटीओ भूपेन्द्र ने किया, जिनकी सहायता ईएसएम विक्रम सिंह और ईएसएम हवा सिंह ने की। कठिन मार्ग होने के बावजूद कैडेट्स ने उत्कृष्ट अनुशासन, दृढ़ता और टीम भावना का प्रदर्शन किया। ग्रुप डेल्टा में 121 कैडेट्स शामिल थे, जिन्होंने प्रशर धाम की ट्रैकिंग की। इस समूह का मार्गदर्शन एएनओ नारायण सिंह, एएनओ बी.एल. नागदा और एएनओ दिलीप सिंह ने किया, साथ में ईएसएम दिलीप और ईएसएम देवेंद्र भी मौजूद रहे। यह यात्रा धार्मिक व साहसिक दोनों दृष्टियों से प्रेरणादायक रही।

# सेवा सप्ताह के तीसरे दिन ओसवाल पब्लिक स्कूल में हुआ पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** 'सेवा सप्ताह' के तीसरे दिन बुधवार को श्री ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह आयोजन डायरेक्टर विनोद शर्मा एवं प्रिंसिपल रेखा मिश्रा के सानिध्य में हुआ। प्रतियोगिता में ओसवाल पब्लिक स्कूल के तीन वर्गों में 6, 7, 9 तीनों कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तीनो वर्गों में तकरीबन 76 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को ड्राइंगशीट, पेंसिल, रबर लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा उपलब्ध करवाए गए। वहीं प्रतियोगिता के अंत में सभी बच्चो को फल सेव एवं बिस्किट प्रदान किए गए। लायंस क्लब इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 9 जोन 4 क्लब सं या



095645 की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बच्चो को लायंस इंटरनेशनल के कार्यो की संक्षिप्त जानकारी देते हुए पीस पोस्टर प्रतियोगिता (थीम-एक साथ हम) से स बंधित बहुत महत्वपूर्ण जानकारियों के पश्चात् अपने उद्बोधन में सफाई पर बच्चो से बहुत देर तक बात करी तथा घर परिवार के बुजुर्गो, माता-पिता, भाई-बहन, आस-पडोसियों को कचरा ना फैलाकर सफाई अभियान आजीवन चलाने को प्रेरित किया। स्वच्छ अलवर, स्वस्थ अलवर का सन्देश देते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता की एवं दीपावली की अग्रीम शुभकामनाएं दी एवं साथ ही दीपावली पर पटाखों को उपयोग ना करने की हिदायत दी ताकि वातावरण दूषित ना हो। कार्यक्रम के प्रारंभ में ओसवाल स्कूल के निदेशक विनोद शर्मा एवं प्रिंसिपल रेखा मिश्रा ने लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया, साथ ही विश्व शांति के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चो को प्रदान की। कार्यक्रम मुख्य संयोजक लायन रूपेश गुप्ता ने स्कूल के अध्यक्ष, डायरेक्टर, प्रिंसिपल तथा सहयोगी अध्यापिकाओ को धन्यवाद प्रदान किया तथा सभी को लायंस क्लब इंटरनेशनल एवं सेवा सप्ताह के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने पीस पोस्टर प्रतियोगिता के उद्देश्य से भी सभी को अवगत करवाया। सभी ग्रुप में प्रथम, दूसरे, तीसरे तथा 2-2 सांत्वना पुरूस्कार में विजेताओ को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ओसवाल पब्लिक स्कूल से निदेशक विनोद शर्मा, प्रिंसिपल रेखा मिश्रा, अध्यापिकाओ में एक्टिविटी इंचार्ज श्वेता जैन, सुषमा शर्मा, आरती गाँधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सहयोग दिया। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक लायन रुपेश गुप्ता, लायन घनश्याम अग्रवाल, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन गोविन्द गोयल, लायन महेश धानावत, लायन शकुन्तला धानावत, लायन अतुल गुप्ता, लायन पियूष गर्ग सहित बडी संख्या में लायंस मे बर्स ने भाग लिया।

## मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करीब 430 लीटर मिलावटी एवं दूषित दूध कराया नष्ट

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(नि.सं.)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय जयपुर डॉ टी शुभमंगला आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजस्थान के दिशा निर्देश में प्रदेश भर में दीपावली त्यौहार को देखते हुए चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिला खैरथल तिजारा में दिनांक 8 अक्टूबर 2025 वार बुधवार को जिला कलेक्टर किशोर कुमार के दिशा निर्देश में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ग्राम तेहडकी पोस्ट गोपीपुरा तहसील मुंडावर मैं दूध की दो डेयरी में पर कार्रवाई की गई। मैसर्स धर्मवीर डेयरी धर्मवीर पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम तेहडकी उम्र 32 वर्ष और मैसर्स रमेश डेयरी रमेश कुमार पुत्र कबूल सिंह पर विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया कि मैसर्स धर्मवीर डेयरी पर छापे के दौरान मौके पर एसएफ पाउडर, पाम और रिफाइंड ऑयल, देसी घी हेरिटेज डेरी और मिल्क पाउडर, मिक्सर ग्राइंडर बरामद हुए। मौके पर पूछताछ में पता चला कि डेरी संचालक काफी दिनों से इन सब चीजों को मिलाकर मिलावटी दूध बनाकर खैरथल और सोडावास में सप्लाई कर रहा था मौके पर टीम द्वारा मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन पर दूध की जांच की जिसमें प्रारंभिक मिलावट की पुष्टि हुई।



मिलावट की पुष्टि होने के पश्चात टीम द्वारा मौके पर करीब 10 कैनो में रखे 430 लीटर मिलावटी एवं दूषित दूध को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। दूसरी डेरी संचालक में मैसर्स रमेश कुमार की डेरी पर जांच के दौरान साफ सफाई एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की पालना ना होना पाई गई। डेयरी संचालक को 15 दिवसीय इंप्रूवमेंट नोटिस देकर मौके पर बरामद दूध का लीगल सैंपल लेकर खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला में भिजवाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में महिपाल सिंह, सुभाष यादव और रमेश उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय की उत्तम मिसाल बना गिव अप अभियान

### अभियान के तहत 31 अक्टूबर तक अपात्र व्यक्ति हटवाएं अपना नाम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 31 अक्टूबर तक अपना नाम हटवा सकते हैं। जिले में अब तक 1 लाख 9 हजार से अधिक अपात्र लोगों ने स्वप्रेरणा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोडा है। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्रा भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https:// food. rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA)से स्वत: हटने के लिए आवेदन करें' पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयकर विभाग से आयकरदाताओं की सूची तथा परिवहन विभाग से चौपहिया वाहनधारकों के नाम प्राप्त किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 37 लाख 62 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाए है जिनमें अलवर जिले में 1 लाख 9 हजार अधिक व्यक्ति हैं ।

## योग एवं ध्यान शिविर का हुआ आयोजन

### शिविर में आसन एवं प्राणायाम द्वारा स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहने के तरीके बताएं

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** लायंस इंटरनेशनल - प्रांतीय सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब राजगढ़ द्वारा गायत्री शक्तिपीठ परिसर में योग एवं ध्यान से तनाव मुक्ति पर गोष्ठी एवं अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लायन खेम सिंह आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में हार्टफुलनेस केंद्र राजगढ़ के जगदीश प्रसाद द्वारा विभिन्न प्रकार के आसन एवं प्राणायाम द्वारा स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहने के टिप्स बताए गये। उन्होंने ध्यान के माध्यम से मन को केंद्रित करने के बारे में बताया ताकि किसी प्रकार के नकारात्मक विचारों का प्रवेश न हो। लायन एन एल वर्मा ने योग पर आधारित चित्तवृत्ति,चित्तभूमि एवं योगाभ्यास के आठ योगांगो के



अभ्यास की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन प्रदीप गुप्ता, सचिव लायन एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास मीणा, वीरेंद्र शर्मा, संजय राजस्थानी, रामावतार बंसल, अजय यादव, शारदा शर्मा, सुमन यादव, गायत्री शक्तिपीठ की मुख्य ट्रस्टी मीना खंडेलवाल, प्रीति विजय, रश्मि विजय, मीतू सिंह आर्य, पदमा गोयल,गिर्राज प्रजापत सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष लायन प्रदीप गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन लायन खेम सिंह आर्य ने किया।

## 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएमश्री श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को 17 से 19 वर्षीय 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगरपालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित रहे। प्रतियोगिता संयोजक अरविंद कुमार मीना ने बताया कि 17 वर्षीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 55 विद्यालयों की टीम तथा 19 वर्षीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 46 विद्यालयों की टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता में 286 बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 19 प्रतियोगिता आयोजित होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगिता संयोजक अरविंद कुमार मीना, सहसंयोजक चुन्नीलाल मीना तथा उदघोषक सोनू कुमार मीना ने



विधिवत रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। इस मौके पर उप जिला शिक्षा अधिकारी (शा.शि.) ने खेल प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल से सही निर्णय एवं कुशलता से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल राम मीना ने सभी प्रतिभागियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार मीना, सीमा मीना, यादराम मीना, कनवर पाल मीना, रामभरोसी मीना, सुनीता मीना, हरिराम मीना, मनीष कुमार, विष्णु देव, रामफूल मीना, निर्णायक मंडल की ओर से रामनिवास मीना, रामप्रसाद मीना, राजेश, छोटेलाल, रामपत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 12 व 13 अक्टूबर को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** राजस्थान शतरंज संघ द्वारा इस वर्ष की राजस्थान राज्य सब जूनियर (अंडर 15) ओपन एवं गर्ल्स चेस चैंपियनशिप का आयोजन 12 अक्टूबर से अलवर जिले में किया जाएगा। आयोजक सचिव हरिओम भड़ाना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य भर से 200 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में कुल ईनामी राशि 41000 रुपए रखी गई है। यह प्रतियोगिता 12 एवं 13 अक्टूबर को आशीर्वाद गार्डन, कटी घाटी में ओपन वर्ग एवं गर्ल्स वर्ग में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक फीडे आर्बिटर जैनेंद्र चतुर्वेदी एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर अरुण जोशी, राज्य पर्यवेक्षक कैलाश चन्द्र डाड रहेंगे। यह प्रतियोगिता क्लासिकल फॉरमैट में 7 चक्रों में होगी। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान पर आने वाले खिलाडियों का चयन 2 नवंबर से होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता पूर्व तैयारी हेतू आयोजन समिति के सदस्य हर्षवर्धन जोशी, ऋषि कौशिक, अमित गुप्ता, यश सोमवंशी, रेखा महलावत, रजनीश जैमन, प्रमोद गुप्ता, डॉ राकेश गुप्ता, नवीन शर्मा, प्रदीप शर्मा, पूजा आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक अध्यापक संघ के संतोष कुमार शर्मा बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**राजगढ(नि.सं.)** प्राथमिक अध्यापक संघ अलवर के



जिला अध्यक्ष धनेश मीना, संगठन मंत्री मौसम खान, सचिव भरत गुर्जर ने जिले में संगठन का विस्तार किया है। जिला अध्यक्ष धनेश मीना ने बताया कि संगठन का विस्तार करते हुए सभी ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिसमें राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, रामगढ़ में हेमेंद्र जैन, हरिओम चौधरी मालाखेड़ा , लक्ष्मणगढ़ हरिराम मीणा, कठूमर विनोद कुमार यादव, उमरैण अशोक गुर्जर, गोविंदगढ़ पंकज चौधरी, थानागाजी लोकेश मीणा को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्षों ने मिलकर सभी को साथ लेकर शिक्षक हितों के लिए कार्य करने की शपथ ली है।

## आईटीबीपी के 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स एवं 172वें नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण बैच के प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत एवं शपथग्रहण समारोह हुआ आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज बेराबास में 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स एवं 172वें नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण बैच के प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत एवं शपथग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें उप महानिरीक्षक के संजय कुमार कोठारी ने परेड का निरीक्षण कर प्रशिक्षण के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक के संजय कुमार कोठारी ने बताया कि 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स के 6 हिमवीर एवं 1 हिमवीरांगना तथा 172वें नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण बैच के 26 हिमवीर एवं 3 हिमवीरांगनाओं को आधार प्रशिक्षण पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी अपनी बेसिक ट्रेनिंग



पूर्ण करने के उपरांत इस बल में एक प्रशिक्षित सदरू के रूप में शामिल हो गए हैं तथा जो प्रशिक्षण ग्रहण किया है वह देश की सेवा में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान 4 वीरांगना महिलाओं ने प्रशिक्षण किया है यह महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय ध्वज एवं बल ध्वज के समक्ष देशसेवा एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से इन हिमवीर एवं हिमवीरांगनाओं को 24 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण के दौरान इन्हें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रील, हथियार, सिखलाई, फायरिंग, जूडो कराटे, युद्ध कौशल, काउंटर इंसरजेंसी, आंतरिक सुरक्षा और आईटीबीपी बल नियम अधिनियम आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया जिससे प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी आने वाली चुनौतियों का सामना आसानी से कर सके और देश की सेवा के साथ-साथ अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी को भी निभा सके। इस दौरान 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स में ओवर ऑल बेस्ट प्रशिक्षणार्थी की ट्रॉफी सहायक उप निरीक्षक/स्टेनो विकास कुमार एवं 172 वे नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण में कांस्टेबल (कोबलर) नंदन कुमार को प्रदान की गई। इस दौरान सेनानी प्रशिक्षण सीटीसी के.एन पंत, विकास कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, आईटीबीपी के अधिकारी, कार्मिक मौजूद रहे।

## एसआई भर्ती मामले में 24 नवम्बर से फाइनल सुनवाई शुरू

### सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने में सुनवाई पूरी करने के दिए थे निर्देश, चार्जशीट को रिकॉर्ड पर लेने की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान में सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती 2021 को लेकर चल रहे विवाद में अब निर्णायक चरण की शुरुआत होने जा रही है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले की फाइनल सुनवाई 24 नवम्बर से करने का निर्णय लिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस.पी. शर्मा की खंडपीठ ने सभी पक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी लिखित बहस उस तारीख से पहले कोर्ट में प्रस्तुत करें। आज की कार्यवाही के दौरान याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश करते हुए कहा कि आरपीएससी के पूर्व सदस्यों और दलालों के खिलाफ दर्ज चार्जशीट को रिकॉर्ड पर लिया जाए। उनका तर्क था कि यह चार्जशीट पहले एकलपीठ में सुनवाई के समय रिकॉर्ड में शामिल नहीं थी। इस पर कोर्ट ने प्रार्थना पत्र की कॉपी महाधिवक्ता को देने और मामले पर फाइनल सुनवाई के दौरान ही निर्णय लेने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले हाईकोर्ट को तीन महीने के भीतर एसआई भर्ती से जुड़ी अपील पर सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए थे। एकलपीठ ने 28 अगस्त को भर्ती रद्द करने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ ट्रेनी एसआई ने अपील की थी। डिवीजन बेंच ने 8 सितम्बर को उस फैसले पर रोक लगाकर ट्रेनिंग की अनुमति दी थी। इसी के साथ अदालत ने आरपीएससी की पूर्व सदस्य मंजू शर्मा की अपील को भी इस केस के साथ जोड़ने के आदेश दिए हैं। उन्होंने अपने खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की है, यह कहते हुए कि उन्हें न तो पक्षकार बनाया गया और न ही सुनवाई का अवसर मिला। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की टिप्पणियों के बाद मंजू शर्मा ने 1 सितम्बर को इस्तीफा दे दिया था, जिसे 15 सितम्बर को राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया था।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी आवास में अवैध रूप से रह रहे कर्मचारियों की जानकारी मांगी

### हाईकोर्ट ने कहा- कार्रवाई नहीं हुई तो रजिस्ट्रार की सैलरी से वसूली जाएगी पेनल्टी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान यूनिवर्सिटी के उन कर्मचारियों की जानकारी मांगी है, जो तय अवधि समाप्त होने के बावजूद यूनिवर्सिटी के सरकारी आवासों में रह रहे हैं। अदालत ने यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे कर्मचारियों की पूरी जानकारी शपथ पत्र के साथ कोर्ट में पेश करें। इसके साथ यह भी स्पष्ट करें कि क्या उन पर आवास खाली कराने या पेनल्टी वसूलने की कोई कार्रवाई की गई है या नहीं। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश यूनिवर्सिटी कर्मचारी सुभाष राठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि यदि ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वसूली योग्य पेनल्टी राशि सीधे रजिस्ट्रार की सैलरी से वसूली जाएगी। कोर्ट ने आदेशों की पालना के लिए 30 दिन का समय देते हुए अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को तय की है। मामले की पृष्ठभूमि में, यूनिवर्सिटी प्रशासन ने याचिकाकर्ता सुभाष राठी पर आवास खाली नहीं करने के कारण डेढ़ लाख रुपये की पेनल्टी लगाई थी। राठी ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है, क्योंकि अन्य कई अधिकारी और कर्मचारी भी समयावधि पूरी होने के बाद आवास में रह रहे हैं, लेकिन केवल उसी पर कार्रवाई की गई। उन्होंने यह भी बताया कि आवास आवंटन के बाद से उन्हें एचआरए का लाभ भी नहीं दिया गया है। राठी को 28 सितंबर 2022 को डी-9 आवास एक वर्ष के लिए आवंटित किया गया था।

## पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भैया को जनता से कांग्रेस का टिकट, भाजपा में किसको...?

### सुखजिंदर सिंह रंधावा और डोटासरा ने कहा जीतेंगे पक्का जीतेंगे, नरेश मीणा 14 को भरेगा नामांकन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी जीतेगी या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा लेकिन इस सीट पर प्रत्याशी का चयन करने में कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी की तुलना में बाजी मार ली है बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने इस सीट पर एक बार फिर से प्रमोद जैन भैया को टिकट दे दिया है प्रमोद जैन भैया ने पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी के टिकट पर इसी विधानसभा क्षेत्र से लड़ा था लेकिन भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कंवरलाल मीणा से चुनाव हार गए थे हालांकि हार का अंतर ज्यादा नहीं था इस सीट पर प्रमोद जैन भैया पूर्व में भी विधायक रह चुके हैं इस सीट पर



प्रमोद जैन भाया की अच्छी पकड़ है प्रमोद जैन भाया हाडोती अंचल के कांग्रेस पार्टी के काफी लोकप्रिय नेता माने जाते हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से प्रमोद जैन भाया पर ही दाव खेला है प्रमोद जैन को कांग्रेस पार्टी का टिकट दिया जाने के के बाद अब हर किसी की निगाहें इस बात पर टिक गई है कि भारतीय जनता पार्टी यहां से किसको उम्मीदवार बनाएगी वैसे नरेश मीणा ने 14 अक्टूबर को इस सीट से नामांकन भरने का ऐलान भी कर दिया है अगर नरेश मीणा इस सीट से खड़ा होते हैं तो फिर यहां परबहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है क्योंकि नरेश मीणा और प्रमोद जैन भाया के बीच बिल्कुल भी आपस में नहीं बनती है इन दोनों के बीच में जबरदस्त पॉलिटिकल टकरा ही नहीं है बल्कि व्यक्तिगत टकराव भी है अभी पिछले एक-दो साल से नरेश मीणा काफी सुर्खियों में है पहले टोंक जिले के समरावता कांड को लेकर कई महीनो तक नरेश मीणा मीडिया की सुर्खियों में रहे हालांकि इस दौरान उन्होंने लंबा समय जेल में बिताया इसके बाद झालावाड़ में स्कूल हादसे को लेकर भी जेल में गए अपने बयानों को लेकर आए दिन मीडिया में चर्चा का विषय बना रहे नरेश मीणा को कांग्रेस पार्टी का टिकट दिए जाने की मांग भी जोरदार से उठाई जा रही थी लेकिन नरेश मीणा कांग्रेस पार्टी से निष्कासित चल रहे हैं नरेश मीणा को लेकर राजस्थान कांग्रेस के कई बड़े नेता नरेश को वापस कांग्रेस पार्टी में शामिल लेने को लेकर बिल्कुल भी तैयार नहीं थे अब चर्चा यह भी हो रही है कि कहीं भारतीय जनता पार्टी नरेश मीणा को इस सीट से टिकट न दे दे हालांकि भारतीय जनता पार्टी में भी नरेश मीणा की कई बड़े नेता खिलाफत कर रहे हैं लेकिन राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता इसलिए चर्चा यह भी हो रही है कि हो सकता है प्रमोद जैन भाया को शिकस्त देने के लिए नरेश मीणा को ही भाजपा टिकट दे दे लेकिन इसके भी बहुत कम चांस दिख रहे हैं। फिलहाल नरेश मीणा ने 14 अक्टूबर को नामांकन भरने का ऐलान जरूर कर दिया है।

### गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता

# 37 लाख से अधिक अपात्रों ने स्वप्रेरणा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा, 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**असल हकदारों को मिल रहा लाभ, 65 लाख से अधिक वंचित पात्रों को मिली खाद्य सुरक्षा**

**सामाजिक न्याय की उत्तम मिसाल बना गिव अप: खाद्य सुरक्षा शुद्धिकरण से रुकी निर्धन के हक में सेंधमारी**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(कास)** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित गिव अप अभियान प्रदेश में सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक त्याग की भावना व गरीबों की सेवा की आदर्श मिसाल बनकर उभरा है। यह अभियान न केवल आमजन की नैतिकता, समानुभति और संवेदना आधारित सोच को उजागर कर रहा है, बल्कि सहभागिता का मार्ग भी दिखा रहा है। गिव अप अभियान निर्धन के हक में कोई सेंधमारी न हो, इस भावना को सामाजिक कर्तव्य में बदल रहा है। सक्षम लोगों का त्याग बन रहा गरीबों का निवाला, 37 लाख से अधिक ने किया गिव अप, 65 लाख से अधिक नए पात्र जुड़े खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा और संवेदनशीलता के साथ निर्धन के हक को उस तक तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में वास्तविक हकदारों तक लाभ पहुंचाने के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में असल हकदारों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किये गये गिव अप अभियान में लगभग 37.62 लाख अपात्र लोगों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी गई है। गिव अप अभियान के द्वारा अपात्रों द्वारा खाद्य सुरक्षा छोड़ने के साथ साथ प्रदेश में 27 लाख से अधिक लोगों द्वारा ई केवाईसी संपन्न नहीं करवाई गई, इससे स्वत उनका नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हट गया। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा सूची में नए पात्र व्यक्तियों के लिए जगह बनी। 26 जनवरी 2025 को माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के कर कमलों से खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुन प्रारंभ होने के बाद अब तक 65.25 लाख नए पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं। राज्य सरकार के इस कदम से खाद्य सुरक्षा का लाभ वास्तविक वंचितों को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रति वर्ष 450 रुपए में 12 गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपए का सुरक्षा बीमा एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा भी मिल रही है। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार के इस कल्याणकारी कदम से वंचित लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है एवं वे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने 10 लाख नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने की बजट घोषणा की थी। इस लक्ष्य को बजट सत्र के दौरान ही विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया। गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता को देखते हुए इसकी अवधि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। जयपुर जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ज़िले में 2 लाख 60 हज़ार 782 संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है। वहीं इससे बनी रिक्तियों से जयपुर ज़िले में 2 लाख 80 हज़ार 670 पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है।

### वसूली को लेकर विभागीय कारवाई होगी सख्त

*खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि पात्र और वंचित लोग ही खाद्य सुरक्षा से जुड़े, यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार का दायित्व है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पात्रता का सत्यापन-जांच डोर टू डोर करने के साथ नए जुड़े लाभार्थियों की पात्रता की नियमित मोनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में दुकानवार अपात्र लोगों की सूची बनाकर सार्वजनिक स्थानों, पंचायत समितियों, नगर पालिकाओं, कलेक्ट्रेट, रसद कार्यालय में चस्पा की जाएगी, उन्हें नोटिस दिए जाएंगे और गेहूं वसूली की विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। विभाग द्वारा अपात्रों को चिन्हित करने की प्रक्रिया निरन्तर जारी है। 31 अक्टूबर तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 नवम्बर से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेंहू की दर से वसूली की जायेगी।*

### नाम जोड़ने -हटाने की प्रक्रिया हुई आसान

*खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पहली बार जिस तरह नाम हटाने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया, उसी प्रकार नाम जोड़ने की प्रक्रिया को भी अत्यधिक सरल और लाभार्थी फ्रेंडली बनाया गया है । पात्र व्यक्ति अब ई मित्र के साथ घर बैठे विभाग के पोर्टल https://food.rajasthan.gov.in पर भी अपना नाम जुड़वाने हेतु आवेदन कर सकता है। आवेदन जांच की प्रक्रिया तय करते हुए शहरी और ग्रामीण स्तर पर जांच दलों का गठन किया गया है। एनएफएसए में पात्र वंचितों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को ओर अधिक सुगम बनाने हेतु जिला कलेक्टर को भी खाद्य सुरक्षा सूची में लाभार्थी को शामिल करने के लिए अधिकृत किया गया है।*

### निम्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले परिवार खाद्य सुरक्षा हेतु अपात्र

*खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ऐसे परिवार, जिनका कोई भी एक सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी/अधिकारी हो अथवा एक लाख रूपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता है, जिस परिवार का कोई भी एक सदस्य आयकरदाता हो तथा ऐसे परिवार जिनके किसी भी एक सदस्य के पास चारपहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर), खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अपात्र होंगे। साथ ही ऐसे परिवार, जिनके सभी सदस्यों की कुल आय एक लाख रुपए वार्षिक से अधिक हो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अपात्र होंगे।*

### विभागीय पर्यवेक्षण होगा और सघन

गिव अप अभियान के पर्यवेक्षण के लिए उपायुक्त और संभागीय स्तर के अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा द्वारा अब तक प्रदेश के 32 जिलों का दौरा करने के साथ ही प्रत्येक जिले में अभियान की प्रारंभ से अब तक की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। हर स्तर पर योजना के सफल क्रियान्वयन और वस्तु स्थिति का फीडबैक लिया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक और पाक्षिक प्रवास सुनिश्चित किया जाकर प्रतिदिन मुख्यालय को रिपोर्ट किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

### ज़िला स्तर पर प्रचार -प्रसार एवं जागृति अभियान

जिला स्तर पर अभियान की सार्थक क्रियान्विति के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठकें, उचित मूल्य दुकानदारों, विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ सतत समन्वय किये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से आम जन में अभियान के प्रति एक सकारात्मक चेतना बनाए रखने हेतु माननीय सांसद, विधायकगण, जिला प्रमुख, प्रधान पंचायत समिति, पालिका अध्यक्ष एवं पंचायत समिति- जिला परिषद सदस्यों से भी आहवान किया गया है। साथ ही क्षेत्रीय/लोक भाषाओं के माध्यम से खाद्य सुरक्षा से नाम हटाने एवं जोड़ने को लेकर विभागीय प्रक्रिया को प्रसारित करने का भी आहवान किया गया है।

## बरसात से कटाई के बाद रखी फसल खराब होने पर मिल सकेगा बीमा क्लेम, 72 घण्टे में देनी होगी सूचना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(कास)** राज्य में वर्तमान में हो रही बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि, चक्रवाती वर्षा एवं चक्रवात से कटाई के बाद 14 दिन तक की अवधि के लिए खेत में सुखाने के लिए रखी फसल खराब होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत नुकसान की भरपाई हो सकेगी। जिसके लिए प्रभावित बीमित फसल के काश्तकार को 72 घण्टे के भीतर खराबे की सूचना कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्पलाइन नम्बर 14447 पर अथवा क्रोप इन्श्योरेंस ऐप, नजदीकी बैंक या कृषि कार्यालय में लिखित में देनी होगी। कृषि विभाग नें बीमा कम्पनियों को प्राप्त सभी इन्टीमेशन का तत्काल सर्वे कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत असामयिक वर्षा के कारण फसल कटाई उपरान्त खेत में सुखाने के लिए रखी फसल को 14 दिन की अवधि में नुकसान होने पर व्यक्तिगत आधार पर बीमा आवरण उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि असामयिक वर्षा से प्रभावित काश्तकारों के लिए बीमित फसल के नुकसान की सूचना 72 घण्टे के भीतर जिले में कार्यरत बीमा कम्पनी, नजदीकी बैंक या कृषि कार्यालय में देना जरूरी है, ताकि नुकसान का आंकलन कर बीमा क्लेम देने की कार्यवाही की जा सके। फसल में हुए नुकसान की सूचना टॉल फ्री नम्बर पर दी जा सकती है। इसके अलावा प्रभावित किसान जिले में कार्यरत बीमा कम्पनी, नज़दीकी कृषि कार्यालय अथवा सम्बन्धित बैंक को भी हानि प्रपत्र भरकर सूचना दे सकते है। विभागीय अधिकारियों एवं बीमा कम्पनियों को तत्काल फील्ड में पहुंचकर फसल खराबे का सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिए है, ताकि प्रभावित किसानों को बीमित फसलों के नुकसान का क्लेम दिलवाकर राहत प्रदान की जा सके। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने बताया कि तकनिकी कारणों से टॉल फ्री नम्बर पर बीमित कृषको द्वारा पोस्ट-हार्वेस्ट लॉसेज के हानि के इन्टीमेशन दर्ज नहीं हो पाने की स्थिति में निकटतम कृषि कार्यालय या जिस गांव में हानि हुई है वहां पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा नियत अवधि में कैंप लगाकर पात्र बीमित कृषकों से इन्टीमेशन प्राप्त कर संबंधित बीमा कंपनी को उसी दिन सुपुर्द करने के निर्देश जारी किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि अधिसूचित इकाइ क्षेत्र में फसल के कुल बीमित क्षेत्र के 25 प्रतिशत से अधिक के लॉस की सूचना प्राप्त होती है तो अधिसूचित इकाई के बीमित कृषक तथा जिनके द्वारा बीमा कम्पनी को निर्धारित समय में पॉस्ट-हार्वेस्ट हानि का इन्टीमेशन किया गया है, को सेम्पल सर्वे के आधार पर क्षतिपूर्ती देय होगी। ऐसी स्थिति में सर्वेयर द्वारा संबंधित कृषकों व स्थानिय कृषि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समिति के द्वारा समिति क्षेत्र में कराये गये सर्वे के आधार पर फसल की क्षति का प्रतिशत निर्धारित किया जायेगा।

## 71वां विश्व वन्यजीव सप्ताह संपन्न – 9 हजार विद्यार्थियों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान में किया निशुल्क भ्रमण




जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(कास)** 71वें विश्व वन्यजीव सप्ताह का समापन मंगलवार को नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर में सम्भागीय मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) डॉ. टी. मोहनराज की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ ने सप्ताह भर चली गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन्यजीव सप्ताह के दौरान स्कूली विद्यार्थियों में वन्यजीवों को देखने का विशेष उत्साह देखने को मिला। केवल सात दिनों में 129 विद्यालयों के 9,000 से अधिक विद्यार्थी नि:शुल्क भ्रमण के लिए नाहरगढ़ जैविक उद्यान पहुंचे। वहीं एक ही दिन – बुधवार को 3,500 से अधिक विद्यार्थियों ने पार्क का भ्रमण किया और वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश ग्रहण किया। सप्ताह के दौरान चित्रकला, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 86 विजेता छात्र-छात्राओं को डॉ. टी. मोहनराज द्वारा पारितोषिक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी (चिड़ियाघर) तेज कुमार शर्मा के 5 अक्टूबर को हुए आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समापन समारोह में उपवन संरक्षक (वन्यजीव) विजयपाल सिंह, प्राची चौधरी, शुभम शर्मा, गौरव चौधरी, रघुवेंद्र सिंह राठौड़ सहित विभागीय अधिकारी एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वन विभाग अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन नए पीढ़ी में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय जागरूकता की भावना को सशक्त करते हैं, जिससे प्रकृति और मनुष्य के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।

## सहकारिता मंत्री गौतम दक ने की 'सहकार सदस्यता अभियान' की समीक्षा, दिए सख्त निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(कास)** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने मंगलवार को नेहरू सहकार भवन से वीसी के माध्यम से 'सहकार सदस्यता अभियान' (2 से 15 अक्टूबर 2025) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान राज्य में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने का सुनहरा अवसर है और सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरे समर्पण के साथ इसे सफल बनाएं। दक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का उद्देश्य है कि सहकारिता की पहुंच गांव-ढाणी तक हो, जिससे अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हों। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी अभियान की प्रगति पर नियमित निगरानी रख रहे हैं। मंत्री ने अभियान की प्रगति को आशानुरूप न पाकर असंतोष जताया और अधिकारियों को शेष अवधि में लक्ष्य पूर्ण करने के लिए तीव्र प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र और गांव में नई सदस्यता जोड़ना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर तक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाएं और राज्य स्तर पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार स्तर के अधिकारी मॉनिटरिंग करें। सभी जिला प्रभारियों को अपने जिलों में अधिक प्रवास कर दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। दक ने कहा कि पैक्स व्यवस्थापकों का आंदोलन अब समाप्त हो चुका है, अतः उनके सहयोग से लक्ष्य पूरे किए जाएं। उन्होंने डेयरी सहकारी समितियों में भी सदस्यता लक्ष्य समय पर पूर्ण करने और पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में नए पैक्स गठन, भूमि आवंटन व सर्वे कार्य को गति देने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त रजिस्ट्रार, जिला उप रजिस्ट्रार और केंद्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशक वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

## आईसीडीएस निदेशालय ने ईसीसीई कार्यक्रम को सुदृढ़ करने हेतु तीन संस्थाओं से एमओयू किए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(कासं.)।** निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए बुधवार को तीन गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को नई दिशा देना है। आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि ये एमओयू विभाग की भामाशाह योजना के तहत किए गए हैं, जिसका लक्ष्य विभागीय सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और मानिटरिंग व्यवस्था को मजबूत करना है। इसके तहत व्यक्तिगत, संस्थागत और सीएसआर सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों पर शाला-पूर्व गतिविधियों, कर्मियों के प्रशिक्षण और आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन तीनों एमओयू के माध्यम से ईसीसीई कार्यक्रम को तकनीकी, शैक्षणिक और सामुदायिक सहयोग से अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। पहला एमओयू रॉकेट लर्निंग संस्था के साथ हुआ है, जो 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षण गतिविधियाँ और सामग्री उपलब्ध कराएगी। संस्था खेल-आधारित शिक्षण और शिक्षण प्रबंधन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण भी देगी। दूसरा एमओयू सैसमे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट के साथ बारां जिले में किया गया है। यह संस्था जिले की 500 आंगनबाड़ी केंद्रों पर शाला-पूर्व शिक्षा किट उपलब्ध कराएगी तथा वाश (स्वच्छता एवं स्वास्थ्य) कार्यक्रम और कर्मियों के क्षमता वर्धन में सहयोग देगी। तीसरा एमओयू बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रन) के साथ किया गया है, जिसके तहत राजसमंद, पाली और जोधपुर जिलों की आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास, नियमित ईसीसीई गतिविधियों का संचालन और मातृ समूहों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। निदेशक मालावत ने कहा कि यह सहयोग राज्य में बाल शिक्षा और पोषण को एक नई दिशा देगा और आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल विकास का सशक्त केंद्र बनाने में मदद करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन प्रयासों से प्रारंभिक बाल शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और ग्रामीण-शहरी दोनों क्षेत्रों में बच्चों के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

# आत्मनिर्भरता की आत्मघाती बाधा

*गांबिया और उज्बेकिस्तान को कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनियों के खिलाफ फौरी कार्रवाई तो हुई, पर ऐसी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जो नजीर बनती और विषाक्त कफ सीरप बनने का सिलसिला थमता। ऐसा ही राजस्थान और मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनी के साथ हो तो हैरानी नहीं, क्योंकि इस सीरप में विषाक्त रसायन के प्रयोग को लेकर विरोधाभासी खबरें आ रही हैं। दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की परख करने वाली सरकारी एजेंसियां और सरकारें कुछ भी दावा करें, यह काम सही तरह नहीं होता और इसका प्रमाण यह है कि आए दिन दवाओं के सैंपल फेल होने की खबरें आती हैं। पिछले महीने खबर आई थी कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य दवा नियामकों की जांच में हिमाचल प्रदेश की दवा कंपनियों की 94 दवाओं के सैंपल फेल हुए। जांच में तीन दवाएं नकली भी निकलीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन हर*



इन दिनों विषाक्त कफ सीरप से मध्य प्रदेश और राजस्थान में एक दर्जन से अधिक बच्चों की मौत का मामला चर्चा में है। हर तरफ आक्रोश है और उसके चलते जांच एवं कार्रवाई की बातें हो रही हैं। क्या यह पहली बार हो रहा है? नहीं। 1986 में मुंबई में विषाक्त कफ सीरप से 14 बच्चों की जान गई थी और दिल्ली में 33 बच्चों की। इसके बाद 2020 में जम्मू में 12 बच्चों की मौत हुई। हर बार सब कुछ ठीक करने की बातें की गईं, लेकिन स्थितियां नहीं बदलीं। 2022 में भारतीय दवा कंपनियों की ओर से बनाई गई कफ सीरप से गांबिया और फिर उज्बेकिस्तान में कई बच्चों की मौत हुई। इन मौतों का संज्ञान विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी लिया। इन मामलों के कारण भारत की दवा कंपनियों की बदनामी भी हुई। माना जा रहा था कि इस बदनामी के कारण विषाक्त कफ सीरप बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी और दवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण करने वाली सरकारी एजेंसियां अपना काम सही तरह से करेंगी, पर नतीजा ढाक के तीन पात वाला रहा। गांबिया और उज्बेकिस्तान को कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनियों के खिलाफ फौरी कार्रवाई तो हुई, पर ऐसी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जो नजीर बनती और विषाक्त कफ सीरप बनने का सिलसिला थमता। ऐसा ही राजस्थान और मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनी के साथ हो तो हैरानी नहीं, क्योंकि इस सीरप में विषाक्त रसायन के प्रयोग को लेकर विरोधाभासी खबरें आ रही हैं। दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की परख करने वाली सरकारी एजेंसियां और सरकारें कुछ भी दावा करें, यह काम सही तरह नहीं होता और इसका प्रमाण यह है कि आए दिन दवाओं के सैंपल फेल होने की खबरें आती हैं। पिछले महीने खबर आई थी कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य दवा नियामकों की जांच में हिमाचल प्रदेश की दवा कंपनियों की 94 दवाओं के सैंपल फेल हुए। जांच में तीन दवाएं नकली भी निकलीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन हर माह ड्रग अलर्ट जारी करता है। अगस्त के ड्रग अलर्ट के अनुसार हिमाचल की 31 दवा कंपनियों की 38 दवाएं गुणवत्ता के पैमाने पर खरी नहीं उतरीं। इसी ड्रग अलर्ट के अनुसार उत्तराखंड, पंजाब और मध्य प्रदेश की दवा कंपनियों में बनीं 56 दवाओं के सैंपल भी फेल हुए। जुलाई के ड्रग अलर्ट के अनुसार कुल 143 दवा नमूने फेल पाए गए। जून के ड्रग अलर्ट में कुल 188 दवाओं के सैंपल फेल हुए। इनमें हिमाचल, गोवा और महाराष्ट्र की दवा कंपनियों की दवाएं थीं। इस पर संतोष नहीं जताया जा सकता कि ये सैंपल बैच विशेष के होते हैं और उन्हें हटाने को कहा जाता है, क्योंकि इसकी गारंटी नहीं कि दोयम दर्जे की दवाओं को हटाने के निर्देश जारी करने के पहले वे मरीजों तक नहीं पहुंच जाती होंगी। चूंकि हिमाचल फार्मा कंपनियों का गढ़ है, इसलिए दवाओं के फेल सैंपल के मामले में यहां की कंपनियों का नाम खूब आता है, पर सच यह है कि शेष देश की दवा कंपनियों के सैंपल भी फेल होने का सिलसिला कायम है। भारत ने जेनेरिक दवाओं के निर्माण में अपनी पहचान बना ली है, लेकिन यदि दोयम दर्जे की दवाएं बनती रहीं तो यह पहचान खतरे में पड़ सकती है। क्या हम केवल दवाओं की गुणवत्ता ही बनाए रख पाने में नाकाम हैं? नहीं। दवाओं के साथ-साथ खाद्य सामग्री और पेय पदार्थों की गुणवत्ता के मामले में भी हमारी स्थिति दयनीय है। डिब्बाबंद खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में रहती है। उनके निर्माण में मानकों का उल्लंघन होता ही रहता है। कई बार तो उनमें विषाक्त अखाद्य वस्तुओं की भी मिलावट की जाती है, लेकिन मुश्किल से ही कोई मिलावटखोर दंडित होता है। जिस तरह दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली सरकारी एजेंसियां और ड्रग इंस्पेक्टर अपना काम ले-देकर करते हैं, उसी तरह खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता की परख करने वाली सरकारी एजेंसियां और फूड इंस्पेक्टर भी। सरकारी तंत्र में व्याप्त इस भ्रष्टाचार का ही यह नतीजा है कि भारत में न तो दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित है और न ही खाद्य एवं पेय पदार्थों की। दूध, खोया, मिठाई, मसालों आदि में तो मिलावट की आशंका बनी ही रहती है और अक्सर यह सही पाई जाती है। दवाएं हों या खाद्य एवं पेय पदार्थ या फिर अखाद्य वस्तुएं, अपने देश में सबके निर्माण के लिए मानक बने हुए हैं और सबकी गुणवत्ता परीक्षण के नियम-कानून हैं, लेकिन उनका सही तरह पालन नहीं होता। जहां निर्माण, वहां भ्रष्टाचार होना एक अलिखित नियम सा बन गया है। इसी तरह जहां कहीं भी सरकारी अनुमति, संस्तुति, परीक्षण आदि की आवश्यकता होती है, वहां भी मानकों की अनदेखी के साथ नियम-कानूनों का उल्लंघन होता है। हैरानी नहीं कि बहुत कम भारतीय उत्पाद ऐसे हैं, जो अपनी गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं।

सम्पादकीय

## अदालत के भीतर जूते फेंकने जैसी हरकत



इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन लोगों से संविधान और कानून की रक्षा, उसकी मजबूती के लिए काम करने की उम्मीद की जाती है, वही अपनी कुंठाओं का प्रदर्शन करते हुए सारे नियम-कायदे ताक पर रख दें। सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को प्रधान न्यायाधीश के साथ एक वकील ने जो किया, उससे यह तीखा सवाल उठा है कि ऊंची पढ़ाई-लिखाई करके वकालत का पेशा चुनने वाला एक व्यक्ति कैसे अपने दुराग्रहों की वजह से कानून और न्याय-प्रक्रिया को अपमानित कर सकता है। गौरतलब है कि एक वकील ने कार्यवाही के बीच में ही प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की ओर सिर्फ इसलिए जूता उछालने की कोशिश की कि उसके दिमाग पर सोशल मीडिया पर फैलाई गई कोई बात हावी हो गई थी। सरकार की ओर से हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था एक मुद्दा दिखने के बावजूद अदालत के भीतर इसका ढांचा कैसा था कि एक व्यक्ति अपनी मनमानी को लेकर बेखौफ था। गनीमत बस यह रही कि आरोपी की हरकत सीमित थी, वरना वहां कुछ भी हो सकता था। सवाल है कि जिस व्यक्ति के भीतर विवेक इस कदर अनुपस्थित हो गया हो कि वह अदालत में ही प्रधान न्यायाधीश के प्रति आक्रामक हो गया, वह इससे ज्यादा हिंसक नहीं होगा, इस बात की क्या गारंटी है। इस मसले पर सोशल मीडिया पर फैलाई गईं बातों के असर में इस तरह बेलगाम और आक्रामक होना इस बात का भी सूचक है कि ऐसे व्यक्ति का विवेक सामान्य तरीके से काम नहीं कर पा रहा है और वह कानून के तंत्र एवं शासन के बजाय हिंसा का रास्ता अख्तियार करना ज्यादा सही मानता है। शायद यही वजह है कि प्रधान न्यायाधीश ने भले ही उदारता दिखाते हुए आरोपी व्यक्ति के प्रति नरमी बरती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल ने आरोपी वकील का लाइसेंस जब्त कर उसे निलंबित कर दिया। मगर इस घटना की गंभीरता को समझते हुए ही खुद प्रधानमंत्री सहित अन्य कई बड़े नेताओं ने इसे निंदनीय बताया और चिंता जाहिर की। हैरानी की बात है कि आरोपी ने अपनी मनमानी करने का जो कारण बताया, उससे यह साफ है कि वकील होने के बावजूद उसकी नजर में कानून या न्याय-प्रणाली की कोई अहमियत नहीं है। दरअसल, सोशल मीडिया पर प्रधान न्यायाधीश के एक बयान की मनमानी व्याख्या करके उसे फैलाया गया और उसके प्रभाव में आए लोगों ने इस पर सोचने-समझने या विवेक का उपयोग करने की जरूरत नहीं समझी। आरोपी वकील ने जिस सनातन के कथित अपमान की बात की, क्या वह उसे आक्रामकता और हिंसा का सहारा लेने का संदेश देता है? इस समूचे मामले में सोशल मीडिया की जैसी भूमिका सामने आई, वह भी बेहद चिंताजनक और बहसतलब है। विवाद के संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश ने साफ कहा था कि उनकी बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया, लेकिन अफसोसनाक है कि उसी मनमानी से प्रभावित होकर कुछ लोगों ने उनके खिलाफ धारणा बना ली। आजकल सोशल मीडिया पर जिस तरह बिना कुछ सोचे-समझे किसी बात की गलत व्याख्या करने और उसके जरिए व्यापक स्तर पर धारणा बनाने का चलन देखा जा रहा है, उसके घातक नतीजे सामने आ रहे हैं।

## भारत के लिए अवसर और चुनौती



अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक ऐसा संकट बार-बार सामने आता है जिसे 'किंडलबरगर ट्रैप' कहा जाता है। अमेरिकी अर्थशास्त्री चार्ल्स किंडलबरगर ने इसे परिभाषित करते हुए कहा था कि जब कोई महाशक्ति वैश्विक व्यवस्था का नेतृत्व छोड़ देती है और कोई नई शक्ति उस जिम्मेदारी को उठाने के लिए आगे नहीं आती, तो पूरी दुनिया अराजकता के चंगुल में फंस जाती है। बीसवीं सदी के आरंभ में ब्रिटेन कमजोर हो चुका था, अमेरिका तैयार नहीं था और नतीजा यह हुआ कि महामंदी और द्वितीय विश्व युद्ध जैसी आपदाएं दुनिया पर टूट पड़ीं। आज फिर वही खतरा मंडरा रहा है। अमेरिका ऊब का शिकार और घरेलू स्तर पर विभाजित है। चीन आधा-अधूरा और अविश्वसनीय नेतृत्व पेश कर रहा है। यूरोप अपने संकट में उलझा हुआ है। सवाल यह है कि इस बार वैश्विक व्यवस्था को अराजकता में जाने से कौन बचाएगा। क्या भारत इस खालीपन को भर सकता है? भारत के पास आज वह पूंजी है, जो शायद किसी और देश के पास नहीं। आधे से अधिक भारतीय तीस वर्ष से कम आयु के हैं। जब पूरी पश्चिमी दुनिया वृद्ध होती आबादी से जूझ रही है और चीन जनसंख्या में गिरावट का सामना कर रहा है, तब भारत की जनसांख्यिकीय स्थिति उसे भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति बना सकती है। यह युवा शक्ति केवल श्रम नहीं है। यह विचार, नवाचार और डिजिटल ऊर्जा का भी स्रोत है। हालांकि यही युवा पीढ़ी रील, वीडियो और तात्कालिक प्रसिद्धि के आकर्षण में उलझकर अपनी दिशा खो सकती है। अगर युवा शक्ति को जिम्मेदारी की ओर मोड़ी जाए, तो भारत न केवल खुद को, बल्कि पूरी दुनिया को किंडलबरगर ट्रैप से निकाल सकता है। भारत की ताकत उसकी विविधता है। भाषाओं, पंथों, जातियों और संस्कृतियों की अनगिनत परतों के बावजूद इस देश ने लोकतंत्र को जीवित रखा है। यही माडल दुनिया को चाहिए, क्योंकि पश्चिम में पहचान की राजनीति और राष्ट्रवाद बढ़ रहा है और चीन अधिनायकवादी प्रणाली थोपना चाहता है। भारतीय प्रवासी समुदाय इस संभावना को गहराई देता है। फ्रांस में ओणम के उत्सव से लेकर ब्रिटेन में गणपति विसर्जन की तस्वीरें भारत की साफ्ट पावर बढ़ाती हैं, जो उसे दूसरों से अलग करती है। फिर भी भारत के सामने सबसे बड़ी कसौटी लोकतांत्रिक विरोधाभास की है। भारत खुद को ग्लोबल साउथ की आवाज कहता है, पर घरेलू स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिति, अल्पसंख्यक अधिकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सवाल उठते हैं। यदि भारत वैश्विक नेतृत्व का चेहरा बनना चाहता है, तो उसे घर के भीतर लोकतंत्र को मजबूत करना ही होगा। भरोसेमंद नेतृत्व के बिना आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं होता। विश्वास, पारदर्शिता और नियम आधारित व्यवस्था ही दुनिया को अराजकता से बचा सकते हैं। भारत की मौजूदा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बड़े दावे किए हैं जैसे जी-20 की अध्यक्षता और 'विश्वगुरु' बनने का सपना, लेकिन देश के भीतर कई कमजोरियां इस दावे को कमजोर करती हैं। चुनावी प्रक्रिया में पैसे का बढ़ता दबाव, मीडिया की आजादी पर उठते सवाल और स्वतंत्र संस्थाओं पर राजनीतिक प्रभाव देश की लोकतांत्रिक छवि धूमिल करते हैं। जलवायु बदलाव से निपटने के वादे भी अक्सर बड़े उद्योगों को रियायत देने में खो जाते हैं, जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सरकार का खर्च अभी भी बहुत कम है। विदेश नीति में भी कभी-कभी पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में अचानक बदलाव दिखता है, जिससे भरोसे की कमी महसूस होती है। यदि सरकार घर के भीतर पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत नहीं करती, तो दुनिया में भारत की नेतृत्वकारी छवि सिर्फ भाषणों तक सिमट जाएगी। भारत की सबसे बड़ी संभावना उसका टेक्नो-डेमोक्रेटिक माडल है। यूपीआइ ने दिखा दिया कि डिजिटल लेनदेन को कैसे आम आदमी के लिए सहज और सुलभ बनाया जा सकता है। आधार ने पहचान को डिजिटल रूप दिया, कोविड के दौरान कोविन प्लेटफार्म ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वास्थ्य प्रबंधन में तकनीक का उपयोग पारदर्शी और कुशल तरीके से किया जा सकता है। यह सब केवल तकनीकी उपलब्धियां नहीं थीं, यह उस सोच का परिचय थी, जिसमें तकनीक को सिर्फ मुनाफे के लिए नहीं, बल्कि सार्वजनिक हित के लिए इस्तेमाल किया गया।

## जनता के दुख-दर्द

**उनके साहित्य में मध्यमवर्गीय जीवन तथा मजदूर वर्ग की जिन्दगी का संपूर्ण चित्र यथार्थ रूप में मिलता है। उन्होंने जगत की वास्तविकता को सामने लाया। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से एक नयी समस्या, एक नयी चेतना का अलोक दिखाया। उन्होंने अपनी रचनाओं में श्रमिक, दलित तथा शोषित समाज के दु:ख और कष्ट का चित्रण किया है। वे जीवन के भयंकर यथार्थ का चित्रण करते हैं, उन्होंने पूँजीवाद, साम्राज्यवाद, संप्रदायवाद सभी का विरोध किया है, जिससे श्रमिक, शोषित वर्ग और किसानों को उनके श्रम का उचित मान मिल सके।**



लाआधुनिक काल में छायावाद के बाद अत्यंत सशक्त साहित्यांदोलन प्रगतिवाद है। प्रगतिवाद का मूल आधार सामाजिक यथार्थवाद रहा है। प्रगतिवाद काव्य वह है, जो अतीत की संपूर्ण व्यवस्थाओं के प्रति रोष व्यक्त करता है और उसके बदलाव की आवाज को बुलंद करता है। नागार्जुन के काव्य में प्रगति के स्वर सर्वप्रमुख है। सही अर्थों मे नागार्जुन जनता के कवि हैं। वे एक मार्क्सवादी कवि हैं। अपनी कविता के माध्यम से उन्होंने मार्क्सवादी सिद्धांतों का प्रचार भी किया है। उनकी कविता में अमीर-गरीब, मालिक-मजदूर, जमींदार-कृषक, उच्चवर्ग-निम्न वर्ग के बीच द्वंद दिखाई देता है। गरीबी, भुखमरी, बीमारी, अकाल, बाज जैसे सामाजिक यथार्थ का सूक्ष्म चित्रण कवि ने किया है। प्रगतिशील हिंदी कविता में सबसे अधिक संवेदनशील और लोकोन्मुख जनकवि नागार्जुन की विशिष्टता इसी बात में रही है कि उनकी रचनाओं और उनके वास्तविक जीवन में गहरा सामंजस्य है। उनकी कविताएँ सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि पक्षों में एक बडा चिन्ह हमारे समक्ष प्रस्तुत करती हैं। कवि नागार्जुन ने अपने युगीन यथार्थ और समसामयिक चेतना को अपनी कविता से मुखरित किया है, जिसमें एक ओर तो गरीब किसान, मजदूर शोषण के अनवरत चऱ में पिसते हुए दाने-दाने को मोहताज हैं तो दूसरी ओर नकाबधारी जो भोग-विलास में लुप्त हैं बाबा नागार्जुन गरीबी, बदहाली और शोषण के लिए ?िम्मेदार सामंती व्यवस्था के आडम्बरपूर्ण जीवन, वैभव प्रदर्शन और शोषण को अपनी कविता 'विजयी के वंशधर' में इस तरह प्रस्तुत किया है - महाकवि नागार्जुन का महान जीवन दर्शन है - विश्वमानववाद, वसुधैव कुटुम्बकम, एक विशाल, व्यापक विश्व दृष्टी। नागार्जुन का संपूर्ण कृतित्व प्रगतिशील चेतना का वाहक है। उनके साहित्य में मध्यमवर्गीय जीवन तथा मजदूर वर्ग की जिन्दगी का संपूर्ण चित्र यथार्थ रूप में मिलता है। उन्होंने जगत की वास्तविकता को सामने लाया। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से एक नयी समस्या, एक नयी चेतना का अलोक दिखाया। उन्होंने अपनी रचनाओं में श्रमिक, दलित तथा शोषित समाज के दु:ख और कष्ट का चित्रण किया है। वे जीवन के भयंकर यथार्थ का चित्रण करते हैं, उन्होंने पूँजीवाद, साम्राज्यवाद, संप्रदायवाद सभी का विरोध किया है, जिससे श्रमिक, शोषित वर्ग और किसानों को उनके श्रम का उचित मान मिल सके। नागार्जुन अपनी 'अकाल और उसके बाद' कविता में कहते हैं नागार्जुन की प्रगतिवादी चेतना का मुख्य आधार किसान तथा मजदूर हैं। उनकी अधिकांश कविताएं भारत के निम्न मध्यवर्गीय श्रमिक, किसान के जीवन को चित्रित करती हैं। उनमें साधारण, उपेक्षित तथा असहाय जिंदगी बितानेवालों का चित्रण किया हैं। उनकी कविताओं में सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विषमता को लेकर जनवादी चेतना का चित्रण हुआ है। इस तरह समाज में व्याप्त सामाजिक विषमता का चित्रण करते हुए उन्होंने ढोंग, आडम्बर का डटकर विरोध किया है। नागार्जुन आम जनता के कवि हैं इसीलिए सामाजिक, राजनीतिक स्थिति के साथ ही साथ समाज में व्याप्त सामान्य, मेहनतकश मजदूरों की आर्थिक विपन्नता का चित्रण अपनी कविता में करते हैं। राजनैतिक एवं सामाजिक विषमता के प्रति विद्रोह की भावना उनकी जनवादी कविता का स्वर रहा है, जैसे झूठी राजनीति, सामाजिक पाखण्ड, भ्रष्टाचार, सत्तालोलुपता आदि के प्रति कवि का मन विद्रोह करता है। कवि मूलतः मार्क्सवादी होकर भी श्रम और शांति की अभिलाषा को व्यक्त करता हैं। वे एक तरफ मार्क्सवाद की समानता का पक्षधर भी रहे हैं और दूसरी तरफ वे दलित, शोषित, पीडित व्यक्तियों पर हो रहे अत्याचार के प्रति विद्रोह करते हैं। नागार्जुन की कविता के केंद्र में सामान्य आदमी रहा है। उन्होंने शोषित, पीडित, श्रमिक और मजदूर वर्ग के प्रति अपनी अलग जनवादी दृष्टि बना ली है। उनके काव्य का लक्ष्य व्यापक होने के कारण शोषित, पीडितों पर होनेवाले अन्याय, अत्याचार के खिलाफ कवि ने अपनी आवाज बुलंद की है , वे सामाजिक विषमता के प्रति विद्रोह कर समाज में परिवर्तन लाना चाहते हैं। नागार्जुन की कविता समाज जीवन के विविध अंगो को तथो पक्षों को उजागर करती है। एक ओर कल्याणकारी राज्य की कामना एवं कल्पना तो दूसरी ओर वृद्धों को तिरस्कृत रखने की समाज प्रवृत्ति तथा सरकार की नीति का कवि विरोध करते हैं।



# वॉर 2 में काम करने को लेकर बोले ऋतिक, हर फिल्म यातना नहीं होती

पिछले महीने ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई। फिल्म की काफी तारीफ हुई। इसे बॉक्स ऑफिस पर मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म की पहली किस्त वॉर को रिलीज हुए 6 साल पुरे हो गए हैं। ऐसे में ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म वॉर 2 की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं और एक पोस्ट लिखी है।

### ऋतिक रोशन की पोस्ट में क्या है?

ऋतिक रोशन ने अपनी फिल्म वॉर 2 के कुछ दृश्य इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा कबीर का किरदार निभाना बहुत अच्छा था। क्योंकि मैं उन्हें पहले से जानता था। उनका किरदार निभाना आसान था। यह एक ऐसी फिल्म थी जो मैं भी कर सकता था। जैसे कई और करते हैं। यह बिल्कुल इसी तरह था जैसे अभिनेता का किरदार निभाएं, अपना काम करें और घर आ जाएं। मैंने भी वैसा ही किया। मेरे निर्देशक अयान ने मेरा बहुत साथ दिया। सेट पर वह बहुत एक्टिव रहे। सब कुछ एकदम बढ़िया था। मानो यह सब होना ही था। कोई चिंता नहीं, बस मुझे अपना काम सही से करना था और मैंने किया भी। हर फिल्म एक यातना और आघात नही होती।

वॉर 2 के बारे में

फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के अलावा जूनियर एनटीआर, कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और अनिल कपूर ने अभिनय किया है। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। इसके निर्माता आदित्य चोपड़ा हैं। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म वॉर का सीक्वल है। इस फिल्म की कहानी रॉ एजेंट कबीर (ऋतिक रोशन) के आस-पास घूमती है। वह काली कार्टेल को खत्म करने के मिशन पर निकलते हैं। मिशन के दौरान अपने ही मेंटर की हत्या कर देते हैं। इसके बाद उनकी मुश्किलें शुरू होती हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

### ऋतिक रोशन का काम

ऋतिक रोशन इससे पहले फिल्म फाइटर (2024) में नजर आए थे। इसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर थे। सिद्धार्थ आनंद ने इसका निर्देशन किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। अभी ऋतिक ने किसी नए प्रोजेक्ट का एलान नहीं किया है।



# कैमरे के सामने रहती हूं बिल्कुल सहज

अभिनेत्री शालिनी पांडे ने ब्लॉकबस्टर मूवी अर्जुन रेड्डी से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। यह उनके करियर में महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में शालिनी पांडे ने अपनी एक्टिंग को लेकर बात की। उन्होंने इस दौरान बताया कि वह कैमरे के सामने बिल्कुल सहज रहती हैं और यही उनके अभिनय का मूल मंत्र है। जब उनसे पूछा गया, क्या आपकी प्रतिभा स्वाभाविक है, या इसके लिए आपने मेहनत की है? इस सवाल पर शालिनी पांडे ने जवाब दिया, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि यह स्वाभाविक प्रतिभा है या नहीं, लेकिन मैं बचपन से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी। कैमरे के सामने मैं बहुत सहज रहती हूं, खासकर जब मैं खुद शालिनी नहीं, बल्कि कोई दूसरा किरदार निभा रही होती हूं। संवाद मिलने और किसी और के रूप में ढलने पर मुझे सबसे ज्यादा सुकून और आत्मविश्वास मिलता है। शायद यही वजह है कि यह स्वाभाविक लगता है, क्योंकि अभिनय मेरा सबसे सुरक्षित और पसंदीदा ठिकाना रहा है।

इंडस्ट्री में अपने सफर के बारे में बात करते हुए शालिनी ने कहा, एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि सीखने के लिहाज से मेरा सफर सचमुच अद्भुत रहा है। पहली ही फिल्म में मैंने जिन लोगों के साथ काम किया, वह जिस तरह की फिल्म थी और जो लोग उस फिल्म में मेरे साथ खड़े रहे, उन्होंने मेरे सफर को बहुत खास बना दिया।

उन्होंने आगे कहा, पहली ही फिल्म में मुझे बहुत अच्छे अभिनेताओं और निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला है, जिससे मैं सचमुच धन्य महसूस करती हूं। उसके बाद से मैंने जितने भी प्रोजेक्ट किए हैं, वो कमाल की टीम के साथ किए हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। बता दें कि शालिनी पांडे ने अर्जुन रेड्डी में एक मेडिकल छात्रा का रोल प्ले किया था। इसमें विजय देवरकोंडा ने लीड रोल प्ले किया था। वह इसके बाद 'डब्बा कार्टेल', 'जयेशभाई जोरदार', 'महाराज', और '118' जैसी फिल्म-सीरीज में अपने अभिनय का परिचय दे चुकी हैं।



# जटाधारा में खलनायिका बन सोनाक्षी सिन्हा बनाएंगी नया इतिहास

सोनाक्षी सिन्हा अपने आगामी द्विभाषी (हिंदी-तेलुगु) प्रोजेक्ट जटाधारा से दर्शकों को चौंकाने वाली हैं क्योंकि ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा की इस बहुप्रतीक्षित पौराणिक स्पेक्टेकल फिल्म से तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रहीं सोनाक्षी सिन्हा बड़े पर्दे पर पहली बार खलनायिका के रूप में नज़र आनेवाली हैं। हालांकि धन पिशाचिनी के रूप में उनका यह किरदार सिर्फ नकारात्मक ही नहीं, बल्कि बेहद शक्तिशाली और दमदार भी है। गौरतलब है कि जहां अधिकतर कलाकार अपने सकारात्मक किरदार को लेकर काफी सजग रहते हैं, वहां सोनाक्षी का यह कदम न सिर्फ साहसिक है, बल्कि उन्हें नए मुकाम पर ले जाने की काबिलियत को भी दर्शाता है। विशेष रूप से रहस्यवाद, आध्यात्मिक प्रतीकों और शक्ति के स्त्री रूप को एक रोचक सिनेमाई ताने-बाने में पिरोते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने जिस तरफ अपना कदम बढ़ाया है, वो बॉलीवुड में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। गौरतलब है कि जटाधारा की कहानी काले जादू की रहस्यमयी दुनिया की झांकी पेश करती है, जहाँ तंत्र-मंत्र, गुप्त अनुष्ठान और प्राचीन श्राप आस्था और भय की सीमाओं को दर्शाया गया है। ऐसे में यहाँ सोनाक्षी का किरदार सिर्फ एक खलनायिका का नहीं, बल्कि तंत्र और तांत्रिक शक्तियों से जन्मी एक भयावह सत्ता की भी है, जो कहानी को गहराई और नया आयाम देती है। हालांकि हाल ही में दुर्गा पूजा पर रिलीज़ हुआ सोनाक्षी का गाना धना पिशाची (हिंदी और तेलुगु में) पहले ही फिल्म के रहस्य और रोमांच को और बढ़ा चुका है। इसके अलावा गाने के दृश्यों में प्राचीन अनुष्ठान, भगवान शिव से जुड़े प्रतीक और पौराणिक छवियाँ सोनाक्षी की खलनायिका वाली भयावह छवि को और प्रभावशाली बनाते हैं। फिल्म में उनके अपोज़िट सुधीर बाबू नज़र आएंगे, जो कहानी को भावनात्मक गहराई देते हैं और अच्छाई और बुराई के संघर्ष को निजी और गहन बनाते हैं।

# मैं चिंकी और मिंकी के साथ कोई संपर्क नहीं रखना चाहती

**रियलिटी शो छोरिया चली गांव को उसका विनर मिल चुका है। अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने इसकी पहली टॉफी अपने नाम की, जबकि शो की पहली रनर-अप कृष्णा श्रॉफ रहीं। उनका यह पहला रियलिटी शो था, जिसमें उनकी भागीदारी दर्शकों को काफी पसंद आई।**



कृष्णा श्रॉफ ने एक खास बातचीत में रियलिटी शो में अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। साथ ही बताया कि छोरिया चली गांव में उनका फेवरेट कंटेस्टेंट कौन था और किसके साथ वह रिश्ता नहीं रखना चाहतीं। जब उनसे पूछा कि क्या वह शो में किसी खास प्रतियोगी के संपर्क में नहीं रहना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए कृष्णा ने कहा, सच कहूं तो ज्यादातर लोग मेरे लिए मायने नहीं रखते, लेकिन अगर किसी का नाम लेना हो, तो मैं चिंकी और मिंकी का जिक्र करूंगी। यह उनकी पर्सनैलिटी का सवाल नहीं, बल्कि परिपक्वता की बात है। समझना जरूरी है कि कब और कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। शो की विनर अनीता हसनंदानी के बारे में बात करते हुए कृष्णा श्रॉफ ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, शो में अनीता से हारना मेरे लिए स्वीकार्य था। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुझे हराया, क्योंकि वह मेरी सबसे मजबूत प्रतियोगी और शो की सबसे अनुभवी महिला थीं। उन्होंने कभी भी व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया और सिर्फ प्रतियोगिता पर फोकस रखा। मैं उनकी इस खासियत का पूरा सम्मान करती हूं। शो का फिनाले कृष्णा श्रॉफ और उनके परिवार के लिए बहुत ही खास रहा। इस दौरान कृष्णा की मां आयशा भी यहां मौजूद रहीं। रियलिटी शो का परिणाम सामने आने से पहले ही उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी ही उनके लिए विनर हैं। वहीं शो में भाग लेने से पहले अभिनेता और उनके पिता जैकी श्रॉफ ने कहा था कि इस शो में हिस्सा लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल जाएगी और यहां से वह अनमोल अनुभव लेकर वापस लौटेंगी। कृष्णा श्रॉफ ने ही कहा था कि वह अपने पिता के प्रेरित करने के बाद ही इस शो का हिस्सा बनने को तैयार हुई थीं।

# कांतारा चैप्टर 1 की सफलता पर भावुक हुए ऋषभ

साल 2022 में रिलीज हुई 'कांतारा' फिल्म की अगली कड़ी 'कांतारा चैप्टर 1' रिलीज हो चुकी है। ऋषभ शेट्टी निर्देशित 'कांतारा चैप्टर 1' ने पहले दिन ही 60 करोड़ रुपये की कमाई की है। दूसरे दिन भी यह शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म को मिले इतने प्यार के लिए ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों का, फैंस का शुक्रिया अदा किया है।

24 घंटे में बिके 1 मिलियन से अधिक टिकट 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, 'कांतारा चैप्टर 1' की धूम पूरे देश में गूंज रही है। 24 घंटों में 1.28 मिलियन से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने साल 2025 में पहले दिन बुकमॉयशोइन पर सबसे ज्यादा टिकट ब्रिकी दर्ज की है।

### ऋषभ ने शुरुआती दौर के स्ट्रगल का जिक्र किया





ऋषभ शेट्टी ने अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' की सफलता को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही अपना एक पुराना ट्वीट भी शेयर किया है। जिसमें वह अपने स्ट्रगल का जिक्र करते हैं।

ऋषभ शेट्टी ने पुराने ट्वीट में लिखा है, '2016 में एक ईवनिंग शो पाने के लिए संघर्ष करने से लेकर 2025 में 5000 से ज्यादा हाउसफुल शो तक का सफर। यह सफर आपके प्यार, सपोर्ट और भगवान की कृपा के अलावा और कुछ नहीं है। इसे संभव बनाने वाले हर एक व्यक्ति का हमेशा आभारी रहूंगा।'



### फिल्म को ऑनलाइन शेयर ना करने की गुजारिश की

अभिनेता, निर्देशक ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों से गुजारिश की है कि फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के वीडियो रिकॉर्ड करके ऑनलाइन शेयर ना करें। वह एक अन्य एक्स (ट्विटर) पोस्ट में लिखते हैं, 'फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच यादगार बना दिया है। हम आपसे गुजारिश करते हैं कि फिल्म के वीडियो शेयर/रिकॉर्ड न करें और पायरेसी को बढ़ावा न दें।'



# मुंबई में शुरू होने जा रहा है बैटल ऑफ गलवान के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग चित्रांगदा भी करेंगी ज्वाइन

**बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी नई फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बन रही यह फिल्म साल 2020 में भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग लद्दाख की वादियों में पूरी की गई थी और अब खबर है कि इसका दूसरा शेड्यूल मुंबई में शुरू होने जा रहा है।**

### अक्टूबर से शुरू होगा मुंबई शेड्यूल

रिपोर्ट के मुताबिक बैटल ऑफ गलवान का दूसरा और आखिरी शेड्यूल 10 अक्टूबर 2025 से मुंबई में शुरू होगा। फिल्म की टीम ने पहले ही मुंबई में लोकेशन्स का रेकी कर लिया है, हालांकि शूटिंग की जगहों को फिलहाल गुप्त रखा गया है। इस शेड्यूल में सलमान खान के साथ-साथ अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह भी हिस्सा लेंगी। बताया जा रहा है कि यह शेड्यूल नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

### बदला सलमान का लुक

लद्दाख में 45 दिन तक चले शूटिंग शेड्यूल के दौरान सलमान खान का लुक दमदार और रफ-टफ रखा गया था। वहीं, मुंबई लौटते ही उन्होंने अपनी दाढ़ी-मूंछ शेव कर क्लीन-शेव अवतार में एयरपोर्ट पर नजर आए। फैन्स को सलमान का यह नया अंदाज देखकर फिल्म के फर्स्ट लुक का इंतजार है।

### पिछली फिल्म फ्लॉप, इस बार दांव बड़ा

सलमान खान की पिछली फिल्म सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल रही थी। यही कारण है कि अभिनेता इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। सूत्रों का कहना है कि सलमान इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद गंभीर हैं और हर सीक्वेंस पर बारीकी से काम कर रहे हैं ताकि फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतर सके।

### क्यों खास है बैटल ऑफ गलवान?

यह फिल्म सिर्फ एक युद्ध कथा नहीं बल्कि भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा को बड़े पर्दे पर पेश करने की कोशिश है। अपूर्व लाखिया अपने एक्शन और रियलिस्टिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और ऐसे में उम्मीद है कि बैटल ऑफ गलवान युद्ध पर आधारित फिल्मों में एक खास पहचान बना सकती है। फिल्म में सलमान खान एक आर्मी अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर हद तक जाता है। उनके साथ अभिनेता अंकुर भाटिया भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

### फैंस को पहले लुक का इंतजार

मुंबई शेड्यूल शुरू होने की खबर के बाद सलमान के फैंस सोशल मीडिया पर लगातार फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। हर किसी को इंतजार है कि आखिरकार कब सलमान खान का मिलिट्री अवतार पर्दे पर सामने आएगा। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद मेकर्स 2026 की शुरुआत में इसका पहला टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।



## वनरक्षक पर फर्जीवाड़े का आरोप, कानून की उड़ाई धज्जियां

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(नि.सं.)।** धौलपुर जिले के बाड़ी रेंज के नाका धौर्र चौकी जोरिया पर तैनात वनरक्षक पवन शर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि वे वनपाल की वर्दी पहनकर एरिया में रौब झाड़ते हैं और इसी पहचान का इस्तेमाल करते हुए अवैध वसूली करते हैं। सूत्रों के अनुसार, वनरक्षक पवन शर्मा खनन माफियाओं से मिलीभगत कर अवैध खनन करवाने में भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाके पर तैनात वनकर्मी अवैध खनन में लिप्त वाहनों को निकलवाने के बाद वन विभाग की सरकारी गाड़ी से सबूत मिटाते हैं, ताकि कोई कार्रवाई न हो सके। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले पर वन विभाग का कोई ध्यान नहीं है, जिससे क्षेत्र में अवैध खनन का गोरखधंधा खुलेआम चल रहा है। लोगों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि विभाग की साख बरकरार रह सके।



## हिनौता चौकी के पास 01 अवैध देशी पिस्टल सहित मुल्जिम रिंकू गिरफ्तार

### मुल्जिम ओमवीर के कब्जे से 04 जिंदा कारतूस



### जप्त, मुल्जिम गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा के पर्यवेक्षण में वृताधिकारी वृत मनियां जिला धौलपुर राजेश शर्मा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी मनियां उदय चंद मीना पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में बदन सिंह एएसआई प्रभारी चौकी बरैठा द्वारा मय जाप्ता के मुखबिर की खास सूचना पर हिनौता चौकी के पास से मुल्जिम रिंकू पुत्र बृन्दावन उम्र 27 साल जाति गुर्जर निवासी हिनौता चौकी थाना मनियां जिला धौलपुर के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल को जप्त किया व मुल्जिम ओमबीर पुत्र भीखाराम जाति बघेल उम्र 37 साल निवासी बगचौली खार थाना मनियां जिला धौलपुर के कब्जे से 04 जिंदा कारतूस को जप्त किया गया। मुल्जिम रिंकू व ओमबीर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मुल्जिमों के विरुद्ध धारा आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ जारी है।

## डॉ अमित जैन ने आचार्य श्री पुलकसागर जी महाराज का इलाज कर दिखाई धार्मिक सहिष्णुता और चिकित्सा क्षमता



## का अद्भुत मेल

### धौलपुर के लाल ने किया नाम रोशन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(नि.सं.)।,** आचार्य श्री पुलकसागर जी महाराज उदयपुर में चातुर्मास प्रवास पर थे, लेकिन उन्हें दांतों में समस्या हो गई। कई डेंटिस्ट को बुलाया गया, लेकिन कोई भी उनकी धार्मिक परंपराओं के अनुसार इलाज नहीं कर पाया। ऐसे में डॉ अमित जैन ने अपने क्लीनिक अमित डेंटल क्लिनिक का सेटअप  हिरणमगरी उदयपुर में लगाकर आचार्य श्री का इलाज करने का फैसला किया। उन्होंने पूरी शुद्धता और मर्यादा के साथ आचार्य श्री का उपचार किया। आचार्य श्री ने धौलपुर के मनीया निवासी भागचंद जैन के पुत्र डॉ अमित जैन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल चिकित्सा में दक्षता दिखाई, बल्कि परंपरागत नियमों का सम्मान भी किया। डॉ जैन की धर्मपत्नी शोभना जैन और सुनील जैन ने भी इस सेवा में सहयोग दिया। आचार्य श्री के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और उन्होंने डॉ जैन के प्रयासों की प्रशंसा की। यह एक सराहनीय कार्य था, जिसमें डॉ जैन ने अपनी चिकित्सा क्षमता और धार्मिक सहिष्णुता का परिचय दिया।

## पेयजल किल्लत को लेकर मुहाना गांव के ग्रामीणों का हल्ला बोल प्रदर्शन,

### 10 दिवस में पेयजल सप्लाई चालु नही हुई तो आमरण अनशन के चेतावनी, ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(नि.सं.)।** मुहाना कस्बे में बिन पानी सब सुन जी हाँ यह कहावत सत्य ही सिद्ध होती है। पिछले 3 महिनों से बाधित हुई पेयजल सप्लाई को लेकर मुहाना गांव के आक्रोशीत ग्रामीणों ने बुधवार को मुहाना तिराहे पर सरकार के खिलाफ विरोध के स्वर खोल दिये। स्थानीय निवासी राकेश शर्मा व विष्णु प्रजापति ने बताया कि पिछले तीन महीनों से मुहाना गांव में पेयजल की सप्लाई बंध पड़ी है, मंहगे दामो पर निजी टेकंरो

## जिले में बैंकों के सीडी रेशो में सुधार की संभावनाएं- सीईओ ए.एन. सोमनाथ

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(नि.सं.)।,** जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए.एन. सोमनाथ ने कहा कि जिले में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशो) में अभी भी काफी सुधार की संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं के ऋण आवेदन और सब्सिडी दावों के लंबित प्रकरणों का नियमित और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सीईओ सोमनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना और पीएम युवा स्वरोजगार योजना के लक्ष्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई और केंद्र एवं राज्य सरकार की वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की वित्तीय योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। उन्होंने बैंकों से वित्तीय समावेशन, शाखा विस्तार और मोबाइल बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि सीडी रेशो में सुधार के लिए ऋण वितरण को बढ़ाया जाए और सरकारी सब्सिडी योजनाओं के तहत ऋण आवंटन में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और नाबार्ड की एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर स्कीम के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। बैठक में नाबार्ड के डीडीएम कैलाशचंद, पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार सहित विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, बैंक-प्रशासन समन्वय और भविष्य की कार्ययोजना तय करना बताया गया।

## राजस्थान राज्य जूनियर आर्चरी चैंपियनशिप का शुभारंभ, धौलपुर की प्रियांशी ने जीता रजत पदक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,** पुलिस लाइन ग्राउंड धौलपुर में आज राजस्थान राज्य जूनियर आर्चरी चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में जिला ओलंपिक संघ के महासचिव केशव सिंह राणा, राजस्थान तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष गिरधारी लाल सेन और महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय खेल ध्वज फहराकर किया गया। इस अवसर पर केशव सिंह राणा ने कहा कि "धौलपुर की धरती पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजों का प्रदर्शन गौरव की बात है। राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर तीरंदाजी को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं।" गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और आज के रैंकिंग परिणाम इस प्रकार रहे –

रिकर्व बालक वर्ग प्रथम क्रिस कुमार (वाडमेर), द्वितीय महेश कुमार (नागौर), तृतीय मयंक (श्रीगंगानगर)।

रिकर्व बालिका वर्ग प्रथम खुशी कुमावत, द्वितीय प्रियांशी (धौलपुर), तृतीय खुशबू (जावा द्रोणाचार्य अकादमी)।

कंपाउंड बालक वर्ग प्रथम पवन घाट (बीकानेर), द्वितीय प्रद्युमन यादव (अलवर), तृतीय सचिन चैची (जयपुर)।

कंपाउंड बालिका वर्ग प्रथम खुशी शर्मा (बूंदी), द्वितीय अभिलाषा यादव (अलवर), तृतीय शिवानी (सीकर)। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, हरेंद्र कुमार, कन्हैया पटेल, हीरालाल बादवड़वाल, मनीष नागा, योगिता आचार्य सहित कई खेल अधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के एलिमिनेशन राउंड कल आयोजित किए जाएंगे, जिनमें राज्यभर के तीरंदाजों के बीच रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है।

## मकराना में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित – जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी दी गई

जयपुर टाइम्स




**मकराना(नि.सं.)।,** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मकराना में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी ने छात्रों और नागरिकों को विभिन्न कानूनी सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सलाह, वकील और अदालत में कानूनी कार्यवाही में सहायता प्रदान करता है। नालसा की 'आशा इकाई योजना' के माध्यम से बाल विवाह पीड़ितों की सहायता की जाती है, वहीं 'जागृति योजना' का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और आमजन में न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना है। हनीफी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल कर निःशुल्क कानूनी सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकता है। नालसा की प्रमुख योजनाओं में लोक अदालतें, मध्यस्थता, कानूनी साक्षरता, पीड़ित मुआवजा योजना, तथा मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों, नशा पीड़ितों, बच्चों और आदिवासियों के लिए विशेष कानूनी सहायता सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रालसा (राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा निरंतर जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगों को कानूनी अधिकारों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि समाज के कमजोर वर्गों को न्याय सुलभ हो सके। कार्यक्रम में स्कूल संचालक महावीर शर्मा, प्रधानाचार्य विद्याशर्मा सहित स्कूल के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे और उन्होंने कानूनी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना।

## केंद्रीय विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य परिचर्चा का हुआ आयोजन अपने मन की बात खुलकर अपनों से करें साझा- डॉ मित्तल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वाधान मे विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत केंद्रीय विद्यालय धौलपुर में 'युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य का महत्त्व' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान मनो विशेषज्ञ डॉ सुमित मित्तल ने मानसिक स्वास्थ्य परिचर्चा में छात्र -छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की। मनोचिकित्सक डॉ मित्तल ने कार्यशाला में 14 से 18 वर्ष के युवाओं में शैक्षणिक तनाव, प्रतिस्पर्धा, परिजनों की अपेक्षाओं, सहपाथियो के दबाव, ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया के अधिक उपयोग आदि से अवसाद, एंग्जायटी, तनाव, मोबाइल एवं ड्रग एडिक्शन आदि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही है जिन्हें समय पर पहचान एवं उचित उपचार से रोका जा सकता है। डॉ मित्तल ने कहा कि आज सबसे बड़ी कमी सकारात्मक माहौल की है। जिसमें बच्चे अपने मन की बात को अपने माता पिता या शिक्षक से खुलकर नहीं कर पाते। जिसकी वजह से उनकी भावनाएं दबी रह जाती है। जो मानसिक अवसाद का कारण बनती है। परिजनों को बच्चों पर अनावश्यक दबाव बनाने से बचना चाहिए। उनको यह विश्वास दिलाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बढ़कर नहीं है। बच्चों को परिणाम की चिंता नहीं करते हुए प्रयासों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 की जानकारी प्रदान करते हुए बताया की किसी भी स्टूडेंट्स को कोई मानसिक या भावनात्मक समस्या हो तो घर बैठे कॉल कर परामर्श ले सकता। विद्यालय प्रधानाचार्य मन्मथ कुमार ने विधार्थियो से अनुशासन मे रहते हुए मोबाइल के सदुपयोग की बात कही, मोबाइल आज के समय की बहुत बड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्या बन गई है जिसे समय रहते नियंत्रण मे करना जरुरी है।

## भारी बारिश के बाद धौलपुर की सड़कें बनी मुसीबत, दीपावली बाद शुरू होगा मरम्मत कार्य

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,(नि.सं.)** जिले में हुई हालिया भारी बारिश के बाद शहर की अधिकांश सड़कें जर्जर हालत में पहुंच गई हैं। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई सड़कों पर तो डामर पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। शहरवासी अब नगर परिषद, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के खिलाफ नाराजगी जता रहे हैं। मुख्य बाजारों से लेकर कॉलोनियों की गलियों तक सड़कें खस्ताहाल स्थिति में हैं, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन नरेश मीणा ने बताया कि सड़कों की मरम्मत के लिए सितंबर माह में टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन किसी ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई। अब दुबारा टेंडर प्रक्रिया जारी की गई है और 13 अक्टूबर को टेंडर खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद पेंचवर्क और नवीनीकरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, नगर परिषद आयुक्त गुमान सैनी ने बताया कि परिषद के अधीन आने वाली सीसी सड़कों के पेंचवर्क के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्क ऑर्डर जारी होते ही मरम्मत कार्य प्रारंभ होगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क मरम्मत में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि कुछ महीनों बाद फिर से यही स्थिति न बने। फिलहाल, शहरवासी दीपावली के बाद बेहतर सड़कों की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## शहरी सेवा शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अन्तर्गत किष्त आवंटन एवं पट्टो का किया वितरण

जयपुर टाइम्स



**गंगापुर सिटी,** मदन मोहन गर्ग। राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग जारी दिषा-निर्देषों की पालना में नगरीय निकाय गंगापुर सिटी द्वारा शहरी सेवा षिविर-2025 का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर, 2025 से किया जा रहा है।दिनांक 08.10.2025 को वार्ड नं. 37 से वार्ड नं. 40 तक का आयोजन श्याम मंदिर कुशाल लेक पार्क गंगापुर सिटी में आयोजित किया गया। आमजन से प्राप्त षिकायतों/परिवादों का भी मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। आयुक्त बृजेंद्र मीना ने बताया कि 8 अक्टूबर को शिविर दौरान कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टे 6, ट्रेड लाईसेंस के 1, भवन निर्माण स्वीकृति के, नाम हस्तान्तरण के , प्रधानमंत्री स्वनिधि के 5, स्ट्रीट लाईट के 15, यूडी टैक्स के, जन्म-मृत्युविवाह पंजीयन के 49, घर-घर कचरा संग्रहण के 4, पूरक पोषाहार के 63, पेंषन के 2, पालनहार के, जनाधार के 15, खाद्य सुरक्षा के 22, अग्निषमन प्रमाण पत्र के, विद्युत विभाग के 47प्रकरणों सहित सीवरेज के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।शिविर की व्यवस्थाओं में नोडल प्रभारी तरूण जैन, सहायक नोडल प्रभारी मनमोहन दुबे, प्रभारी अधिकारी सुरेश शर्मा, मानसिंह मीना, वरिष्ठ सहायक राजेश मीना, पट्टा प्रभारी लालाराम वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से जुटे रहे। आयुक्त ने बताया कि आगामी शहरी सेवा षिविर-2025 का आयोजन दिनांक 09.10.2025 को वार्ड नं. 41 से 45 तक का कार्यालय सहायक अभियंता सालौदा पावर हाउस परिसर गंगापुर सिटी में आयोजित किया जावेगा।

## फायर एनओसी सहित जारी किए प्रमाण पत्र

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में शहरी सेवा शिविर के तहत वार्ड न. 35 के लोगों के लिए शिविर का आयोजन नगरपरिषद द्वारा किया गया। शिविर में पार्षद पुरूषोतम शर्मा, दीनदयाल पारीक, पन्नालाल सोनी, पंकज घासोलिया आदि ने शिरकत की। शिविर प्रभारी एटीपी उदयसिंह गुर्जर ने बताया कि शिविर में फायर एनओसी, पट्टे, म्यूटेशन आदि प्रदान किए गए। इसी प्रकार जन्म प्रमाण पत्र, लीज मुक्ति आदि प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। भवन निर्माण स्वीकृति, नरेगा के जोब कार्ड जारी किए गए। पीएम आवास योजना के आवेदन लिए गए। शिविर में प्रभारी उदयसिंह गुर्जर, एएफओ रूपसिंह, सहायक अभियंता चारवी, एआरआई तिलोकचंद और विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने सेवाएं दी।

## फसल मुआवजे के लिए जोबनेर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**जोबनेर (नि.सं.)**हाल ही जोबनेर उप खंड क्षेत्र में बेमौसम हुई भारी बारिश से किसानों की फसलें खराब हो गई और खेतों में पानी भर गया। सामाजिक कार्यकर्ता शिशपाल कुड़ी ने एसडीएम जोबनेर नेहा राठी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि हाल ही हुई तेज बारिश से किसानों की खरीफ की फसलें लगभग सौ प्रतिशत खराब हो गई है जिससे धरती का सीना चीर कर अन्न उगाने वाला अन्नदाता खून के आंसू रो रहा है और किसानों में भारी निराशा छाई हुई है। ज्ञापन में कुड़ी ने मांग की है कि ग्राम पंचायत कुड़ियों का बास सहित उपखंड क्षेत्र में उक्त मुआवजे की गिरदावरी समय पर करवाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत फसल बीमा का बीमा कंपनियों से क्लेम दिलवाने की कार्यवाही करे।

## मकराना में केजीएन न्यू साउंड की दुकान में चोरी, एक लाख रुपए का नुकसान

जयपुर टाइम्स



**मकराना(नि.सं.)** मकराना शहर के टंकी चौराहे स्थित केजीएन न्यू साउंड दुकान में देर रात चोरी की वारदात हुई। जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब 3.30 बजे की है। घटना के समय आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह जब दुकान के मालिक मुख्तार देशवाली दुकान पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शटर टूटा हुआ है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और थाने में शिकायत दर्ज कराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में कुछ धुंधली झलकें दिखाई दी हैं, लेकिन चोरों की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दुकान से नगद राशि और कीमती सामान सहित लगभग 1,00,000 का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरी करने वालों की तलाश शुरू कर दी है। थाना अधिकारी ने बताया कि टीम गठित कर संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भैंरूजी के जागरण में लोक कलाकारों ने दिखाए करतब

जयपुर टाइम्स

**सुजापगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दिखनादा बाजार स्थित दुजार वाले भैंरूजी मंदिर में विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले बाबा की पूजा अर्चना की गई और ज्योत ली गई। जिसमें राजकुमार प्रजापत, रामनारायण, रामदेव, शेरसिंह धाभाई, दुर्गेश कुमार, महावीर गोठड़िया, बजरंग पीपलवा, बजरंग गुर्जर, विष्णु शर्मा आदि ने भाग लिया। इसके बाद रात्रि में बाबा रामदेव एण्ड पार्टी गोपालपुरा के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। कलाकार धनराज मेघवाल ने बाबा के सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रद्धालु नाचने लगे। लोक कलाकार भींवाराम मेघवाल ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी और आंखों से नोट उठाने सहित अनेक करतब दिखाए। उसके बाद डमरू पर नृत्य भी कालाकारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में रतनलाल, प्रेमसुख, पंकज, महेंद्र, अजय प्रजापत, राकेश अग्रवाल, मनोज प्रजापत, भव्य गोठड़िया, रौनक जैन, इकबाल खान, पवन कुमार आदि ने योगदान दिया।

## देवयानी सरोवर में गंदगी से श्रद्धालु परेशान, कार्तिक मास में आस्था को लग रही ठेस



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)** सांभर कस्बे से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थ स्थल देवयानी सरोवर इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। कार्तिक मास के अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु स्नान एवं दर्शन के लिए यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन सरोवर की गंदगी और कचरे के ढेर से उनकी आस्था को ठेस पहुंच रही है। सरोवर के पवित्र जल में प्लास्टिक की थैलियां, पूजन सामग्री और अन्य कचरा तैरता नजर आ रहा है। घाटों पर भी सफाई व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त पड़ी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि जिस स्थल को "सब तीर्थों की नानी" कहा जाता है, वहां इस तरह की लापरवाही अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्तिक स्नान के आरंभ होते ही सरोवर पर श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे गंदगी की समस्या और बढ़ गई है। श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से शीघ्र सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर देवयानी सरोवर की पवित्रता बहाल करने की मांग की है।

## "शहरी सेवा शिविर 2025" से आमजन को मिल रही त्वरित राहत – सांगानेर जोन में हुआ वार्डवार कैंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किए जा रहे "शहरी सेवा शिविर 2025" के अंतर्गत सांगानेर जोन में बुधवार को अजय पार्क, प्रताप नगर, सांगानेर में वार्ड संख्या 95, 97, 98, 99, 100, 101, 102 और 103 सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में वार्डवार शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं का स्थल पर ही त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि "शहरी सेवा शिविर" का उद्देश्य नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर, एक ही दिन में सुनिश्चित करना है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 9.30 से शाम 6.00 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विभागीय अधिकारी मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर समाधान कर रहे हैं। शिविर में यूडी टैक्स बिल संशोधन, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सफाई, सीवर लाइन, स्ट्रीट लाइट, घर-घर कचरा संग्रहण जैसे मामलों का त्वरित निस्तारण हुआ। सांगानेर निवासी राधा प्रकाश जेठमल ने बताया कि उनके यूडी टैक्स में संशोधन तुरंत कर नया बिल जारी किया गया। वहीं मोहन जी ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन किया, और कुछ ही समय में 25,000 का ऋण स्वीकृत हुआ जिससे वे अपनी चाय की दुकान का विस्तार कर सकेंगे। आज के शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के 38, जनआधार के 37, सफाई संबंधी 25, स्ट्रीट लाइट के 2, घर-घर कचरा संग्रहण के 4 तथा सीवर लाइन मरम्मत के 7 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025 को मानसरोवर जोन का फॉलोअप शिविर सामुदायिक केंद्र, एस.एफ.एस. मानसरोवर में आयोजित किया जाएगा।

## इफको ने चलाया नैनो उर्वरक उपयोग महाअभियान- कृषि अधिकारियों को दी नई तकनीक की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**चुरू(निसं.)।** इफको द्वारा बुधवार को कृषि विभाग चुरू परिसर में नैनो उर्वरक उपयोग महाअभियान के तहत एक दिवसीय नैनो उर्वरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजय प्रताप सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक, कृषि सेवाएं, इफको) रहे, जबकि संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ. राजकुमार कुलेरिया ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. कुलदीप शर्मा, कृषि अधिकारी विजय पुरी, जिले के कृषि अधिकारी, सहायक कृषि अधिकारी और लगभग 80 कृषि सुपरवाइजर उपस्थित रहे। डॉ. अजय प्रताप सिंह ने नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी के वैज्ञानिक उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी से बीज उपचार करने पर पौधों का अंकुरण और वृद्धि बेहतर होती है। प्रति लीटर पानी में 4 एमएल नैनो यूरिया प्लस और 4 एमएल नैनो डीएपी मिलाकर छिड़काव करने से उत्पादन बढ़ता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं होता। इफको प्रतिनिधि अजय कुमार जाखड़ ने किसानों को नैनो उर्वरक, तरल एनपीके कंसोर्टिया, जल विलेय उर्वरक और सागरिका के उपयोग और लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार कुलेरिया ने कहा कि नैनो उर्वरक भविष्य की खाद हैं, जो खेती की उत्पादकता बढ़ाने और मिट्टी की सेहत सुधारने में सहायक होंगे। उन्होंने कृषि अधिकारियों से किसानों में नैनो तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

## "संगम" का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** महेश्वरी भवन में महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम "संगम" का आयोजन को किया । संगम एक आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम में त्योहारों की इस सीजन में अपने घर की सफाई के साथ-साथ अपने मन की सफाई कर विकारों रूपी रावण को खत्म करने और आत्म चेतना का दीप जलाकर खुशियों से भरपूर जीवन जीने की राह दिखाता है। इसमें आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां होती आपसी स्नेह सहयोग और सौहाद्र अपनाकर अपने जीवन को पुनः नई दिशा मिलती अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा के वाइब्रेशन बनाकर जीवन का आनंद ले।

## सांभर थाना पुलिस को मिली सफलता- गुमशुदा और चोरी हुए पाँच मोबाइल बरामद

जयपुर टाइम्स

**सांभर लेक(कासं.)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी (आईपीएस) के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सांभर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुमशुदा और चोरी हुए पाँच मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए हैं। पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा ने बताया कि जिलेभर में मोबाइल चोरी और गुमशुदगी के मामलों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा और पुलिस उप अधीक्षक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में, थाना अधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीआईईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद जयपुर, उदयपुर, हनुमानगढ़ और सांभर कस्बे से कुल पाँच मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने जब ये मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए तो उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनका मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाए तो तुरंत ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे फोन को शीघ्र ट्रेस किया जा सके। साथ ही यह भी कहा गया है कि






नया या पुराना मोबाइल खरीदते समय उसकी पूरी जानकारी और वैधता अवश्य जांचें, ताकि किसी कानूनी परेशानी से बचा जा सके।

### त्योहारी भीड़ से पहले प्रशासन का 'अतिक्रमण' पर एक्शन

## बाजारों में जब्ती और सख्ती, निगम आयुक्त बोले- कार्यवाही रहेगी जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** त्योहारी सीज़न में बाजारों को जाम-मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम ने सख्ती से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। प्रशासन ने एक दिन पहले दुकानदारों को दी गई चेतावनी के बावजूद लापरवाही बरतने वालों पर कड़ा एक्शन लेते हुए अतिक्रमण हटाया और सामान जब्त किया। यह कार्यवाही एडीएम सिटी बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जीतेंद्र नरूका और ट्रैफिक सीओ मुकेश चौधरी द्वारा व्यापार संगठनों के साथ हुई समझाइश और चेतावनी के बाद की गई है।





### केडलगंज, होप सर्कस सहित कई क्षेत्रों में सख्ती से की कार्यवाही

यह अभियान केडलगंज, होप सर्कस, अंडे वाली गली और घंटा घर जैसे प्रमुख भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चलाया गया। निरीक्षण के दौरान, जिन दुकानदारों ने चेतावनी को अनदेखा किया, उनके खिलाफ सख्ती बरती गई। निगम की टीम ने दुकानों के बाहर सड़क पर रखा अतिक्रमित सामान जब्त किया, जिससे बाजारों में यातायात के लिए पर्याप्त जगह बन सके।

### लक्ष्य अतिक्रमण मुक्त बाजार- निगम आयुक्त

नगर निगम आयुक्त जीतेंद्र नरूका ने इस कार्रवाई पर कहा कि बाजारों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाना ही लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी व्यापार संगठनों से कई बार बातचीत हो चुकी है और दुकानदारों को भी समझाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई दुकानदार फिर भी अतिक्रमण करता है, तो कानून के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त ने यह भी दोहराया कि नियमित निरीक्षण और कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### यातायात व्यवस्था सुधारना प्राथमिकत- ट्रैफिक सीओ

ट्रैफिक सीओ मुकेश चौधरी ने कार्रवाई की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि त्योहारों पर बाजारों में भीड़ अत्यधिक बढ़ जाती है, और अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने बताया कि बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने और आम जनता को सहूलियत देने के लिए ही यह अतिक्रमण हटाया जा रहा है और यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस दौरान फायर ऑफिसर अमित मीणा, निगम एईएन धर्मेंद्र मीणा, निगम अतिक्रमण शाखा से रितिक चौधरी, शहर कोतवाल नरेश शर्मा और ट्रैफिक इंचार्ज राजेश चौधरी सहित पुलिस के जवान व निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** शहीद राजेश कुमार फगेड़िया राउमावि घांघू में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में 69 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ष क्रिकेट स्पर्धा में भाग लेकर लौटे छात्र खिलाड़ि?यों का स्वागत किया गया तथा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी संस्था प्रधान सुनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय की अंडर-19 वर्ष छात्रों की टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक का सफर किया। साथ ही विद्यालय के दो छात्र शाहिद खान पुत्र अरशद खान एवं मो. अयान पुत्र मो खालिक का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चूरू जिला टीम में हुआ जो कि विद्यालय परिवार एवं संपूर्ण गांव के लिए गौरव का विषय है। संस्था प्रधान ने टीम को तैयार करने वाले वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सफी मोहम्मद का धन्यवाद दिया तथा विद्यालय स्टॉफ द्वारा वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सफी मोहम्मद का भी माल्यार्पण द्वारा अभिनन्दन किया गया। व.शा.शि सफी मोहम्मद ने खिलाड़ियों की पूरी खेल- यात्रा पर विस्तार से चर्चा की तथा बताया कि चूरू टीम में चयनित दोनो छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय के सात (7) खिलाड़ी एथलीट टुर्नामेंट में भाग लेने गये हैं। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र मो अजीज पुत्र मो. अजीज का भी अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज सेवरा ने किया। इस अवसर पर रामरख शिवरान, शीशराम श्योराण, बाबूलाल गुर्जर, सजाद खान, सुभाष चन्द्र, अरविंद सैनी, नेमीचंद, नवरतन, विद्या महरिया, सीमा मीणा, पूनम मीणा, बिन्नु कावेया, कमलेश, सुमन कस्वा आदि उपस्थित रहे।

## विद्या संबल योजना के तहत कोचिंग सेवाओं के लिए आवेदन आमंत्रण

सीकर(निसं.)।। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के विभिन्न विद्यालय स्तरीय राजकीय छात्रावासों में आवासित कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों की कोचिंग सेवाएं विद्या संबल योजना अन्तर्गत प्रदान करने के लिए इच्छुक सेवानिवृत्त कार्मिक एवं निजी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता के साथ नियमानुसार आवेदन पत्र 13 अक्टूबर तक संबंधित छात्रावास अधीक्षक अथवा ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। कोचिंग सेवाएं राजकीय अंबेडकर छात्रावास सीकर प्रथम पिपराली, राजकीय अंबेडकर छात्रावास सीकर द्वितीय पिपराली, राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास सीकर पिपराली, राजकीय अंबेडकर छात्रावास पिपराली, राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास नीमकाथाना, राजकीय अंबेडकर छात्रावास गुहाला नीमकाथाना, राजकीय देवनारायण छात्रावास नीमकाथाना, राजकीय अंबेडकर छात्रावास पाटन नीमकाथाना, राजकीय अंबेडकर छात्रावास श्रीमाधोपुर, राजकीय अंबेडकर छात्रावास थोई श्रीमाधोपुर, राजकीय अंबेडकर छात्रावास अजीतगढ़, राजकीय अंबेडकर छात्रावास दांतारामगढ़, राजकीय अंबेडकर छात्रावास धोद, राजकीय अंबेडकर छात्रावास लक्ष्मणगढ़, राजकीय अंबेडकर छात्रावास फतेहपुर एवं राजकीय अंबेडकर छात्रावास खंडेला में आयोजित की जाएगी।

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SINODIYA PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: GR SINODIYA/SBM/2025-26/146 DATE- 7/10/25

**INVITATION OF TENDER 02/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Gram Panchayat Ke Samsat Ganvo Me Ghar Ghar (Avashiy Avm Vavsayik) Se Kachra Sangrahan Avm Prathakkaran, Sadak Avm Nali Safai Tatha Samudayik Swachchta Parisar Ki Safai Sahit Kary at GP SINODIYA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) estimated cost Rs. 953000/-
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB01628
Tender ID - 2025_PRD_505887_1

| Sarpanch<br>Gram Panchayat<br>SINODIYA | VDO<br>Gram Panchayat<br>SINODIYA |
|---|---|

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT JAISINGHPURA PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: GR JAISINGHPURA/SBM/2025-26/102 DATE 07/10/25

**INVITATION OF TENDER 02/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Gram Panchayat Ke Samsat Ganvo Me Ghar Ghar (Avashiy Avm Vavsayik) Se Kachra Sangrahan Avm Prathakkaran, Sadak Avm Nali Safai Tatha Samudayik Swachchta Parisar Ki Safai Sahit Kary at GP JAISINGHPURA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) estimated cost Rs. 871000/-
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB01627
Tender ID - 2025_PRD_505871_1

| Sarpanch<br>Gram Panchayat<br>JAISINGHPURA | VDO<br>Gram Panchayat<br>JAISINGHPURA |
|---|---|

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT NORANGPURA PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: GR NORANGPURA/SBM/2025-26/122 DATE 07/10/25

**INVITATION OF TENDER 02/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Gram Panchayat Ke Samsat Ganvo Me Ghar Ghar (Avashiy Avm Vavsayik) Se Kachra Sangrahan Avm Prathakkaran, Sadak Avm Nali Safai Tatha Samudayik Swachchta Parisar Ki Safai Sahit Kary at GP NORANGPURA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) estimated cost Rs. 936000/-
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB01622
Tender ID - 2025_PRD_505630_1

| Sarpanch<br>Gram Panchayat<br>NORANGPURA | VDO<br>Gram Panchayat<br>NORANGPURA |
|---|---|

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT ROJADI PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: GR ROJADI/SBM/2025-26/128 DATE 08-10-2025

**INVITATION OF TENDER 02/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Gram Panchayat Ke Samsat Ganvo Me Ghar Ghar (Avashiy Avm Vavsayik) Se Kachra Sangrahan Avm Prathakkaran, Sadak Avm Nali Safai Tatha Samudayik Swachchta Parisar Ki Safai Sahit Kary at GP ROJADI P.S. Sambhar Lake (Jaipur) estimated cost Rs. 910000/-
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB01629
Tender ID - 2025_PRD_505892_1

| Sarpanch<br>Gram Panchayat<br>ROJADI | VDO<br>Gram Panchayat<br>ROJADI |
|---|---|

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SHARDULPURA PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: GR SHARDULPURA/SBM/2025-26/378 DATE 6-10-2025

**INVITATION OF TENDER 02/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Gram Panchayat Ke Samsat Ganvo Me Ghar Ghar (Avashiy Avm Vavsayik) Se Kachra Sangrahan Avm Prathakkaran, Sadak Avm Nali Safai Tatha Samudayik Swachchta Parisar Ki Safai Sahit Kary at GP SHARDULPURA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) estimated cost Rs. 904000/-
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB01618
Tender ID - 2025_PRD_505560_1

| Sarpanch<br>Gram Panchayat<br>SHARDULPURA | VDO<br>Gram Panchayat<br>SHARDULPURA |
|---|---|

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
09 अक्टूबर, 2025

# कांग्रेस की राजनीति सस्ती बयानबाज़ी और खोखले नारों तक सिमट गई है : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के नेता गोविंद सिंह डोटासरा और अशोक गहलोत द्वारा दिए गए अनर्गल बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस आज जिम्मेदारी से नहीं सस्ती राजनीति और अफवाहों के सहारे चल रही है। कभी झूठे आरोपों से जनता को गुमराह करने की कोशिश होती है, तो कभी भारत जोड़ो जैसे भ्रमित अभियानों से खोए हुए जनाधार को पाने की नाकाम कोशिश करती है। राठौड़ ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा जयपुर–अजमेर हाईवे हादसे और एसएमएस अस्पताल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर दिया गया बयान पूरी तरह राजनीतिक स्वार्थ और झूठे दावों से प्रेरित है। कांग्रेस खुद उस शासन का हिस्सा रही है जिसने पेपर लीक, भर्ती घोटाले और प्रशासनिक लापरवाही से प्रदेश को गर्त में



पहुंचाया था। कांग्रेस जब सत्ता में थी तब न मुआवज़ा दिया, न दोषियों पर कोई कार्रवाई की। आज भाजपा सरकार त्वरित कार्रवाई कर रही है उच्चस्तरीय जांच करवा रही है और पीड़ितों को न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस का यह कहना कि सबूत मिटा दो खानापूर्ति कर दो आरोप नहीं प्रोपेगेंडा है। अगर डोटासरा के पास कोई ठोस सबूत हैं तो वे सार्वजनिक करें। राजनीति की जगह समाधान सुझाएं अगर वास्तव में संवेदनशील हैं तो ? राठौड़ ने बिहार चुनाव और राहुल गांधी की यात्रा को लेकर अशोक गहलोत के बयानों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह आत्ममुग्धता और भ्रम से भरी बयानबाज़ी अब अप्रासंगिक हो चुकी है। अगर राहुल गांधी की यात्राओं का इतना असर होता तो कांग्रेस एक के बाद एक राज्य क्यों हारती जा रही है? बिहार में भाजपा और एनडीए की पकड़ मजबूत है और कांग्रेस को वहां भी जनता पूरी तरह नकार चुकी है। राठौड़ ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर बेबुनियादी आरोप लगाना सिर्फ नकारात्मकता फैलाने के हथकंडे हैं जिनका लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं। गहलोत जिलाध्यक्ष चयन को अभिनव प्रयोग बता रहे है जबकि इनकी पार्टी में जमकर अंदरूनी खींचतान चल रही है। कांग्रेस में लोकतंत्र नहीं, गुटबाजी का संतुलन साधने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस की यह कवायद अवसरवादी नियुक्तियों और गांधी परिवार को खुश करने तक सीमित है। न पारदर्शिता है न कोई जवाबदेही तय है। गहलोत का यह दावा कि देश को जोड़ने की ताकत केवल कांग्रेस में है पूरी तरह तथ्यों से परे और विडंबनापूर्ण है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने दशकों तक जातिवाद, तुष्टिकरण और क्षेत्रवाद के ज़रिए देश को बांटने का काम किया। भाजपा की एक भारत श्रेष्ठ भारत की नीति ने जम्मू-कश्मीर से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक एकता और विकास का नया रास्ता खोला है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा की भजनलाल सरकार प्रदेश में हर हादसे की जांच और जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा चाहे वे किसी भी स्तर पर हों। कांग्रेस की अफवाहबाज़ी और भ्रम फैलाने की राजनीति का हर स्तर पर जवाब दिया जाएगा। जनता के साथ और जनता के लिए समर्पित रहकर विकास और सुशासन की राह पर सरकार आगे बढ़ती रहेगी। जबकि कांग्रेस अब केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस और नारों की पार्टी बनकर रह गई है। जनता जानती है कि जमीन पर कौन काम कर रहा है और कौन सिर्फ कुर्सी की चिंता में झूठ बोल रहा है। भाजपा की राजनीति सेवा, समर्पण और समाधान की राजनीति है और यही फर्क जनता को हर चुनाव में साफ दिखाई देता है। राठौड़ ने कहा कि प्रहलाद गुंजल ने भाजपा को अपनी मां कहा था, लेकिन आज वो जब से कांग्रेस में गए हैं, तो वही मां के लिए ठोकर मारकर आया'जैसे शब्द बोल रहे हैं। ये कांग्रेस की राजनीति का असर है। कांग्रेस में जाते ही अगर ये भाषा बदल गई है तो ये चिंताजनक है। हमने वर्षों साथ काम किया है। मतभेद कभी मन में नहीं पाले। मैंने स्वयं कभी किसी के लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग नहीं किया। न विरोधियों के लिए, न अपनों के लिए। राजनीति में गरिमा और शुचिता सबसे बड़ी पूंजी है।

## भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार को गोली मारने पर एक करोड़ का इनाम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार को गोली मारने वाले को एक करोड रुपए का इनाम दिए जाने की घोषणा सोशल मीडिया के माध्यम से की गई है इस तरह का संदेश खुद सांसद राजकुमार के पास आया इसके बाद उन्होंने पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और पुलिस महानिरीक्षक को इस बाबत शिकायत की है और इस तरह का ऐलान करने वाले व्यक्ति का पता लगाकर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में सांसद राजकुमार ने वीडियो जारी करके कहा है कि खुलेआम सांसद जैसे जनप्रतिनिधि को इस तरह से धमकी देना यह दिखाता है कि राजस्थान में बदमाशों की हौसले कितने बुलंद हैं उन्होंने कहा है कि पुलिस इस मामले की जांच करें क्योंकि जब सांसद को ही इस तरह से धमकी मिलने लगी है तोफिर यहां आम नागरिक खुद को कैसे सुरक्षित समझ सकता है यह एक चिंता का विषय हैउल्लेखनीय है कि प्रदेश की बांसवाड़ा लोकसभा सीट से भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार पिछले लोकसभा चुनाव में निर्वाचित हुए थे उन्होंने कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए महेंद्रजीत सिंह मालवीय को हराया था हालांकि महेंद्रजीत सिंह मालवीय आदिवासी समाज के काफी लोकप्रिय नेता माने जाते हैं मालवीय ने कांग्रेस पार्टी में काफी लंबा समय बिताया कई बार कांग्रेस पार्टी के विधायक भी रहे कांग्रेस पार्टी में रहने के दौरान बांसवाड़ा और डूंगरपुर इलाके में कई बार महेंद्र सिंह मालवीया ने बड़ी-बड़ी सभाएं भी आयोजित की इन सभाओं में लाखों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग अपनी उपस्थिति भी दिखते थे इसलिए मालवीय कांग्रेस पार्टी के आदिवासी समाज के लंबे समय तक काफी लोकप्रिय और कद्दावर नेता रहे लेकिन कुछ साल पहले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन किया और भारतीय जनता पार्टी ने इन्हें बाड़मेर से लोकसभा का टिकट भी दिया लेकिन चुनाव नहीं जीत पाए।



## एसीबी ने सहायक सब इंस्पेक्टर को 50000 की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जालौर जिले के बागोड़ा थाना इलाके के सहायक सब इंस्पेक्टर को 50000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त कल्याण सिंह है जिसने रास्ते के विवाद में परिवादी की सहायता करने के बदले रिश्वत मांगी थी एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से कल्याण सिंह की ओर से हाल ही में संपादित किए गए अन्य पुलिस मामलों की जांच के बारे में भी छानबीन कर रही है एसीबी को संदेह है कि जिस तरह से 50000 रुपए की रकम के साथ कल्याण सिंह को पकड़ा गया है निश्चित रूप से यह बिना पैसे लिए दिए शायद कोई काम नहीं करता है इसलिए पुलिस इसकी ओर से हाल ही में जांच किए गए मामलों के बारे में भी जांच पड़ताल कर रही है एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी का रास्ते को लेकर दूसरी पार्टी से विवाद चल रहा था इस विवाद में आरोपी सहायक सब इंस्पेक्टर कल्याण सिंह ने पुलिस का सहयोग देने के बदले रिश्वत मांगी थी जिसके शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत कर सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद वीरों ने आरोपी कल्याण सिंह को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक योजना तैयार की योजना के तहत बुधवार को जैसे ही परिवादी ने कल्याण सिंह को 50000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ कल्याण सिंह को मौके पर ही पकड़ लिया द्य एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से कल्याण सिंह की स्थाई और स्थाई संपत्तियों के बारे में भी छानबीन की जा सकती है इसके अलावा एंटी करप्शन ब्यूरो इस बात की भी जांच कर रहा है कि रिश्वत की 50000 रुपए की जो रकम बरामद की गई है इस रकम में थाने में तैनात किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो तय नहीं था इसका भी पता लगाया जा रहा है।

## आजम खान के रुतबे के आगे अखिलेश यादव झुके, दोनों के बीच अकेले में हुई मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में बुधवार को रामपुर में जो कुछ हुआ अपने आप में किसी हाई वोल्टेज ड्रामा से काम नहीं रहा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के सामने भी आजम खान का दबदबा साफ दिखाई दिया है आजम खान ने कहा था कि मुलाकात में कोई तीसरा नहीं होगा ऐसा ही हुआ अखिलेश यादव अकेले ही आजम खान से मिलने पहुंचे। जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खान से रामपुर में मुलाकात का कार्यक्रम निर्धारित किया था लेकिन इससे पहले ही आजम खान ने उन्हें यह संदेश भिजवा दिया कि हमारे दोनों के बीच कोई तीसरा मुलाकात में नहीं रहेगा आजम खान का यह इशारा रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह की तरफ था आजम ने यह भी कहा था कि अखिलेश से केवल हम मिलेंगे ना मेरी पत्नी ना मेरा बेटा अब्दुल्ला उनसे मुलाकात करेगा यही हुआ अखिलेश की केवल आजम खान से मुलाकात हुई अखिलेश यादव रामपुर के संसद के साथ लखनऊ से आए थे लेकिन उन्होंने रामपुर के सांसद को बरेली में ही छोड़ और फिर खुद अकेले ही आजम खान से मिलने रामपुर पहुंचे दरअसल 23 महीने तक जेल में रहने के दौरान आजम खान से मिलने अखिलेश यादव कभी नहीं जा सके थे इस बीच जमानत पर आजम खान के रहा होते ही कई तरह के अटकलें लगने शुरू हो गई सबसे ज्यादा चर्चा आजम खान के समाजवादी का साथ छोड़कर बसपा ज्वाइन करने को लेकर थी यहां तक कहा जाने लगा कि लखनऊ में 9 अक्टूबर को आयोजित बसपा की रैली में आजम खान भी जा सकते हैं इन अटकलें को विराम देने के लिए अखिलेश ने आजम से मुलाकात का ऐलान किया और बसपा की रैली से ठीक 1 दिन पहले उन्होंने 8 अक्टूबर की तारीख आजम खान से मिलने के लिए निर्धारित कर दी इससे पहले की अखिलेश यादव रामपुर आते आजम खान मीडिया के जरिए इशारों में कई शर्तें रखड़ी आजम खान ने साफ कर दिया कि अखिलेश आएंगे तो उनके साथ सिक्योरिटी के अलावा कोई और नहीं होना चाहिए ना कोई राजनीतिक व्यक्ति ना कोई सामाजिक व्यक्ति होना चाहिए उनका इशारा रामपुर के वर्तमान सांसद की तरफ ही था अखिलेश ने भी आजम खान की भावनाओं का पूरा कद्र किया और रामपुर के सांसद को ही रामपुर अपने साथ नहीं लेकर आए लखनऊ से बरेली विमान से पहुंचने के बाद अकेले ही हेलीकॉप्टर से रामपुर पहुंचे।





## प्रदेश में लगातार दूसरे दिन मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे, नहीं हुई जनहानि

**मंगलवार को बीकानेर में बुधवार को सीकर के श्रीमाधोपुर इलाके में मालगाड़ी के दो दर्जन डिब्बे पटरी से उतरे**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में बुधवार को लगातार दूसरे दिन मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे मंगलवार को बीकानेर के गजनेर और कोलायत रेलवे स्टेशन के बीच मालगाड़ी के 37 डिब्बे पटरी से उतर गए थे इसके बाद कई घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा इसके बाद अगले ही दिन बुधवार को प्रदेश के सीकर जिले के श्रीमाधोपुर में न्यू रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के दो दर्जन डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए सूचना मिलने के बाद रेल प्रशासन पुलिस और जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची है बाधित रेलवे ट्रैक को सुधर जा रहा है पटरी पर और पटरी के आसपास बिखरे पड़े रेलवे बैंगन को हटाया जा रहा है जानकारी के अनुसार प्रदेश के सीकर जिले के श्रीमाधोपुर इलाके में फुलेरा से रेवाड़ी की ओर जा रही मालगाड़ी के डिब्बे न्यू रेलवे स्टेशन के पास पटरी से नीचे बुधवार को उतर गए कहा जा रहा है कि अचानक रेल पटरी पर साड के आ जाने की वजह से पटरी से गुजर रही मालगाड़ी के दो दर्जन डिब्बे पटरी से उतर गए इनमें कई डिब्बे एक दूसरे पर चढ़ गए हालांकि इस रेल दुर्घटना में जनहानि नहीं हुई है लेकिन मालगाड़ी के कुल 58 डिब्बे थे जिनमें 42 में चावल भरे हुए थे और बाकी के खाली थे इनमें दो दर्जन डिब्बे पटरी से उतरे हैं खबर लिखे जाने तक इस हादसे से क्षतिग्रस्त हुई रेल पटरी को दुरुस्त किया जा रहा है खबर लिखे जाने तक रेल पटरी को ठीक करने का कार्य जारी था।

## फिल्म स्टार शाहरुख खान और पत्नी गौरी खान की मुश्किल बढ़ी, हाई कोर्ट का हंटर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को मानहानि के एक मामले में समन भेजा है यह समन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े की याचिका पर जारी किया गया है इस याचिका में उन्होंने 2 करोड रुपए के हर जाने की मांग की है कोर्ट ने सभी पक्षों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 7 दिन का समय दिया है इस मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े ने आरोप लगाया है कि शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई और नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज द बेडस ऑफ़ बॉलीवुड ने उनकी प्रतिष्ठा को भारी नुकसान पहुंचा है वानखेडे का कहना है की सीरीज में एक नारकोटिक्स कंट्रोल्स ब्यूरो अधिकारी का किरदार है जो उन्हें दर्शाने की कोशिश करता है उनका दावा है कि जिस तरह से इस किरदार को दिखाया गया है वह उन्हें बदनाम कर रहा है और उनके पेशेवर ईमानदारी पर सवाल उठता है उन्होंने कहा कि शो के कंटेंट को मानहानि घोषित किया जाए उन्होंने यह भी कहा कि शो रिलीज होने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को गंभीर नुकसान हुआ है वानखेड़े ने अपनी याचिका में जोड़ देकर कहा कि फिल्मी कल्पना की आड़ लेकर किसी भी व्यक्ति की छवि से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता भले ही सीरीज में उनका नाम सीधे तौर पर इस्तेमाल न किया गया हो लेकिन दर्शकों को साफ पता चलता ही किरदार उन्हें पर आधारित है दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर इस मामले में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है।



## यूपीआई पेमेंट बिना पिन डाले होगा, फिगर प्रिंट से कर पाएंगे भुगतान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला डिजिटल पेमेंट सिस्टम बुधवार से अपग्रेड हो गया है बुधवार से अपने फेस वेरिफिकेशन या फिंगरप्रिंट से पेमेंट कर सकेंगे यानी अब आपको चार या छह अंकों का यूपीआई पिन डालने की जरूरत भी नहीं होगी ना ही इसे याद रखने का झंझट होता यह नई सुविधा आधार बेस्ड बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन पर काम करेगी इससे ट्रांजैक्शन और भी तेज होगा आसान और सुरक्षित होंगे नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया ए पेमेंट वेरीफिकेशन के लिए एक नया तरीका लेकर आया है वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव नागराजू ने गत मंगलवार को मुंबई में चल रहे ग्लोबल फिंच फेस्टिवल में यह सुविधा लॉन्च की इसके तहत 8 अक्टूबर से यूजर किसी पेमेंट को फेस रिकॉग्निशन या फिंगरप्रिंट स्क्रीन से अप्रूव कर पाएंगे यानी अब हर पिन डालने की झंझट खत्म द्य नई सुविधा आधारित बायोमैट्रिक डाटा पर काम करेगी केंद्र के पास पहले से ही आधार कार्ड फोल्डर नागरिकों के फिंगरप्रिंट आंख की पुतली और चेहरे के दाता का रिकार्ड मौजूद है अब इन्हीं डाटा की मदद से पेमेंट वेरीफिकेशन होगा जब यूजर कोई ट्रांजैक्शन शुरू करेगा तो उसे पिन डालने की बजाय अपना फिंगरप्रिंट या चेहरा स्कैन करना होगा




इससे पेमेंट प्रक्रिया तेज भी होगी और सुरक्षा भी बनी रहेगी क्योंकि यह सीधी व्यक्ति की यूनिक पहचान से जुड़ी है द्य इस नई व्यवस्था से यूपीआई फ्रॉड के मामलों में कमी आएगी पिन कोड की तुलना में फिंगरप्रिंट या फेस रिकॉनिकेशन चोरी करना या डुप्लीकेशन करना लगभग असंभव है इसलिए यह पेमेंट कहीं ज्यादा सुरक्षित होंगे खास तौर पर बुजुर्गों और कम पढ़े-लिखे उन यूजर्स के लिए मददगार होगा जिन्हें पिन याद रखना मुश्किल लगता है यह एक क्रांतिकारी बदलाव की तरह है हालांकि दूसरी ओर जानकारी इस और भी ध्यान दिला रहे हैं कि इसकी सफलता के लिए प्राइवेसी प्रोटक्शन सिस्टम की तैयारी बहुत जरूरी होगी यूजर की सहमति बायोमैट्रिक डाटा की सिक्योरिटी के साथ-साथ सभी बैंकों और ऐप्स में सिस्टम की स्मूथ फंक्शनिंग पर पूरा ध्यान देना होगा।

**केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में हुई दिशा बैठक**

## विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर

जयपुर टाइम्स

**अजमेर(निसं.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक राजीव गांधी विद्या सभागार भवन (रीट कार्यालय), अजमेर में आयोजित हुई। बैठक में जिले के विधायकगण, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, केंद्रीय व राज्य योजनाओं के नोडल अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का लक्ष्य "विकसित भारत 2047" का सपना साकार करना है और अजमेर जिला जनसहभागिता व नवाचारपूर्ण कार्यशैली से इस दिशा में एक आदर्श उदाहरण बनेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिशा समिति का उद्देश्य विभिन्न योजनाओं के प्रभावी समन्वय और मॉनिटरिंग के माध्यम से संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, कृषि,



सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसंरचना से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएँ चला रही है, जिनकी जानकारी और पहुँच गाँव-गाँव तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास की दिशा में सभी विभागों को टीम भावना के साथ कार्य करना चाहिए ताकि योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुँच सके। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे और सुझाव भी प्रस्तुत किए गए, जिन पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अंत में केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि सभी विभाग "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना के साथ कार्य करें, ताकि अजमेर जिला विकास के हर सूचकांक पर अग्रणी बन सके और केंद्र की योजनाएँ जन-जन तक पहुंचकर वास्तविक परिवर्तन ला सकें।

## रमेश रूलानिया हत्याकांड: राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी की मध्यस्थता में हुआ समझौता

**हत्या के विरोध में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर रामनिवास गावड़िया पूर्व विधायक महेंद्र चौधरी और कई अन्य नेता कुचामन सिटी थाने के सामने धरने में हुए शामिल**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कुचामन सिटी के रमेश रूलानिया हत्याकांड के मामले में राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी के मध्यस्थ से मृतक के परिजनों और प्रशासन के बीच समझौता हो गया है समझौते के बाद परिजन बॉडी के पोस्टमार्टम के लिए सहमत हो गए। समझौते के अनुसार मृतक कारोबारी रमेश रूलानिया के परिजनों को सरकार की ओर से



सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी इसके अलावा इस मामले में दोषी लोगों की जल्दी से जल्दी गिरफ्तारी की जाएगी इसके अलावा इस मामले में गिरफ्तार किए गए सफीक खान की संपत्तियों को अटैच किया जाएगा इसके अलावा कुचामन सिटी थाने के इंस्पेक्टर और सर्किल ऑफिसर को हटाने का निर्णय भी लिया गया हालांकि खबर लिखे जाने तक कुचामन सिटी थाने के सामने हजारों लोगों का धरना जारी था लेकिन राज्य मंत्री विजय सिंह के मध्यस्थ से कई घंटे भी जाने के बावजूद भी मृतक के परिजन और प्रशासन के बीच समझौता नहीं हो पा रहा था जिसके फल स्वरुप थाने के बाहर बड़ी संख्या में बैठे लोग काफी गुस्से में थे हालांकि प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने गुस्साए लोगों को शांत करने का भी प्रयास किया लेकिन समझौता नहीं होने की वजह से लोग धरने पर बैठे रहे और अब तक के परिजन भी बॉडी का पोस्टमार्टम करने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे इसके बाद राज्य मंत्री विजय सिंह ने मोर्चा संभाला और दोनों पक्षों के बीच अच्छे माहौल में बातचीत करवाई जिसमें बुधवार की शाम को दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया हालांकि धरना स्थल पर कांग्रेस पार्टी के कई नेता और विधायक खबर लिखे जाने तक भी मौजूद थे नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी धरना स्थल पर थे इसके अलावा कांग्रेस के विधायक मुकेश भाकर रामनिवास कांवरिया पूर्व विधायक महेंद्र चौधरी भी मंगलवार से ही थाने के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं उल्लेखनीय है कि कुचामन सिटी स्थित जिम में अभ्यास करने के दौरान नकाबपोश अज्ञात बदमाश ने कारोबारी रमेश रूलानिया की गोली मारकर हत्या कर दी थी हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस गोली मारने वाले शख्स को गिरफ्तार नहीं कर पाई पुलिस की छानबीन जारी है इस हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने हत्या की बात कबूल करने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से दी थी इस हत्याकांड को लेकर कुचामन सिटी और आसपास के पूरे इलाके के लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है क्षेत्र के व्यापारियों सामाजिक संगठनों इत्यादि सभी लोगों ने इस हत्याकांड का कड़ा विरोध जताते हुए दोषी लोगों के गिरफ्तार करने की मांग की है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
09 अक्टूबर, 2025

# नो एंट्री जोन को लेकर एडीएम मीणा ने ली बैठक

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में फरवरी माह में लागू किए गए नो एंट्री जोन को लेकर एडीएम संतोष मीणा ने उपखंड कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि बैठक में एडीएम ने कहा कि नो एंट्री जोन में प्रतिबंधित वाहन को किसी भी सूरत में आने की परमिशन नहीं दी जा सकती। अगर कोई वाहन खाली सुजानगढ़ में होगा, तो उसका रात को तय समय में ही प्रवेश संभव है। इसी प्रकार केंद्रीय बस स्टेंड पर बसों के शत प्रतिशत आगमन को सुनिश्चित करने के लिए तय किया गया कि नगरपरिषद के तीन कर्मचारियों की बस स्टेंड पर ड्यूटी लगाई जायेगी और प्रत्येक यात्री बस को बस स्टेंड से टोकन लेना होगा। उसके बाद बस स्टेंड के पास वाहनों की चैकिंग में टोकन नहीं मिलने पर चालान की कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार अशोक स्तंभ पर बसों के कम से कम ठहराव को सुनिश्चित करने के बारे में बात की गई। दूसरी ओर



प्रस्तावित रूट स्वीकृत करवाने के बारे में डीटीओ बजरंगलाल से विस्तृत चर्चा की गई और जयपुर प्रस्ताव भेजने के बारे में बात हुई। उधर पीडबल्यूडी के अधिकारी ने कहा कि छापर रोड़ से ट्रेफिक डाइवर्ट कर दिया जावे, ताकि रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण में दिक्कत न हो। जिस पर एडीएम ने कहा कि तीन अधिकारी आयुक्त, तहसीलदार, डीटीओ मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे, उसके आधार पर निर्णय होगा। बैठक में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, नगरपरिषद के कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार, डीटीओ बजरंगलाल, सीआई बैगाराम मीणा, विकास अधिकारी रवि कुमार आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अतिवृष्टि से हुए नुकसान का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अतिवृष्टि से हुए किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल खेतों में पहुंची। क्षेत्र में आई बारिश के बाद फसलों को काफी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा मूंग की फसल नष्ट हुई है। किसानों ने बताया कि मूंग की कटाई हुई फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। बीदासर पंचायत समिति प्रधान संतोष मेघवाल ने गांव ढाणी कालेरान, बालेरा, दूंकर सहित अनेक गांवों के खेतों का निरीक्षण किया। प्रधान ने कहा कि प्रशासन से बात कर किसानों को मुआवजा दिलवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने फसल बीमा अधिकारियों को तुरंत मौका निरीक्षण कर मुआवजा के कहा। इस दौरान पूर्व सरपंच रामनिवास भामू, मंडल अध्यक्ष सहीनाथ सिद्ध, गोपाल भामु, भंवरलाल भामु, मनोज डूकिया, मेघराज आदि उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिसर में शहरी सेवा शिविर का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** नगर पालिका परिसर में बुधवार को राज्य सरकार के सेवा पखवाड़े के तहत शहर सेवा अभियान में वार्ड नं 25 व 26 का शिविर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में प्रधान संतोष मेघवाल ने उपस्थित नागरिकों की समस्याऐं सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अमिलाल यादव, शिविर प्रभारी मुकेश कुमार स्वामी , भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश सोनी,अरुण तिवाड़ी,राम निवास माली,सुरेंद्र सुथार,राजस्व निरक्षक पूनमचंद नाई, विजेश रेगर सहित अनेक विभागों के कार्मिक व अधीकारी उपस्थित रहे।

## मेधावी गिलु का राज्य स्तर पर चयन

जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निसं.)** स्थानीय राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपति नगर, झुन्झुनू के मेधावी छात्र गिलु पुत्र विक्रम पोसवाल कक्षा 8 का जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल जे.पी. जानू उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने बताया कि गिलु शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ सहशैक्षिक गतिविधियों में भाग लेता रहा है। प्रतिभावान विद्यार्थी का जिला स्तरीय विज्ञान मेले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया, शुभकरण खीचड़, निधि सिहाग ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं दी। गिलु आगामी राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में झुन्झुनू का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर करेंगे। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ मंगलाराम जांगिड़, सुभाष बिलखीवाल, सुशील कुमार फगेड़िया उपस्थित थे।



## जल निकासी की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय पर वार्ड न. 40 और 41 के लोगों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। पार्षद इकबाल खान कायमखानी ने बताया कि समाज कल्याण छात्रावास भवन के आस-पास के इलाके में 6 अक्टूबर की बारिश के बाद काफी घरों में पानी भरा हुआ है, जिसके बारे में नगरपरिषद द्वारा किसी भी प्रकार के अतिरिक्त संसाधन लगाकर पानी की निकासी नहीं की गई है। पार्षद ने बताया कि नगरपरिषद के शिविर में गए, वहां पर कोई आश्वासन नहीं मिला। इसलिए आयुक्त के चैम्बर के बाहर प्रदर्शन किया। लेकिन यहां पर बात करने वाला कोई नहीं है, इसलिए किसके भरोसे पीड़ित जनता को राहत मिलेगी, यह कोई नहीं जानता। इस दौरान युनूस खान कायमखानी, नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान, सिकंदर खान, खालिद, मोनू, आरिफ, शब्बीर खां, अयूब खां, इस्माइल, पिंटू, याकूब खान, बशीर खां फौजी, अबरार, सलीम मास्टर, अरमान, अजहर, भंवरू खां सहित अनेक लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने नगरपरिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

# पोषण अभियान के तहत पोषण मेले का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** महिला बाल विकास विभाग की ओर से चूरू ग्रामीण परियोजना के सेक्टर सिरसला, दूधवाखारा और खांसोली में पोषण अभियान के तहत पोषण मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न लाभार्थियों की गोद भराई और अन्नप्राशन कराया गया। सभी को स्वच्छता, सही समय पर उचित आहार ,समय पर टीकाकरण, पूर्ण टीकाकरण, एनीमिया और मोटे अनाज की जागरूकता के बारे में बताया गया । इस मौके पर रंगोली सजाई गई और विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई,मोटे अनाज से बनी रेसिपी का प्रदर्शन किया गया। सीडीपीओ सीमा गहलोत ने बताया की पोषण अभियान के तहत मोटे अनाज की महत्ता बताने के लिए हर सेक्टर मुख्यालय पर ऐसा आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगों में जागरूकता आए। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षक ज्योति वर्मा , शीतल बत्रा ,सुदेश कंवर, संजू कंवर, ब्लॉक समन्वयक मंजू कुमारी और तीनों सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी।

## बालीवॉल प्रतियोगिता 12 अक्टूबर को

**सीकर।** जिला स्तररीय एक दिवसीय बालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला बालीवॉल संघ में जिला स्टेडियम एवं लांबा स्टेडियम में 12 अक्टूबर को पुरूष/महिला की किया जायेगा।संघ का अध्यक्ष ईश्वर सिंह एवं सचिव हुलास तिवाडी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी मूल आधार कार्ड , निवास प्रमाण पत्र एवं मार्कशीट की कॉपी साथ लेकर आये नहीं तो इनके अभाव में जिले की टीम में चयन नहीं होगा। प्रतियोगिता में अपनी टीम के भाग लेने की सूचना 11 अक्टूबर को साय काल तक जलदाय विभाग के मदन लाल शर्मा , खेल अधिकारी प्रकाश गोदारा , चन्द?कीराम सामोता को खेल मैदान पर देनी होगी । प्रमाण पत्रो के अभाव में कोई भी खिलाडी भाग नहीं ले सकेगा । उपरोक्ती प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी चुरू में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा जो खिलाडी प्रतियोगिता में भाग लेगे वे जिले की निवासी होना जरूरी है ।

## बेमौसम बारिश से धान की फसल तबाह

**सीकर(नि.सं.)।।** क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश ने धान उत्पादक किसानों पर कहर बरपाया खेतों में कटाई के बाद पड़ी धान की फसल अचानक आई बारिश के पानी में डूब गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। इस अप्रत्याशित बारिश ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानों का कहना है कि जलभराव के कारण धान अब गलने लगा है, जिससे यह बाजार में बिकने योग्य नहीं रहेगा। बड़ी मेहनत से फसल तैयार की थी और कटाई के बाद सूखने के लिए खेतों में ही छोड़ रखा था, लेकिन इस आकस्मिक बारिश ने हमारी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। अब भीगी हुई और गली-सड़ी धान की फसल को कौन खरीदेगा? क्षेत्र के अन्य किसानों ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक तो पहले ही लागत अधिक आती है, ऊपर से अब फसल बर्बाद होने से गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा।

# स्टेशनरी व नाश्ता किया वितरित

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** नवलगढ़ रोड आशा का झरना में बुधवार को मां सावित्री फाउंडेशन द्वारा संचालित मंदबुद्धि बच्चो के स्कूल में सुबह स्टेशनरी भेंट की बच्चों को नाश्ता कराया । ट्रस्टी सीए राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर ट्रस्टी अंजू अग्रवाल ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए मोटिवेशनल कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर आशा का झरना के चीफ फक्शनरी सुदीप गोयल , चंचल अग्रवाल, सारिका गोयल,केशव अग्रवाल सहित स्कूल के अध्यापक गण एवम् छात्र उपस्थित रहे।

## मधु कुमावत का प्रबंध मंडल में मनोनयन

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता मधु कुमावत को राज्य सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य विभाग ने राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के प्रबंध मंडल में सदस्य मनोनीत किया है । राज्य सरकार द्वारा गठित प्रबंध कमेटी में मनोनयन किए गए सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा । कुमावत के इस मनोनयन पर उनके शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की हैं । राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल में सीकर से मधु कुमावत के अलावा बीकानेर से जगमाल सिंह रायका पाली से करण सिंह राजपुरोहित तथा खाजूवाला से विधायक विश्वनाथ मेघवाल का मनोनयन किया गया है ।

## अभिविन्यास कार्यक्रम में कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।।** श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में एन.एस.एस. के तत्तावधान में अभिविन्यास कार्यक्रम के तृतीय दिवस में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शचि अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य वक्ता अल्का पारीक रहे जिन्होंने अपने उदबोधन में प्रतिभूति विनियोग, जीवन बीमा, म्यूचल फंड के माध्यम से बचतों को सही निवेश के तरीकों की जानकारी दी साथ ही सहयोगी हेमलता शर्मा ने भी स्वयंसेविकाओं को साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत मुद्दे पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. अंजू बाला सीमार व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में अभिलाषा जोशी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## जिला कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक , दिए दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू (निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से चिह्नित किए गए जर्जर भवनों की मरम्मत की प्रगति जानी। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में हुई अतिवृष्टि से फसलों का नुकसान हुआ है। संबंधित विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पीड़ित किसान फसली बीमा योजना से वंचित न रहे। जिला कलक्टर ने जिले में चल रहे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों की प्रगति जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सहकारिता विभाग की ओर से चल रहे सहकार सदस्यता अभियान शिविरों की भी जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने 11 अक्टूबर को जिले में प्रस्तावित मुख्यमंत्री की यात्रा के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और समय पर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बैठक में अति. जिला कलक्टर अजय कुमार आर्य, एस ई पीएचईडी प्रोजेक्ट दलीप कुमार तारग, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनियां सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोवला गौशाला में दान-पुण्य किया

जयपुर टाइम्स

**बड़ागांव(निसं.)।** गोवला गांव की श्रीगणेश पंचमुखी गौशाला में बुधवार को हांसलसर के ग्रामीणों ने नरेंद्र कुमार की पुण्य स्मृति में जगह -जगह पर दान पुण्य कार्य किया गया।इस दौरान ग्रामीणों ने गायों के लिए 20 किलों केला,10 किलों चने की दाल और 15 गुड़ -दलिया भेंट किया गया।इस मौके पर महावीर झाझडिया, रामसिंह झाझडिया, सुरेंद्र झाझडिया, परसाराम झाझडिया, विरेन्द्र झाझडिया, अभिषेक झाझडिया आदि मौजूद थे।

## उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जिले के फतेहपुर में सामाजिक संगठनों द्वारा एन एस यू आई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ की रिहाई की मांग को लेकर आज उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। सुरेश चिरानिया ने बताया कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार हर नागरिक को है,राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षा मंदिर का केंद्र होता। युवाओं को ग़लत तरीके से गिरफ्तार करना दुर्भाग्यपूर्ण और अलोक तांत्रिक भाजपा के दलित विरोधी चेहरे को प्रदशित करता है । सुरेंद्र महिचा ने बताया कि अगर अध्यक्ष विनोद जाखड़ को सरकार अगर रिहा नहीं करती तो सड़कों पर उतरने को तैयार। इस मोके पर छोटेलाल महिचा, बंटी महिचा लोकेश महिचा ,अंकिता महिचा , रामस्वरूप महिचा , ऋतिक चिरिनिया , विशाल चावला ,धर्मेंद्र महिचा एडवोकेट अशोक महिचा, सुरेंद्र, प्रवीण महिचा समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## फुटबाल 69वीं चैम्पियनशीप 14 और 17 वर्ष में सीकर विजेता

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** राज्य स्तरीय 69 वीं 14 व 17 वर्ष छात्र वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता का खिताब सीकर के नाम रहा। विजेता टीम की ट्राफी जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा सीमा चैधरी, सीकर को सौंपी गई। जिसमें केशवानन्द एजुकेशन ग्रुप के कैम्पस हैड राहुल ढाका ,टीम प्रभारी शिवलाल सिंह भूकर ,पूर्व सरपंच जे पी थोरासी, खेल प्रभारी महेन्द्र सहारण, कोच नरेश श्योराण एवं टीम कोच विद्याधर भूकर, दलाधिपति मनोज चौधरी ,प्रभारी नरेन्द्र सिंह ,जिला खेल संयोजक मनफूल सिंह महरिया आदि उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा ने दोनों वर्गो की सीकर फुटबॉल टीम को बधाई प्रेषित की।





**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
न.पा.रा./2024-25/4189 दिनांकः- 02/08/2024

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि मे के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री तेजकरण पुत्र श्री संचियालाल | वार्ड नं. 11 राजलदेसर | 226.68 वर्ग मीटर | - | 69-क |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email- msdbhchuru@gmail.com Phone- 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/316 दिनांक :- 1.10.25

**खुली नीलामी बोली सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलने की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस/समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं ।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | For Uniform exchange of Surplus/ Unused Human Plasma Bags (Frozen / Liquid) Annual Rate Contract | MHS2526GLRC04268 |
| 2 | ACB प्लांट जनरेटर का मुख्य पैनल क्रय हेतु | MHS2526GSOB04269 |

सदस्य सचिव ( RMRS )
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू
DIPR/C/14716/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:-1498-1512 Date:-14.09.2025

**Notice Inviting Bid No 12/2025-26**

Bids for 1 (One Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 13.10.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 9.19 Lacs

NIB No PWD2526A3564
UBN NO :-1. PWD2526WSOB13344

Executive Engineer
PWD Dn. Sujangarh
DIPR/C/14571/2025

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः-न.पा.रा./2025-26/8734 दिनांकः-08/10/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका अंकित आवेदको ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धार 69-क / कृषि भूमि के तहत् आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्वप पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत् स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलियां प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | आसापासा | पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री लीलाराम पुत्र मघाराम भार्गव | उतर- रास्ता दक्षिण- धर्माराम भार्गव पूर्व- धर्माराम भार्गव पश्चिम - रूपाराम मेघवाल | वार्ड नं. 07 राजलदेसर | 1287 | 373.10 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

# रेल हादसा, सांड को बचाने के चक्कर में मालगाड़ी के 38 डिब्बे हुए बेपटरी, राहत और बचाव कार्य जारी





जयपुर टाइम्स

**रींगस(नि.सं.)।** डीएफसीसी फ्रेट कॉरिडोर रेल लाइनों पर न्यू श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन के समीप देर रात करीब 11 बजे सांड को बचाने के चक्कर में मालगाड़ी के 38 डिब्बे पटरी से उतर गए। जिसको लेकर पिछले 16 घंटों से राहत और बचाव कार्य जारी है। रेल अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार देर रात चावल से भरी मालगाड़ी के 38 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा सांड को बचाने के चक्कर में हुआ। यह मालगाड़ी फुलेरा से रेवाड़ी की ओर जा रही थी, हादसा होने पर रींगस-श्रीमाधोपुर कॉरिडोर रेलवे ट्रैक बाधित हो गया।

### एक-दूसरे पर चढ़ गए डिब्बे

हादसे की भयावहता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि पटरी से उतरने के बाद डिब्बे एक-दूसरे पर ऐसे चढ़ गए, जैसे बच्चों के खिलौने एक के ऊपर एक रख दिए गए हों। ये मंजर किसी बॉलीवुड फिल्म के एक्शन सीन से कम नहीं था। मालगाड़ी के डिब्बों के टूटने और घसीटने की भयानक आवाज ने लोगों को डरा दिया। सवेरे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जब यह नजारा देखा तो दंग रह गए।

### ट्रैक को दुरुस्त करने में लगेगा समय

रेल हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे में हड़कंप मच गया। रेलवे के अधिकारी, जीआरपी और रेलवे कार्मिक तुरंत मौके पर पहुंच गए। रींगस रेलवे स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल बाजिया ने मौके से जानकारी देते हुए बताया कि राहत और बचाव का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। टूटे हुए डिब्बों को हटाना और ट्रैक को फिर से ठीक करना एक बहुत बड़ा चैलेंज है। स्टेशन अधीक्षक बाजिया ने साफ कहा है कि ट्रैक को पूरी तरह से चालू करने में कम से कम 15 से 20 घंटे ओर लग सकते हैं। फिलहाल इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को या तो रोक दिया गया है या उनके रूट को बदला जा रहा है।

### चावल लेकर जा रही थी मालगाड़ी

मालगाड़ी में कुल 58 डिब्बे थे जिनमें से 16 डिब्बों में चावल के कट्टे भरे हुए थे चावल के कट्टों पर पंजाब सरकार लिखा हुआ था, हादसे के बाद बड़ी संख्या में चावल के कट्टे ट्रैक के आसपास बिखर गए।

### कोई पैसेंजर ट्रेन प्रभावित नहीं

यह रेल हादसा मालगाड़ी ट्रैक पर हुआ है यह ट्रैक पैसेंजर ट्रेनों के ट्रैक से अलग होता है इस वजह से कोई भी पैसेंजर ट्रेन इस हादसे से प्रभावित नहीं है हालांकि मालगाड़ियों के लिए फ्रेट कॉरिडोर के दोनों ट्रैक बाधित हो गए। पटरियों पर पलटे डिब्बों को हटाया जा रहा है इसके साथ ही इलेक्ट्रिक लाइन के सुधार का भी काम जारी है।

### तेज धमाके से लोगों की टूटी नींद

मालगाड़ी के डिब्बे बेपटरी हुए तो तेज धमाका हुआ जिससे पटरियों के आसपास निवास करने वाले लोगों की नींद अचानक टूट गई। रींगस तहसील के तहसील कानूनगो इंद्रसिंह निठारवाल ने बताया कि तेज धमाके से अचानक आंख खुली लेकिन उसके बाद किसी प्रकार की आवाज नहीं आई। इससे अंदाजा लगाया कि रेल लाइनों पर कोई काम चल रहा होगा।

## शहरी सेवा शिविर में हुए लोगों के कई महत्वपूर्ण काम




जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(नि.सं.)** कस्बे के नगर पालिका परिसर में चल रहे शहरी सेवा शिविर में बुधवार को वार्ड नंबर 1 से लेकर 4 तक का फॉलोअप शिविर में कई लोगों के महत्वपूर्ण काम किए गए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान एवं कनिष्ठ अभियंता रतनलाल गुर्जर ने बताया कि यह शिविर 17 अक्टूबर तक चलेंगे। दोनों ने बताया कि बुधवार को लगे शिविर में 13 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, दो ई डब्ल्यू एस प्रमाण पत्र बनाए गए साथ ही 69ए एवं स्टेट ग्रांट पट्टे के तीन आवेदन आए साथ ही एक खाद्य सुरक्षा योजना के आवेदन का निस्तारण किया गया इसके अलावा शहरी क्षेत्र के15 पथ विक्रेताओं को चिन्हित कर उनको एलओआर प्रमाण पत्र जारी कर पीएम आवास योजना एवं खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि 17 सितंबर से लेकर बुधवार तक 83 जन्म मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस के सात प्रमाण पत्र,69ए स्टेट ग्रांट के तीन पट्टे, पीएम स्वनीधी के 25, एलओआर एवं खाद्य सुरक्षा योजना के 6 आवेदनों का निस्तारण किया गया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि ये शिविर 17 अक्टूबर तक प्रस्तावित है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान ने लोगों से अपील की है कि वे इन शिविरों में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर मे कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग के खिलाफ रसद विभाग की कार्रवाई

### 6 सिलेंडर और सामान जब्त



जयपुर टाइम्स

**रींगस(नि.सं.)।** उपखंड क्षेत्र के परसरामपुरा रीको औद्योगिक क्षेत्र में सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग के खिलाफ रसद विभाग ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन दुकानों से 6 सिलेंडर और रिफिलिंग का सामान जब्त किया। जिला रसद अधिकारी विजेंद्र पाल ने बताया कि रीको औद्योगिक क्षेत्र में सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग की शिकायत पर करीब आधा दर्जन दुकानों पर दबिश दी गई, जिनमें से 3 दुकानों से 5 बड़े सिलेंडर, एक छोटा सिलेंडर सहित रिफिलिंग के काम आने वाली एक बांसुरी, 4 रेगुलेटर, दो पाइप जब्त की गई। एकाएक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि रीको औद्योगिक क्षेत्र में बड़े स्तर पर गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग का अवैध कार्य किया जाता है जिससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी जयराम, सुनीता वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पंचायत समिति की साधारण सभा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक प्रधान मदन सेवदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विकास एवं समस्याओं के समाधान हेतु कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को मौसमी बीमारियों, फसल खराबे तथा पेयजल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूर्व तैयारियों के निर्देश दिए गए।बैठक में पंचायत समिति सदस्य, क्षेत्रीय सरपंच तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बिजली, पानी, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास जैसे विभागों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने गांवों में हो रही समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा और त्वरित समाधान की मांग की।पंचायत समिति प्रधान मदन सेवदा ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता से निराकरण कर आगामी बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।बैठक में उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, पुलिस उप अधीक्षक दिलीप मीणा, तहसीलदार फारूक अली, विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित सभी विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष समेत विभिन्न पदाधिकारी की गिरफ्तारी की निंदा

### रिहाई की मांग को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौपा जाएगा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(नि.सं.)** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत विभिन्न पदाधिकारी की गिरफ्तारी की कांग्रेस, युवा कांग्रेस समेत एनएसयूआई के पदाधिकारी ने निंदा करते हुए बताया कि गुरुवार को इन पदाधिकारी की रिहाई की मांग को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अरुण शर्मा, श्रीमाधोपुर तहसील युवा कांग्रेस के सचिव अनिल सैनी एवं अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मोहनलाल बुनकर के नेतृत्व में अजीतगढ़ उप तहसील जाकर तहसीलदार जगदीश बेरवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मोहनलाल बुनकर ने दी है।

## ब्राह्मण समाज ने आपत्तिजनक टिप्पणी पर जताया विरोध, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

### प्रशांत भूषण से माफी और सदस्यता समाप्ति की मांग



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)** ब्राह्मण समाज ने आपत्तिजनक टिप्पणी पर जताया विरोध सुप्रीम कोर्ट मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज ने कड़ा विरोध जताया है। इस विरोध में विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर अरुण गर्ग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए विप्र फाउंडेशन के जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ हुई घटना में अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा ब्राह्मण समाज को घसीटना उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि समाज को व्यक्तिगत राजनीतिक विवादों में घसीटना निंदनीय है और यह समाज की गरिमा के लिए आघात है। जिलाध्यक्ष कमल कान्त शर्मा ने स्पष्ट किया कि ब्राह्मण समाज एक मर्यादित, सभ्य और शिक्षित समाज है, जो सभी जातियों, वर्गों और सम्प्रदायों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखता है। उन्होंने कहा कि समाज ने सदैव सहिष्णुता और भाईचारे का संदेश दिया है, लेकिन कुछ समय से एक सोची-समझी रणनीति के तहत ब्राह्मण समाज को लगातार निशाने पर लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाज को लेकर ग़लत और आपत्तिजनक टिप्पणियों के जरिए सुर्खियां बटोरी जा रही हैं। ज्ञापन में समाज ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की बार एसोसिएशन की सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने कहा कि भूषण को अपने कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा, ब्राह्मण समाज न्याय के लिए आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि प्रशांत भूषण अपने कथन के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगते हैं तो ब्राह्मण समाज कानूनी और सामाजिक उपायों के माध्यम से न्याय की मांग करेगा। समाज ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक चेतावनी नहीं बल्कि समाज की गरिमा और सम्मान की रक्षा के लिए आवश्यक कदम है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के अलावा ब्राह्मण समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इनमें विफा संगठन महामंत्री राम गोपाल महमिया, जिला महामंत्री वशिष्ठ कुमार शर्मा, संरक्षक एड. सुशील कुमार जोशी, रामगोपाल शर्मा बीएमएस, कोषाध्यक्ष राकेश सहल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड़, जिला मंत्री रमेश चौमाल, नगर अध्यक्ष अनिल जोशी, पंडित हरिकिशन शुक्ला, चंद्र प्रकाश शुक्ला, सुरेश तिवारी, गोपी राम पुरोहित, चंद्र प्रकाश जोशी, सुनील शर्मा बिरमी वाला, शिक्षाविद श्याम सुंदर दाधीच, एड. कमल शर्मा और एड. पंकज बावलिया सहित अन्य गणमान्यजन शामिल थे।

## निकेतन की टीम ने किया नाम रोशन

### नव्या का राजस्थान की टीम में हुआ चयन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(नि.सं.)** । कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता में सीकर जिले के बगड़िया बाल विद्या निकेतन की टीम ने जिले का नेतृत्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इंडिया गॉट टैलेंट की पेशेवर टीम से मात्र दो अंकों से पीछे रहकर बगड़िया बाल विद्या निकेतन की टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और दमखम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोच विमल पारीक ने सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत और लक्ष्मणगढ़ की समृद्ध खेल संस्कृति को दिया।पारीक ने बताया कि टीम की होनहार खिलाड़ी नव्या मील ने राजस्थान की टीम में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की है।विजेता खिलाड़ियों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के भाई रमेश बिरला ने पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।सीकर रेलवे स्टेशन पर टीम का भव्य स्वागत हुआ। जिला प्रमुख ताराचंद घायल और अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी रणजीत सिंह के नेतृत्व में खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। रसीदपुरा में भी पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।टीम की इस शानदार उपलब्धि पर मलखंब के पितामह पद्मश्री उदय देशमुख पांडे,खेल अकादमी छत्तीसगढ़ के निदेशक मनोज प्रसाद,संस्थान के सचिव पवन गोयनका, बीएड कॉलेज के प्राचार्य नरेश दाधीच,अर्जुन पुरस्कार विजेता सुरेश मिश्रा ने टीम को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

## यूडीएच मंत्री खर्रा का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**खाचरियावास(नि.सं.)।** राजस्थान सरकार में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के दांतारामगढ आगमन पर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत सम्मान किया।कल्याणपुरा सीमा पर खाचरियावास भाजपा मंडल,कुली तिराहे पर राम सिंह उमाड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मंत्री का माला साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान मंत्री खर्रा ने पूर्व उपराष्ट्रपति स्व.भैरों सिंह शेखावत स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने जन समस्याओं को लेकर मंत्री को अवगत कराया जिस पर मंत्री ने जल्द ही समस्याओं के समाधान की बात कही।इस दौरान प्रभु सिंह गोगावास,राम सिंह शेखावत,गोविंद सिंह लांबा,दिग्विजय सिंह शेखावत,द्वारका प्रसाद सोलंकी,मंडल अध्यक्ष सुशील शर्मा,शेर सिंह शेखावत,नरेंद्र सिंह,रामलाल मीणा,प्रहलाद सिंह,अनिल शर्मा,रविंद्र सिंह, बाबूलाल हल्दुनिया,सहित काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में पूजा महला ने जीता रजत पदक

जयपुर टाइम्स




**रींगस(नि.सं.)।** मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित 22 वीं सीनियर राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में राजस्थान की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। टीम के कोच पिंटू दयाल शर्मा ने बताया कि महिला टीम ने अपने पुल में पांडिचेरी, असम व छत्तीसगढ़ टीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में राजस्थान ने गुजरात को 7-3 के स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में राजस्थान महिला टीम ने महाराष्ट्र को 4-0 के स्कोर से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल व निर्णायक मुकाबले में राजस्थान महिला टीम का मुकाबला उत्तरप्रदेश से हुआ, जिसमें पराजित होकर रजत पदक से संतुष्ट होना पड़ा। खिलाड़ी पूजा महला रींगस की महला स्कूल की रोल बॉल एकेडमी में निरंतर अभ्यास करती है। पूजा महला ने राजस्थान को रजत पदक जिताने में अपना महत्वपूर्ण व सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है। 22 वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप को पूरी निष्ठा के साथ संपन्न कराने में रेफरी पैनल में विक्रम सिंह राठौड़, नवीराज सिंह शेखावत व भरत सिंह का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर महला ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के सचिव विशाल महला व प्राचार्य राजेन्द्र यादव खिलाड़ी सहित प्रशिक्षक को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजा महला वर्तमान में विद्युत विभाग रींगस के सहायक अभियंता कार्यालय में कार्यरत है। इससे पहले भी पूजा महला स्वर्ण पदक जीतकर अपने प्रदेश को गौरवान्वित कर चुकी है।

## श्याम भक्तों की जान जोखिम में डालने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

### एक ओवरलोड डंपर सहित 8 सवारी गाड़ी व कैंपर जब्त



जयपुर टाइम्स

**रींगस(नि.सं.)।** विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के आने वाले श्याम भक्तों की जान जोखिम में डालने वाले वाहनों के खिलाफ रींगस पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए मार्बल की टुकड़ियों से भरा एक ओवरलोड डंपर सहित 8 सवारी गाड़ी और कैंपर गाड़ियों को जप्त किया। खाटू श्याम जी रोड पर लाखनी मोड़ के समीप नाकाबंदी कर पुलिस ने कार्रवाई की। सहायक उप निरीक्षक सांवताराम गुर्जर ने बताया कि देर रात नाकाबंदी के दौरान खाटू मार्ग पर लोडिंग वाहन कैंपरों में सवारी ढोने व सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारियां ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए 8 वाहनों को जप्त किया, इसी के साथ मार्बल की टुकड़ियों से भरा ओवरलोड डंपर जप्त किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स



**रींगस(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रींगस द्वारा आयोजित द्वितीय-तृतीय सोपान स्काउट गाइड और निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को बावड़ी बालाजी प्रशिक्षण केंद्र पर समापन किया गया। संघ के सचिव विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि 4 से 8 अक्टूबर तक आयोजित हुए शिविर में कुल 154 स्काउट गाइड और रोवर रेंजर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अगले महीने में इन सब की परीक्षा होगी। जिसमें सफल होने पर इनको जिला स्तरीय प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। शिविर में स्काउट गाइड पाठ्यक्रम के अनुसार आपदा प्रबंधन, कैंप क्राफ्ट, कंपास पढ़ना, दिशाओं का ज्ञान, कंटूर रेखाओं, अक्षांश देशांतर रेखाओं का अनुमान लगाना, बिना बर्तनों के भोजन बनाना आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षक के रूप में घासीराम सैनी, राजेंद्र मौर्य, शंकर लाल जाट, सुभाष देवंदा, शंकर लाल रेगर, बीरबल वर्मा, संदीप गवारिया, डॉ ज्योति राजावत, सोनू कुमारी, संदीप निठारवाल, महिपाल सिंह लांबा, सोहनलाल शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार यादव, जगदीश प्रसाद वर्मा, प्रकाश चंद्र यादव, भारत शर्मा, आयुष मौर्य, सज्जन कुमार, प्रवीण कुमार आदि ने सेवाएं दी।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
09 अक्टूबर, 2025

# शरद पूर्णिमा पर अंजनी माता मंदिर में भव्य जागरण, देर रात्रि तक भजनों पर थिरके भक्त



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के वार्ड 22 में स्थित हनुमान द्वारा पर अंजनी माता मंदिर में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में अनेक भक्त देर रात्रि तक बालाजी महाराज के भजनों पर नाचते हुए नजर आए। हनुमान धोंरा व्यवस्था समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें जागरण में पधारे भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया। जागरण में स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को देर रात्रि तक नाचने पर मजबूत कर दिया। इस अवसर पर पवन शर्मा, राजकुमार भाट, अंजनी कुमार भाट, आनंद कुमार भाट, कमल भाट, डॉ रविंद्र सिंह, बलवंत सिंह सहित अनेक संतों का भी सानिध्य मिला।

# चेक बाउंस मामले में 6 साल से फरार आरोपी को जिला स्पेशल पुलिस ने किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के पुलिस थाने से पिछले 6 साल से चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे आरोपी रतनगढ़ के गोमजी मौसूण कुआं निवासी 40 वर्षीय तेजकरण प्रजापत पुत्र सीताराम प्रजापत को जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और मंगल सिंह ने रतनगढ़ से गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि आरोपी तेजकरण प्रजापत पिछले 6 साल से चेक बाउंस मामले में फरार चल रहा था। हमारी टीम द्वारा रतनगढ़ में तलाश की गई तो पता चला कि तेजकरण प्रजापत रतनगढ़ के एक ऑटोमोबाइल की दुकान पर काम कर रहा है। जिस पर हमारी टीम ऑटोमोबाइल की दुकान पर पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी देखकर भागने लगा। उसे रोककर नाम पूछा तो उसने अपना नाम तेजकरण पुत्र सीताराम प्रजापत बताया। उसे जब भगाने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि उसके खिलाफ चेक बाउंस मामले में वारंट चल रहा है। जिस पर पुलिस ने आरोपी तेजकरण को गिरफ्तार कर सरदारशहर पुलिस थाने के सुपुर्द किया है। अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# किसान नेता स्व. डूडी को दी श्रद्धांजलि, किसानों के लिए संघर्षरत रहे डूडी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील भानीपुरा के तेजाजी मंदिर में जाट जागृति संस्थान द्वारा किसान नेता स्व. रामेश्वर डूडी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में किसानों के मसीहा डूडी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवर पर संस्थान के फुसाराम हुड्डा, ईश्वरराम डूडी, सहीराम सारण, संताल मील, केशरराम हुड्डा, फूलाराम हुड्डा, फुसराम, बीरबलराम, राजूराम रनवां, परमाराम हुड्डा ने स्व. डूडी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह किसानों के हित में सोचने व कार्य करने वाले बहुत बड़े नेता थे। उन्होंने हमेशा किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। सभा का संचालन बृजलाल ढाका महामंत्री ने किया।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 11 को आएंगे मंड्रेला

## जिला कलक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**झुंझुनू(निसं.)।** जिले में 11 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री जिले के मंड्रेला कस्बे में आएंगे। बुधवार को इस संबंध में जिला कलक्टर डॉ. अरूण गर्ग व एसपी बृजेश उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलक्टर डॉ गर्ग ने स्टेज, वीआईपी प्रवेश, आमजन प्रवेश, पार्किंग, छाया, पानी सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व सांसद संतोष अहलावत, मुकेश दाधीच, विशम्भर पूनियां, एएसपी देवेन्द्र सिंह, एस ई पीएचईडी प्रोजेक्ट दलीप कुमार तारग, चिड़ावा एसडीएम नरेश सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# झुंझुनूं के लाल शहीद सुरेन्द्र मोगा को मिला वायु सेना मेडल, वीरांगना सीमा मोगा ने ग्रहण किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / नई दिल्ली** भारतीय वायुसेना ने 8 अक्टूबर को अपना 93वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर एशिया के सबसे बड़े एयर बेस एयर फोर्स स्टेशन हिंडन में परेड, हवाई प्रदर्शन और विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान वायुसेना की ताकत, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया गया। वहीं, इस अवसर पर 93वें वायु सेना दिवस के अवसर पर शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा को मरणोपरांत वायु सेना मेडल (गैलंट्री) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी वीरांगना पत्नी सीमा मोगा ने ग्रहण किया। वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने कहा कि सार्जेंट मोगा जैसे वीर सैनिकों का बलिदान राष्ट्र को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। वीरांगना सीमा मोगा ने भावुक होकर कहा कि यह पुरस्कार मेरे पति के साहस का प्रतीक है। मुझे उनके बलिदान पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान झुंझुनूं के मेहरादासी गांव के वीर सपूत सार्जेंट सुरेंद्र मोगा ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनकी इस अद्वितीय वीरता और कर्तव्यनिष्ठा के सम्मान में इस वर्ष उन्हें वायु सेना मेडल (गैलंट्री) से शहीदोपरांत सम्मानित किया गया। बता दें, यह सम्मान न केवल उनकी शौर्यगाथा को अमर करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति, समर्पण और साहस की प्रेरणा भी देगा। पूरा देश, विशेषकर झुंझुनूं, अपने इस वीर बेटे की शहादत पर गर्व महसूस कर रहा है। सुरेंद्र मोगा झुंझुनूं जिले की मंडावा तहसील के मेहरादासी गांव के निवासी थे । ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं में से शहीद होने वाले इकलौते राजस्थानी योद्धा थे।



### असाधारण साहस का दिया था परिचय

सार्जेंट सुरेंद्र मोगा ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण साहस का परिचय देते हुए देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। वे इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना से शहीद होने वाले इकलौते वायुयोद्धा थे। उनकी वीरता को सलाम करते हुए उन्हें च्वायु सेना मेडल (गैलंट्री) के सम्मान की घोषणा स्वतंत्रता दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की थी। यह सम्मान उनके परिजनों को वायुसेना दिवस 2025 के अवसर पर वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने प्रदान किया।

### वायुसेना अध्यक्ष 12 अगस्त को आए थे

वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह 12 अगस्त को झुंझुनूं के मेहरादासी पहुंचे थे, जहां उन्होंने शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि, सार्जेंट सुरेंद्र मोगा की शहादत देश के लिए गर्व की बात है। वे भारतीय वायुसेना की वीर परंपरा के सच्चे प्रतीक हैं। भारतीय वायुसेना हमेशा अपने शहीदों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। यह संभवत पहला मौका था जब वायुसेना अध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से झुंझुनूं के किसी गांव में शहीद के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे।

# जिला स्तरीय विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाई रुचि

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीवसरिया में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान मेला 2025 आयोजित किया जा रहा है। इस मेले के दूसरे दिन विभिन्न राजकीय, निजी विद्यालयों के, जिनमें राउमावि नागरिक परिषद , राउमावि करवा, भूरमल मिश्र राउमावि, मोदी पब्लिक स्कूल के लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने मेले में प्रदर्शित विभिन्न मॉडल का अवलोकन किया। इस मेले में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग के आठ उप विषयो सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकी, मनोरंजन गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी के वैज्ञानिक मॉडलों एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों का इस दिन आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भी दर्शक के रूप में भागीदारी उल्लेखनीय रही। शिक्षा अधिकारी मंजू पंवार, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलका, रणवीर सिंह महरिया ने विद्यार्थियों के विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण किया। इस प्रकार के विज्ञान मेले विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान भावना और नवाचार के प्रति प्रेरणा का स्रोत रहें है एवं यह विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता एक कदम है। विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों द्वारा भी मेले का अवलोकन किया गया। आज विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित इन प्रदर्श का मूल्यांकन कर्ताओं द्वारा तीन चरणों में मूल्यांकन किया गया किया गया और प्रतिभागियों को उनको मॉडल में उनके वैज्ञानिक सोच, कल्पनाशीलता, नवाचार, मितव्ययिता एवं आमजन के लिए उपयोगी इत्यादि के आधार पर अंक प्रदत किए गए। संस्था प्रधान शीतल मिश्र ने बताया कि 9 अक्टूबर को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मेले में कुल 102 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर आयोजित मेले में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



# बालिकाओं को निशुल्क ड्रेस वितरण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)** पीएमश्री धापू देवी चोरडिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को सोहनलाल भीकमचंद चौरड़िया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बालिकाओं को निशुल्क ड्रेस वितरण की गई। ट्रस्ट के प्रतिनिधि मालचंद दर्जी ने बताया कि 90 छात्राओं को ट्रस्ट द्वारा निशुल्क ड्रेस प्रधान की गई है इस मौके पर कार्यवाहक संस्था मनोज कुमार, अमित कुमार दर्जी,आनन्द साहू,सुरेश कुमार जानु उपस्थित थे।

# नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह करेंगे परसरामपुरा मे दो कक्षा-कक्ष, लाईब्रेरी व प्रयोगशाला का लोकार्पण आज

## चुनाव के दोरान किए वादे कर रहे पूरे विधायक जाखल



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)।** नवलगढ़ के परसरामपुरा मे महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में दो कक्षा-कक्ष, लाईब्रेरी व प्रयोगशाला का लोकार्पण होगा आज । महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम ) परसरामपुरा में गुरुवार को प्रातः 11 बजे समग्र शिक्षा पीएबी 2023-24 के अन्तर्गत 46.41 लाख की लागत से निर्मित दो कक्षा-कक्ष, एक लाईब्रेरी व एक प्रयोगशाला कक्ष का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत परसरामपुरा के सरपंच करणी राम द्वारा की जाएगी । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जयदीप झाझड़ीया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ आत्माराम एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा अशोक कुमार शर्मा होंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय को भारतीय सेना ने ऐतिहासिक टैंक टी-55 और दो तोपों का अनमोल तोहफा

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** सीकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय को भारतीय सेना ने ऐतिहासिक टैंक टी-55 और दो तोपों का अनमोल तोहफा दिया है। टैंक मंगलवार को किरकी, पुणे से विश्वविद्यालय पहुंच चुका है। दो तोपें भी जबलपुर से जल्द पहुंच जाएंगी। ये युद्ध - स्मृति चिन्ह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थित 'शौर्य दीवार' के पास स्थापित किए जाएंगे। 'युद्ध-ट्रॉफी' अब विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और युवाओं को भारतीय सेना के अदम्य साहस, देशभक्ति और गौरवपूर्ण इतिहास से रूबरू करवाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ. अनिल कुमार राय ने बताया कि टैंक और तोपें केवल सेना के हथियार नहीं, बल्कि शौर्य, बलिदान और पराक्रम के जीवंत प्रतीक हैं। जिससे युवाओं और विद्यार्थियों के मन में सेना के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम व देश भक्ति की भावना जाग्रत होगी। छात्रों को साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों से परिचित कराते हैं। 1971 के युद्ध में अकेले सीकर के 50 से अधिक वीर सपूतों ने राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया था। टी-55 टैंक की खासियत टी-55 टैंक सोवियत संघ में निर्मित एक प्रमुख युद्धक टैंक है, जिसे भारतीय सेना ने 1960 के दशक में अपने बेड़े में शामिल किया था। लगभग 36 टन वजनी यह टैंक 100-105 मिमी की मुख्य तोप से लैस था। इस टैंक ने 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में निर्णायक भूमिका निभाई थी।

# वयोवृद्ध पुजारी का निधन



**सालासर** सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी निरंजन कुमार पुजारी का उनके आवास पर आकस्मिक निधन हो गया निधन होने के बाद सालासर का संपूर्ण बाजार बंद कर सभी व्यापारियों ने शोक व्यक्त किया पुजारी 76 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया निरंजन जी पुजारी ने 20 वर्ष तक अपनी सेवा हनुमान सेवा समिति में मंत्री पद पर रहते हुए दी श्री हनुमान सेवा समिति में कई साल अपनी सेवा दी थी इस दौरान हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्य प्रकाश पुजारी, यशोदा नंदन पुजारी ,डॉ नरोत्तम पुजारी रामचंद्र, आर्य कोऑपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष रामलाल फगेड़िया, विष्णु पुजारी धर्मवीर पुजारी ,अर्जुन पुजारी, नंदू सिंह शेखावत, मोती खीचड सुरेश पुजारी,ी विद्याधर मेघवाल, नेमीचंद प्रजापत ,मनोहर पुजारी, नितिन पुजारी, नेमीचंद प्रजापत , प्रदीप पुजारी ,राजेंद्र पुजारी निकेश पुजारी, मनोज भांजा, धनराज प्रजापत, बेगाराम ढाका, श्री राम पुजारी, महावीर सिंह पीयूष पुजारी, रमेश पुजारी, दिनेश सामोता ,ललित कौशिक सहित अनेक ग्रामीण लोग उपस्थित रह।

# चैन स्नेचिंग के मामले में जमानत आवेदन खारिज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एडीजे कोर्ट ने चैन स्नेचिंग के मामले में आरोपी का जमानत आवेदन खारिज किया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने बताया कि अविनाश, निवासी सुजानगढ़ की ओर से जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। जिस पर न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने सुनवाई करते हुए आवेदन खारिज करने के आदेश दिए। अभियोजन विभाग की ओर से अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल में

# फ़सल खराब होने पर मुआवजे व सात सूत्रीय मांग के लिए एस.डी.अम. को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के अखिल भारतीय किसान सभा नवलगढ़ कि मीटिंग आयोजित हुई जिसमे गोवर्धन मिठारवाल कि अध्यक्षता में मजदूर किसान भवन नवलगढ़ में सम्पन्न हुई. किसान सभा के तहसील सचिव धन्ना राम सैनी ने प्रेस नोट जारी कर बताया की किसान मजदूर किसान भवन से नारे लगाते हुए एस.डी.एम. कार्यालय तक किसान पहुंचे कॉमरेड हरिसिंह बुरड़क ने बताया की एस.डी.एम. कार्यालय के बाहर नारे लगाते हुए फ़सल खराब होने के कारण आठ सूत्री मांगो का एस.डी.एम.को ज्ञापन सौप कर मुख्यमंत्री से मांग क़ी बेसहारा कुतो व् पशुओं क़ी व्यवस्था कर उनसे होने वाले नुकसान का मुआवजा पीड़ित को दिया जावे अन्यथा किसान उग्र आंदोलन करेगा तहसील अध्यक्ष कॉमरेड सुभाष बुगालिया ने बताया की रबी की फ़सल 2022--23 मे फ़सल खराब का बकाया मुआवजा तुरंत प्रभाव से दिया जाये तथा ज़ीन किसानों क़ी मृत्यु हो चुकी है उनका मुआवजा उनके परिजन को दिया जाये , मुंग, मूंगफली, व् बाजरे क़ी खरीद एम.एस.पी. रेट पर क़ी जाये , सभी फसलों के बकाया बीमा क्लेम तुरंत प्रभाव से दिया जाये । जिला उपाध्यक्ष कामरेड विजेंद्र कुलहरी ने बताया कि 765 हईटेंसन विद्युत लाइन के तारों के निचे (कोरिडोर )क्षेत्र का मुआवजा 30'से बढ़ाकर 100'किया जाये , अतिव्रस्टि से हुई फ़सल खराब क़ी गिरदावरी कर तुरंत प्रभाव से मुआवजा दिया जाये , बिजली उपभोक्ताओं के लगाने वाले स्मार्ट मीटर पर रोक लगाई जाये तथा लगाए गए स्मार्ट मिटरो को हटाकर सामान्य मीटर लगाया जाये , बीमा कंपनी का पोर्टल तुरंत प्रभाव से खोला जाये ,इसमे एडवोकेट बजरंग लाल मुंड,गोरधन मिठारवाल, किसान सभा जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल महला, किसान सभा महासचिव मदन लाल यादव,श्याम लाल कालेर,हरिसिंह बुरड़क, दीपक रणवा, महावीर सिंह बुरी, विजेंद्र सिंह कुल्हरी, सुभाष बुगालिया, बजरंग लाल बुगालिया, मोहनलाल खिचड़, महिपाल कुमावत, शीशपाल सिंह महला आदि किसान मैजूद थे।



# आदर्श स्कूल मंडावा के छात्र ने राज्य स्तर पर चमक दिखाई, नेशनल लेवल के लिए चयनित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** आदर्श स्कूल मंडावा को गर्व है कि अनिल कुमार (कक्षा 12वीं), श्रीराम सिंह के सुपुत्र, ने -19 (72 चल) रेसलिंग में 69वें राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता (2025-26) में दूसरा स्थान हासिल किया, जो स्लतस मालीयों की बगिची, चिरावा में आयोजित हुई। उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप अनिल कुमार ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए भी चयन प्राप्त किया, जिससे स्कूल और मंडावा क्षेत्र का मान बढ़ा है। आदर्श स्कूल मंडावा की प्रबंधन टीम और शिक्षकगण उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरुवार
09 अक्टूबर, 2025

## सहकार सदस्यता अभियान की सादुलपुर में शुरुआत, 300 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निसं.)** क्रय-विक्रय सहकारी समिति सादुलपुर द्वारा विशेष सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान राजस्थान सरकार के सहकारिता विभाग द्वारा 2 से 17 अक्टूबर 2025 तक प्रदेशभर में चलाए जा रहे सहकार सदस्यता अभियान का हिस्सा है। समिति के अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया ने अभियान का शुभारंभ करते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य सहकार भावना को प्रबल करना और अधिक से अधिक युवाओं व महिलाओं को सहकारी तंत्र से जोड़ना है। अभियान की शुरुआत महिला एडवोकेट गायत्री पुनिया को समिति की सदस्यता देकर की गई। समिति ने इस अभियान के तहत 300 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया ने बताया कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से समिति की जड़ें और मजबूत होंगी, जिससे छोटे व्यापारियों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि 6 अक्टूबर 2025 को आयोजित आम सभा में राजस्थान राज्य सहकारी क्रय विक्रय संघ के प्रबंध निदेशक टीकम चंद बोरा ने राज्य सरकार की ओर से सहभागिता निभाई और निर्देश दिए कि अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं और युवाओं को जोड़ा जाए। इसी संदर्भ में आज सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर महेंद्र कालीरवना, विनोद पुनिया, पवन धीनदवाल, सुनील, इकबाल खा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## महाराजा अजमीढ की जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के स्वर्ण कार समाज के लोगों ने कस्बे की सोनी धर्मशाला में महाराजा अजमीढ की जयंति मनाई। समाज के उपस्थित लोगों ने महाराजा अजमीढ के चित्र पर मार्ल्यापण कर उनको याद किया। वक्ताओं ने समाज को आगे लाने के लिए युवाओं को जिम्मेदारी लेनें की बात कही। उन्होने कहा कि युवा समाज को शिक्षित बनाकर संगठित करने का कार्य करें और समाज व देश निर्माण में सहयोग के लिए आगे आए। कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जगदीश नारनौली को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। जहां पर समाज के लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके हनुमान सोनी, ओंकार मल, संजय, पवन, निरंजन, जगदीश, हीरालाल, श्याम, राम, विनोद सहित स्वर्ण कार समाज के काफ़ी लोग उपस्थित रहे।

## न्यागल में हुआ आठवां पोषण मेला, गोदभराई और छह माह पूर्ण करने वाले बच्चों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निसं.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग राजगढ़ के सेक्टर न्यागल बड़ी में मंगलवार को पोषण अभियान के अंतर्गत आठवां पोषण मेला महिला पर्यवेक्षक प्रेम कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ सीमा गहलोत ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में गोदभराई की गई, साथ ही छह माह के बच्चो का अनप्राशन संस्कार किया गया इस अवसर पर स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पोषण मेले में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार कर प्रदर्शित किए, जिनका निरीक्षण सीडीपीओ सीमा गहलोत व प्रेम कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कमलेश कृष्णा,,सहित इनको कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। मेले का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों में पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शिकायत पेटी लगवाने की घोषणा पर शुरू हुआ अमल

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्थान और शिकायत पेटी की सार्थक उपयोगिता पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** पुलिस थाना अजीतगढ़ मे बुधवार को नीमकाथाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा आपरेशन गरिमा कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्थानों पर पीड़ित मानवता की सेवार्थ लगवायें जाने वाली शिकायत पेटिका स्थान और उपयोगिता पर चर्चा की। थानाधिकारी प्रदीप शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस मौके पर सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा, संयोजक शंकर लाल शर्मा,जिला सदस्य दिनेश गोविंद शर्मा मौजूद थे।

# महर्षि परशुराम महाविद्यालय दांता में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**शेखावाटी विश्वविद्यालय की कुल 17 कॉलेज की टीमें ले रही है प्रतियोगिता में हिस्सा**

**उद्घाटन मैच केम्ब्रीज पीजी गर्ल्स कॉलेज कांवट ओर ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर के मध्य खेला गया जिसमें ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर ने 07 पोइंट से जीता मैच।**

**अनुशासन के साथ खेलते हुए खेल को खेल की भावना से खेलें - यूडीएच राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा**







जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़ सीकर(निसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन महर्षि परशुराम पीजी महाविद्यालय दांता में बुधवार को राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, एवं खंडेला विधायक सुभाष मील, भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत , सहित उपस्थित अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर, किया शुभारंभ। इस दौरान धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, प्रभु सिंह गोगावास, प्रधान प्रतिनिधि दांतारामगढ़, कैलाश कुमावत निवर्तमान नगरपालिका उपाध्यक्ष दांता, दांतारामगढ़ उपखंड अधिकारी मौनिका सामोर, पुलिस उपाधीक्षक कैलाश कंवर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे । अतिथियों के मुख्यातिथि में तथा उपस्थित मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के द्वारा श्री गणेशजी, मां सरस्वती, श्री हनुमान जी के समकक्ष द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम के दौरान महर्षि परशुराम महाविद्यालय के सचिव स्वर्गीय बालमुकुंद दीक्षित को पुष्पांजलि अर्पित की गई। आये हुए अतिथियों का निदेशक सुरेश शर्मा, ऋषिराज बालमुकुंद दिक्षित, नीलम दिक्षित, अरुणा शर्मा तथा कोलेज स्टाफ के द्वारा स्वागत सम्मान व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है और हमें खेलों के प्रति रुचि रखनी चाहिए तथा अनुशासन के साथ खेलते हुए खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। खंडेला विधायक सुभाष मील ने कहा कि आज का दौर कड़ी स्पर्धा का दौर है खिलाड़ियों को जब भी मौका मिले अपने अनुशासन के साथ अपना शत प्रतिशत देते हुए निश्चित लक्ष्य लेकर आगे बढ़े जिससे सफलता आपके कदम चूमेगी। वहीं महाविद्यालय छात्राओं तथा कमलेश राजस्थानी द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई । उसके बाद उद्घाटन मैच का विधिवत मुख्य अतिथियों द्वारा फिता काटकर शुरू किया गया । उद्घाटन मैच केम्ब्रीज पीजी गर्ल्स कॉलेज कांवट ओर ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर के मध्य खेला गया जिसमें ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर ने 07 पोइंट से मैच जीता। महाविद्यालय निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय शेखावाटी विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन 08 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक होगा, जिसमें 17 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों सहित महाविद्यालय स्टाफ, गणमान्यजन, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, महाविद्यालय के विधार्थियों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन पी डी कुमावत तथा पवन शर्मा ने किया।

**हाथीदेह के ग्राम दौलतपुरा का मामला**

## गांव में नहीं हो रही है सफाई, कचरे के लगे हुए हैं ढेर, मक्खी मच्छरों का हो रहा है प्रकोप



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम हाथीदेह के अधीन आने वाले दौलतपुरा गांव में ग्राम पंचायत द्वारा साफ सफाई नहीं कराए जाने के कारण गांव में कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिस कारण बदबू का आलम हो रहा है जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने सभी ग्राम पंचायतो को निर्देशित कर रखा है कि अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र के गांव, राजस्व गांव एवं ढाणीयो को साफ सुथरा रखना है एवं रोजाना गांव की सफाई करानी है, साथ ही नालियों की सफाई भी करानी है ताकि गंदा पानी आम रास्तों में इकट्ठा नहीं हो सके लेकिन हाथीदेह ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम दौलतपुरा में ग्राम पंचायत द्वारा साफ सफाई का कार्य नहीं कराया जा रहा है जिस कारण गंदगी का साम्राज्य तो हो ही रहा है साथ ही कीचड़ एवं गंदा पानी आम रास्ते में बह रहा है जिस कारण बदबू तो आती ही है साथ ही मक्खी व मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है जिस कारण कई बार इसकी शिकायत ग्राम पंचायत एवं प्रशासक से कर चुके हैं लेकिन फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है जिस कारण लोगों में भारी रोष प्राप्त हो रहा है, जिस कारण ग्रामीण कमलेश स्वामी, अशोक कुमार, हरी, कृष्ण कुमार, पूरणमल समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार ग्राम पंचायत व प्रशासक से कर चुके हैं लेकिन फिर भी समझ सका समाधान नहीं हो रहा है जिससे गांव के हालात खराब हो रहे हैं जिस कारण लोगों ने दोबारा ग्राम पंचायत से मांग की है की समस्या का समाधान कराया जाए ताकि लोगों की समस्या का समाधान हो सके। इस संबंध में हाथीदेह ग्राम पंचायत की प्रशासक सुशीला देवी का कहना है कि हमने कई बार सफाई ठेकेदार को इस संबंध में अवगत करा दिया ग्राम पंचायत ने उसको कई बार नोटिस भी दे दिए लेकिन अगर ग्रामीणों की शिकायत है तो गांव की सफाई व्यवस्था संबंधी समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## तीन दिवसीय कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण शिविर संपन्न



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे के मुख्य ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधीन आने वाले ट्रेनी पशुपालन विभाग के कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कस्बे की श्री कृष्ण गौशाला में संपन्न हुआ। अजीतगढ़ के मुख्य ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण पालीवाल एवं दिवराला के राजकीय अ श्रेणी पशु चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर जयप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सोमवार से अजीतगढ़ की श्री कृष्ण गौशाला में अजीतगढ़ नोडल केंद्र के अंतर्गत आने वाले चार ट्रेनी पशुपालन विभाग के कर्मचारियों को गोवंश के कृत्रिम गर्भाधान के बारे में प्रशिक्षण शुरू कराया गया था जिसमें इन कर्मचारियों को पूर्ण रूप से कृत्रिम गर्भाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिस कारण इसका समापन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर अजीतगढ़ ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण पालीवाल, दिवराला के राजकीय अ श्रेणी पशु चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर जयप्रकाश मेहरड़ा, डॉक्टर विक्रम सिंह चौधरी, पशुधन प्रसार अधिकारी महेंद्र सिंह शेखावत ने प्रशिक्षण दिया। डॉक्टर पालीवाल ने बताया कि इस अवसर पर अर्चना मीणा, सीमा यादव, अनीता चौधरी, सुमन गुर्जर को प्रशिक्षण दिया गया।

## सरदारशहर में रेल्वे विस्तार की मांग को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** क्षेत्र में वर्षों से लंबित रेल्वे विस्तार की मांग को लेकर एक आवश्यक बैठक लोक रंजन परिषद में सरदारशहर रेल विस्तार संघर्ष समिति के अध्यक्ष शोभाकान्त स्वामी की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में समिति के संयोजक एडवोकेट माणकचन्द भाटी ने अब तक किये गये प्रयासों के बारे में जानकारी दी। सरदारशहर के सभी नगर परिषद के पार्षदों, पंचायत समिति प्रधान व सभी सदस्यों, जिला परिषद के सभी सदस्यों, विधायकों व पूर्व विधायकों, सांसद व सांसद प्रत्याशी और तारानगर के पंचायत समिति प्रधान व सभी सदस्यों और वहां के पार्षदों को भी रेल विस्तार की मांग का समर्थन करते हुए समिति की तरफ से पत्र लिखकर निवेदन किया गया है। समिति संयोजक भाटी ने बताया कि सरदारशहर से प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, वित मंत्री को सरदारशहर की जनता के हाथों से दस हजार पोस्टकार्ड लिखो अभियान चलाकर भेजें जायेंगे। जिसके प्रभारी शिव रतन सोनी व शहर के पुर्व प्रमुख शिक्षाविद छगन लाल सेवदा को बनाया गया है। इस अवसर पर संयोजक एडवोकेट भाटी ने बताया कि शीघ्र ही हम जिला कलेक्टर के मार्फत केन्द्र सरकार में पद पर आसीन प्रधानमंत्री, रेल मंत्री व वित मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस अवसर पर समिति के सचिव व युवा सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्र ने सभी पदाधिकारियों व शहरवासियों से समिति के बैनर तले ही कार्य करने की अपील की हैं। जिस पर यह प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। इस दौरान शहर के प्रमुख सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने रेल सेवा विस्तार संघर्ष समिति की बाजिब रेल विस्तार की मांग का समर्थन किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शोभाकान्त स्वामी ने बताया कि धार्मिक स्थलों के कारण श्रीडूंगरगढ़ से राजगढ़ रेल सेवा वाया तोलियासर, आड़सर, सरदारशहर, भालेरी, तारानगर, ददरेवा होते हुए राजगढ़ तक रेल सेवा का विस्तार जरूरी है। इस मार्ग पर तोलियासर भैरूंजी महाराज, आड़सर जगदंबा माता, ददरेवा गोगाजी महाराज जन्मस्थली व गोगामेड़ी पावन तीर्थ जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं। इसके साथ ही सरदारशहर से दिल्ली, जयपुर और जोधपुर के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर रेल विस्तार समिति के शिवरतन सोनी, महावीर माली, महासचिव शंकर प्रेमानी, शंभुदयाल पांडिया, मुमताज टीटी, शिक्षाविद बालकृष्ण कौशिक, पीके पांडिया, दुर्गाप्रसाद चोटिया, रामप्रसाद सुथार, पुर्व वरिष्ठ पार्षद प्रमोद जोशी सहित अनेक जागरूक व्यक्तियों ने रेल विस्तार के लिए संकल्पित रहने का विश्वास जताते हुए अपने सुझाव दिये।

**रिटायर्ड कॉन्स्टेबल पिता की मौत, बेटा पेंशन उठाता रहा**

## बैंक में फर्जी जीवित प्रमाण पत्र लगाए; पड़ोसी की शिकायत के बाद गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में रिटायर्ड पुलिसकर्मी का बेटा अपने पिता की मौत के बाद भी 3 साल तक उसकी पेंशन उठाता रहा। बैंक में 3 बार फर्जी जीवित प्रमाण पत्र जमा किया। हालांकि पुलिस को भेजी पड़ोसी की एक शिकायत के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। मामला झुंझुनूं के पचेरी कलां पुलिस थाने का है। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में मृतक रिटायर्ड आरक्षी (कॉन्स्टेबल) भगवान सिंह के बेटे प्रदीप (48) को आज गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने कुल 8 लाख 20 हजार 738 रुपए का गबन किया हैं। पड़ोसी की शिकायत पर जांच शुरू हुई थानाधिकारी राजपाल ने बताया- हरियाणा निवासी राहुल ने 6 फरवरी 2025 को डाक के जरिए पचेरी कलां पुलिस थाने में शिकायत भेजी थी। बताया- राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद से रिटायर्ड उनके पड़ोसी भगवान सिंह निवासी कुलताजपुर, महेंद्रगढ़(हरियाणा) का निधन 24 सितंबर 2021 को हो गया था। इसके बाद भी भगवान सिंह का बेटा प्रदीप, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पचेरी कलां शाखा के खाते संख्या 61020907861 में अपने पिता के जीवित होने के फर्जी दस्तावेज लगाता रहा। इन झूठे दस्तावेजों से बेटा 3 सालों से लगातार पिता की पेंशन उठा रहा था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। तीन फर्जी जीवित प्रमाण पत्र लगाए थे शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। बैंक और बुहाना ट्रेजरी से पेंशन से जुड़े सभी रिकॉर्ड जुटाए गए, जिनमें फर्जीवाड़ा सामने आया। जांच में सामने आया कि प्रदीप ने अपने मृत पिता के हस्ताक्षर करके तीन फर्जी जीवित प्रमाण पत्र तैयार किए। उसने कथित तौर पर एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल को विश्वास में लेकर एक प्रमाण पत्र सत्यापित करवाया। जबकि अन्य दो पर फर्जी हस्ताक्षर और अलग-अलग स्कूलों की मोहर का इस्तेमाल किया। 8 लाख रुपए का किया गबन थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी ने कुल 8 लाख 20 हजार 738 रुपए का गबन किया है। आशंका है कि मामले में बैंक कर्मी भी शामिल हो सकते हैं। ऐसे में फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## जिला अस्पताल मे गंभीर मामले का आखिर कब तक होगा खुलासा, कब तक आएगा कमेटी का फैसला

**राजकीय ज़िला अस्पताल नवलगढ में चल रहे सनसनी कैस का खुलासा कब तक करेंगी कमेटी क्या मरीज़ को न्याय मिलेगा या बात को दबा दिया जाएगा**



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ के राजकीय जिला अस्पताल में एक सनसनी कैस आया सामने डॉ माया सैनी के द्वारा नसबंदी करने के बाद बच्चादानी में बच्चा था डॉ को पता तक नहीं चला। ओप्रेशन अगस्त में किया तब क्यों पता नहीं चला डॉक्टर को जब नसबंदी कर ही दी तों ये बच्चादानी में बच्चा केसे एक महिला के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने का काम किया गया। जब डॉ से जयपुर टाइम्स के नवलगढ संवाददाता ने बात की तो पत्रकारों को तमाशा खड़ा करने वाला बताया गया और मैं किसी प्रकार का जवाब नहीं दूंगी और फ़ोन पर किसी अन्य के आदेश पर ग़लत भाषा शैली का उपयोग किया गया पूर्व में जब मरीज़ का इलाज किया तो सुर्खीया बटोरने के लिए लोकल यूट्युब चैनल पर प्रकाशित करवाया गया आज़ सवालों के जबाब तक नहीं डॉ के पास , भाषा मे पत्रकार तमाशा खड़ा करते है इस प्रकार भाषा शैली PMO महेंद्र कुमार सबलानिया ने बताया कि ये मामला सोमवार को मेरे समक्ष आया और मेंने मरीज़ से लिखित में बयान लिए तत्पश्चात कमेटी गठित की गयी और मामले को संज्ञान में लेकर दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएं ये आदेश दिए। आमजन कब तक सहेगा ऐसे डाक्टर की मार मरीज़ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है राजकीय ज़िला अस्पताल के प्रति आमजन का विश्वास दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है एक ही डाक्टर के बार-बार शिकायतें आयी सामने पिछले दिनों मरीज़ से बहार की जांच करवाकर पैसे का आरोप लगा और आज ओप्रेशन में नसबंदी करने के पश्चात् लगभग 45 दिनों के बाद बच्चें का पता चला। इलाज में आखिर क्या किया जिसकी सुर्खियां बटोरीं गयी।